सूर्योदय 6:21 सूर्यास्त 6:34

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 9.2 न्यू | 20.0 अधि |
| धर्मशाला | 11.5 न्यू | 23.6 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 72831.94 |
| निफ्टी | 22096.75 |
| सोना 66,930 | चांदी 76,500 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार





follow us on: | धर्मशाला | शनिवार, 23 मार्च, 2024 | 10 चैत्र, विक्रमी संवत 2080 | वर्ष 1, अंक 95, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए



आज के अंक में

- किसानों के लिए वरदान बनी 'महक' योजना
- कांगड़ा की सीमाएं सील, चेकिंग जोरों पर

पृष्ठ 4 पर पढ़ें





- चुनाव कर्मियों की ड्यूटी लगाने के लिए डाटा एंट्री पर फोकस
- डीसी ने पंजाब से सटे सीमांत क्षेत्रों का किया दौरा

पृष्ठ 7 पर पढ़ें





- नलवाड़ी मेले की अंतिम संध्या में गायक गुरनाम मचाएंगे धमाल
- कैलाश खेर ने की बिलासपुर में शत-प्रतिशत मतदान की अपील

पृष्ठ 11 पर पढ़ें





- लोकसभा चुनाव लड़ने पर अभी नहीं लिया फैसला: उर्वशी रौतेला
- ग्लोबल मार्केट से मजबूती के संकेत, एशियाई बाजारों में दबाव

पृष्ठ 14 पर पढ़ें




## आज के मैच

पंजाब किंग्स vs दिल्ली कैपिटल्स

स्थान: मुल्लांपुर, समय : दोपहर 3:30 बजे

कोलकाता नाइट राइडर्स vs सनराइजर्स हैदराबाद

स्थान: कोलकाता, समय : रात 7:30 बजे

# अब क्या होगा 'आप' का केजरीवाल

## ईडी को मिला छह दिन का रिमांड

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को शुक्रवार दोपहर राउज एवेन्यू कोर्ट में स्पेशल सीबीआई जज कावेरी बवेजा की अदालत में पेश किया। कोर्ट ने ईडी की रिमांड याचिका पर सुनवाई की। स्पेशल कोर्ट ने ईडी की डिमांड पर केजरीवाल को 28 मार्च तक छह दिन के रिमांड पर भेज दिया है। आम आदमी पार्टी का अब क्या होगा यह देखने वाली बात होगी।

इससे पहले केजरीवाल ने ईडी द्वारा गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली अपनी याचिका सुप्रीम कोर्ट से वापस ले ली थी। केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि केजरीवाल सुप्रीम कोर्ट में याचिका वापस ले रहे हैं क्योंकि इसमें रिमांड से टकराव हो रहा है।

ईडी ने लंबी जद्दोजहद के बाद गुरुवार रात केजरीवाल के सरकारी आवास पर छापेमारी कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। ईडी की टीम केजरीवाल के सरकारी आवास पर करीब 4 घंटे चले सर्च ऑपरेशन के बाद देर रात उन्हें अपने साथ ले गई। शराब घोटाला केस में ईडी की 16वीं गिरफ्तारी है।



राउज एवेन्यू कोर्ट में अरविंद केजरीवाल को पेश करती ईडी की टीम।

### होली नहीं मनाएगी 'आप', करेगी पीएम आवास का घेराव

**मुख्यमंत्री** अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी ने बड़ा फैसला लिया है। पार्टी ने ऐलान किया है कि वो केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में इस बार होली नहीं बनाएगी। 'आप' के वर्कर 26 मार्च को पीएम आवास का घेराव करेंगे। वहीं केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने एक्स पर लिखा कि मोदी जी ने सत्ता के अहंकार में 3 बार चुने हुए मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करवाया, यह दिल्ली के लोगों के साथ धोखा है।

### केजरीवाल की गिरफ्तारी अपने कर्मों की वजह से हुई : अन्ना हजारे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। अन्ना हजारे इन दिनों अहमद नगर (महाराष्ट्र) में हैं। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी अपने कर्मों की वजह हुई है। अन्ना हजारे ने कहा, 'मैं इस बात से बहुत परेशान हूं कि अरविंद केजरीवाल, जो मेरे साथ काम करते थे, शराब के खिलाफ आवाज उठाते थे, अब शराब नीतियां बना रहे हैं। अपने ही कर्मों की वजह से उनकी गिरफ्तारी इसलिए हुई है।'



### सड़कों पर उतरी आम आदमी पार्टी आतिशी-सौरभ भारद्वाज हिरासत में



**नई दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आज आम आदमी पार्टी सड़कों पर उतर आई। प्रदर्शन कर रहे पार्टी के वरिष्ठ नेता आतिशी और सौरभ भारद्वाज को पुलिस हिरासत में लिया गया है। आप नेताओं का आरोप है कि पुलिस शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन भी नहीं करने दे रही है। आप नेताओं का कहना है कि पुलिस ने गुरुवार रात से ही आम आदमी पार्टी के नेताओं को हाउस अरेस्ट करना शुरू कर दिया था,ताकि वे प्रदर्शन न कर सकें।

अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर मंत्री आतिशी ने कहा, 'यह पहली बार है कि किसी मौजूदा मुख्यमंत्री को केंद्र सरकार ने गिरफ्तार किया है। देश के इतिहास में यह पहली बार है कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद किसी राष्ट्रीय पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक को गिरफ्तार किया गया है।

### केजरीवाल का जेल से सरकार चलाना लोकतंत्र का अपमान : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय( ईडी) द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने के बाद उन्हें नैतिक आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए, लेकिन अरविंद केजरीवाल जेल से सरकार चलाने की बात कह रहे हैं, वह दिल्ली के लोगों, कानून और लोकतंत्र का अपमान है।
यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक राजनीतिक दल जो कांग्रेस के भ्रष्टाचार के बारे में बोलता था और सोनिया गांधी की गिरफ्तारी की मांग करता था, उसने 9 समन के बाद भी ईडी के सामने पेश होने से इनकार कर दिया ।

### केजरीवाल को सीएम पद से हटाने के लिए याचिका

**केजरीवाल** को मुख्यमंत्री पद से हटाने के लिए हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। ईडी की ओर से गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल ने अभी तक मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया है। हाई कोर्ट में यह जनहित याचिका सुरजीत सिंह यादव की ओर से दाखिल की गई है। केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद 'आप' के नेता यह कहते हुए नजर आए हैं कि वह जेल से ही सरकार चलाएंगे, इस्तीफा नहीं देंगे।

# तीन निर्दलीय विधायकों ने विधानसभा से दिया इस्तीफा







**अरविंद शर्मा, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में शुक्रवार को बड़ा सियासी घटनाक्रम हुआ है। यहां पर राज्यसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी को वोट देने वाले तीन निर्दलीय विधायकों ने विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। करीब 25 दिन बाद हिमाचल लौटे इन निर्दलीय विधायकों ने शिमला में विधानसभा सचिव को अपना इस्तीफा सौंपा है।

हमीरपुर सदर से निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा, नालागढ़ से कृष्ण लाल ठाकुर और देहरा से होशियार सिंह ने विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इस दौरान तीनों निर्दलीय विधायकों ने राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को बताया कि विधानसभा अध्यक्ष से उनकी भेंट नहीं होने के कारण उन्होंने अपने त्याग पत्र विधानसभा के सचिव को दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

### क्या अब 9 सीटों पर होंगे उपचुनाव

प्रदेश में बागी विधायकों की सदस्यता रद्द कर दी गई है। ऐसे में लोकसभा चुनाव के साथ एक जून को इन छह (धर्मशाला, लाहौल-स्पीति, बड़सर, कुटलैहड़, गगरेट और सुजानपुर) विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होंगे, लेकिन अब देहरा, हमीरपुर सदर और नालागढ़ के विधायकों के इस्तीफे के बाद चर्चा हो रही है कि क्या अब नौ सीटों पर प्रदेश में उपचुनाव होंगे। हालांकि, तीन सीटों पर अभी चुनाव आयोग की तरफ से घोषणा होगी, तभी चुनाव करवाए जाएंगे।

### विधानसभा अध्यक्ष ने कहा, इस्तीफे स्वीकार नहीं

हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि तीन निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे स्वीकार नहीं किए हैं। हमें उनके इस्तीफे मिल गए हैं, लेकिन हम इसके लिए नियमों और सांविधानिक प्रावधानों की जांच कर रहे हैं।

### एल्विश यादव को मिली जमानत

**नोएड ।** गौतम बुद्ध नगर की एक अदालत ने रेव पार्टी में सांपों के जहर की आपूर्ति करने के आरोप मे गिरफ्तार किए गए बिग बॉस विजेता एवं जाने-माने यूट्यूबर एल्विश यादव और उसके दो साथियों ईश्वर और विनय को शुक्रवार को जमानत दे दी।

पुलिस ने एल्विश को बीते रविवार को उस समय गिरफ्तार किया था, जब वह नोएडा के सेक्टर 29 में किसी से मिलने आया था। एल्विश के वकील उमेश भाटी ने बताया कि तीनों को अदालत ने 50-50 हजार रुपए के निजी मुचलके पर जमानत पर रिहा किया है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### के.कविता की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका खारिज

**नई दिल्ली :** तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी और विधायक के. कविता की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कविता को बेल के लिए पहले ट्रायल कोर्ट में याचिका लगानी होगी। दरअसल, दिल्ली शराब नीति घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने के कविता को 15 मार्च को हैदराबाद से 8 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। फिलहाल वह ईडी की कस्टडी में हैं।

### भाजपा की लोकसभा चुनाव के लिए चौथी लिस्ट जारी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की चौथी लिस्ट जारी कर दी है। चौथी लिस्ट में पुडुचेरी और तमिलनाडु से लोकसभा उम्मीदवारों के नाम जारी किए गए हैं। पुडुचेरी लोकसभा सीट पर बीजेपी ने ए. नमस्सिवयम को अपना उम्मीदवार बनाया है। इस सीट पर फिलहाल कांग्रेस का कब्जा है। लिस्ट में तमिलनाडु के 15 उम्मीदवारों के नाम हैं। बता दें कि 7 चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव-2024 का पहला राउंड 19 अप्रैल को है। तमिलनाडु और पुडुचेरी में लोकसभा चुनाव के लिए 19 अप्रैल को ही वोट डाले जाएंगे।


अनंत ज्ञान

**अनुभवी स्टाफ चाहिए**

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**

प्रूफ रीडर, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर एवं उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

**डिजिटल मीडिया**

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

**मार्केटिंग विभाग**

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

**सर्कुलेशन विभाग**

अनंत ज्ञान अखबार को प्रचार और प्रसार के लिए कुशल और अनुभवी सर्कुलेशन एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com


## मंडी में सड़क हादसा

# अनियंत्रित जीप 400 मीटर खाई में गिरी, तीन की मौत



दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी और दुर्घटनास्थल पर तीनों व्यक्तियों के शव।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**मंडी** से कुल्लू वाया कमांद-कटौल-टिहरी सड़क पर शुक्रवार सुबह बरोगी के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है।

ये लोग पनीर की सप्लाई लेकर आ रहे थे और कमांद से 8 किलोमीटर आगे इनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गई। पुलिस ने तीनों के शव कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। बोलेरो जीप सुबह चार बजे कमांद की ओर पनीर की सप्लाई लेकर आ रही रही थी। कमांद के बरोगी में अचानक जीप अनियंत्रित होकर लगभग 400 मीटर खाई में जा गिरी, जिसमें तीन लोग सवार थे, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई।

मृतकों की पहचान बशीर अली (23) निवासी रोपड़, सलीम निवासी पिंजोर व आजम (28) निवासी रुड़की के रूप में हुई है।

# हाई कोर्ट ने डीजीपी से पूछा-पुलिस थानों में क्या सही स्थानों पर लगाए गए हैं सीसीटीवी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो,**

**प्रदेश** हाई कोर्ट ने पुलिस थाना और चौकियों में सीसीटीवी लगाने से जुड़े मामले में डीजीपी से पूछा कि क्या सीसीटीवी उचित स्थान पर लगाए गए हैं।

कोर्ट ने पूछा है कि क्या पुलिस थानों में स्थापित सीसीटीवी कैमरे ऐसे स्थानों पर लगाए गए हैं जिससे मानवाधिकार उल्लंघन के मामले रिकॉर्ड हो सके। कोर्ट ने डिस्ट्रिक्ट लेवल ओवरसाइट कमेटियों को आदेश दिए हैं कि वे समय-समय पर सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा कर पता लगाए कि क्या पुलिस स्टेशनों में मानवाधिकारों का उल्लंघन तो नहीं हो रहा है।



थानों में मानवाधिकारों का उल्लंघन तो नहीं हो रहा

कोर्ट ने स्टेट लेवल ओवरसाइट कमेटी की लंबे अंतराल के बाद बैठकों के आयोजन को गंभीरता से लेते हुए इन बैठकों का समय-समय पर आयोजन करने के आदेश भी दिए।

मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायाधीश ज्योत्सना रिवाल दुआ की खंडपीठ ने उपरोक्त आदेशों की अनुपालना रिपोर्ट सौंपने के आदेश भी दिए। उल्लेखनीय है कि हाई कोर्ट ने पुलिस स्टेशनों में सीसीटीवी की स्थापना के मुद्दे पर राज्य स्तरीय निरीक्षण समिति को 5 बिंदुओं पर हलफनामा दाखिल करने के आदेश दिए थे।

### अमरनाथ यात्रा 29 जून से



जम्मू। अमरनाथ यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए खुशखबरी है। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में वार्षिक अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होने की संभावना है। यह 52 दिवसीय वार्षिक तीर्थयात्रा 19 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन समाप्त होगी। उपराज्यपाल एवं अमरनाथ श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष मनोज सिन्हा ने यात्रा की व्यवस्था और तैयारियों पर चर्चा के लिए राजभवन में एक बैठक की अध्यक्षता की।

यात्रा के लिए पंजीकरण अगले महीने के अंत में विभिन्न बैंकों की शाखाओं में शुरू होने की उम्मीद है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष बालटाल और पहलगाम मार्गों से एक जुलाई को शुरू हुई अमरनाथ यात्रा के दौरान 4.5 लाख तीर्थयात्रियों ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए थे।

### एयर इंडिया को 80 लाख का जुर्माना

नई दिल्ली : विमानन नियामक ने उड़ान शुल्क समय नियमों का उल्लंघन करने पर एयर इंडिया पर 80 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। एयर इंडिया ने कुछ उड़ानें 60 वर्ष से अधिक आयु के दोनों फ्लाइट क्रू सदस्यों के साथ तय की। जो विमान नियम, 1937 के नियम 28 ए के उप नियम (2) का उल्लंघन है। इस तरह के उल्लंघन उड़ान सुरक्षा और यात्री कल्याण के लिए गंभीर जोखिम पैदा करते हैं।





### ओडिशा में अकेले चुनाव लड़ेगी भाजपा

**नई दिल्ली ।** ओडिशा में बीजेपी-बीजेडी गठबंधन को लेकर स्थिति साफ हो गई है। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन समाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साफ किया कि बीजेपी ओडिशा में अकेले ही लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ेगी। काफी वक्त से दोनों दलों के बीच गठबंधन को लेकर बातचीत चल रही थी, लेकिन सीटों के बंटवारे पर मामला अटक गया।

मनमोहन समाल ने कहा ओडिशा की बीजेडी पार्टी केंद्र की मोदी सरकार के अनेक राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर समर्थन देती आई है, इसके लिए उनका आभार। बीजेपी इस बार लोकसभा की सभी 21 सीटों और विधानसभा की सभी 147 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी।

**उपलब्धि** पृथ्वी पर वापस लाकर दोबारा किया जा सकता है इस विमान का प्रयोग

# इसरो के 'पुष्पक विमान' की सफल लॉन्चिंग

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार सुबह कर्नाटक के चित्रदुर्ग में 'पुष्पक विमान' को सफलतापूर्वक लांच करवाया। इसरो ने एक्स हैंडल पोस्ट में यह जानकारी दी। 'पुष्पक विमान' एसयूवी के साइज का पंखों वाला रॉकेट है।

इसे 'स्वदेशी स्पेश शटल' भी कहा जा रहा है। यह रीयूजेबल विमान है। इसे पृथ्वी पर वापस लाकर दोबारा इस्तेमाल किया जा सकता है। यह टेस्ट चित्रदुर्ग के एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज (एटीआर) में सुबह 7:10 बजे किया गया। 'पुष्पक विमान' को वायुसेना के हेलिकॉप्टर चुनूक से 4.5 किलोमीटर की ऊंचाई से छोड़ा गया।





'पुष्पक विमान' को लॉन्च करना भारत के स्पेस मिशन को किफायती करने की दिशा में बड़ा कदम हैं। इस स्पेस शटल को तैयार करने का काम 10 साल पहले शुरू हुआ था। इस पर इंजीनियर्स और वैज्ञानिकों की टीम ने दिन-रात किया है।



**-एस सोमनाथ, इसरो चीफ**

### तीसरे प्रयास में 'पुष्पक विमान' का सफल टेस्ट

**'पुष्पक विमान'** की यह तीसरी फ्लाइट थी। 2016 में 'पुष्पक विमान' का पहला टेस्ट किया था, जब इसे बंगाल की खाड़ी में एक वर्चुअल रनवे पर लैंड कराया गया। हालांकि यह सफल नहीं हो सका। दूसरा टेस्ट 2023 में हुआ था, जब इसे लैंडिंग के लिए चिनूक हेलिकॉप्टर से ड्रॉप किया गया, लेकिन तब भी यह असफल रही था।

### ये हैं खासियतें

- पुष्पक 6.5 मीटर लंबा और 1.75 टन वजनी एयरोप्लेन जैसा स्पेसक्राफ्ट रॉकेट है। ये बाकी के रॉकेट के स्टेज के साथ अंतरिक्ष में भेजा जा सकता है।
- स्पेस से मिशन पूरा करने के बाद रॉकेट जब पृथ्वी की ओर लौटेगा, तो इसमें एक छोटा सा थ्रस्ट दिया जा सकता है। इसके जरिए यह वहीं लैंड करेगा, जहां इसरो इसे करवाना चाहेगी।
- केंद्र सरकार ने इस प्रोजेक्ट पर 100 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। सरकार का मकसद रि-यूजेबल रॉकेट तैयार करना है, ताकि भविष्य के मिशन पर होने वाले खर्च को कम किया जा सके।

### यूपी मदरसा बोर्ड एक्ट-2004 रद्द

**लखनऊ ।** इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट-2004 को असंवैधानिक करार दिया। कोर्ट ने कहा यह एक्ट धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के खिलाफ है। कोर्ट ने यूपी सरकार को मदरसे में पढ़ने वाले छात्रों को बुनियादी शिक्षा व्यवस्था में समायोजित करने का निर्देश दिया है। मदरसों की जांच के लिए यूपी सरकार ने अक्तूबर 2023 में एसआईटी का गठन किया है। एसआईटी की टीम मदरसों को हो रही विदेशी फंडिंग की जांच कर रही है।

उत्तर प्रदेश में अभी करीब 24 हजार मदरसे चल रहे हैं। इसमें करीब 16,500 मदरसे यूपी मदरसा शिक्षा बोर्ड के द्वारा रजिस्टर्ड हैं। अंशुमान सिंह राठौड़ व अन्य ने याचिका दाखिल कर एक्ट को चुनौती दी थी।

### देश के सबसे लंबे निर्माणाधीन पुल का हिस्सा गिरा, एक की मौत

**एजेंसी, सुपौल**



बिहार में सुपौल जिले के बकौर और मधुबनी जिले के भेजा को जोड़ने वाले कोसी नदी पर निर्माणाधीन देश के सबसे लंबे पुल का एक हिस्सा चंदेल मरीचा के निकट ढह जाने से एक मजदूर की मौत हो गई तथा नौ अन्य घायल हो गए। जिलाधिकारी कौशल कुमार ने शुक्रवार को यहां बताया कि सुपौल जिला के चंदेल मरीचा के पास निर्माणाधीन पुल के पियर (पुल के दो खम्भों के बीच का हिस्सा) संख्या 153 और 154 ढह गए। इस दुर्घटना में 10 लोग घायल हो गए।

घायलों को अस्पताल ले जाने के क्रम में एक मजदूर की मौत हो गई। अन्य घायलों को सदर अस्पताल सुपौल में भर्ती कराया गया है। उल्लेखनीय है कि 10.2 किलोमीटर लंबे इस पुल का निर्माण केंद्रीय एजेंसियों द्वारा भारतमाला परियोजना के तहत 1200 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। निर्माण वर्ष 2023 तक पूरा होना था।

हालांकि कोविड और बारहमासी बाढ़ के कारण इसके पूरा होने की समय सीमा बढ़ा दी गई है। इस पुल के बन जाने से सुपौल और मधुबनी के बीच की दूरी 30 किमी कम हो जाएगी।

## इंद्रदत्त लखनपाल को अवैध निर्माण मामले में एमसी का नोटिस

**शिमला।** अयोग्य घोषित कांग्रेस विधायक इंद्रदत्त लखनपाल को अवैध निर्माण से जुड़े मामले में नोटिस जारी किया गया है। उन्हें 23 मार्च, यानि शनिवार सुबह शिमला के चक्कर स्थित कोर्ट में होने वाली आयुक्त की अदालत में पेश होने के लिए नोटिस जारी किया गया है। नगर निगम प्रशासन के अनुसार मामला साल 2014 का है। वहीं, सरकार द्वारा की जा रही त्वरित कार्रवाई को लेकर इंद्र दत लखनपाल ने सरकार पर तंज कसा है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर तंज कसते हुए लखनपाल ने लिया है कि आज हुजूर की ओर से फरमान आया है। 253 का नोटिस दिया है। बताओ तुम्हारा घर क्यों न तोड़ दिया जाए। लखनपाल ने कहा कि मेरा घर तो लोगों के दिलों में है।

# भाजपा में शामिल होंगे बागी!

## तीन निर्दलीय विधायकों को भी जोड़ने की पूरी तैयारी

अरविंद शर्मा, शिमला

हिमाचल प्रदेश की सियासत बीते तीन हफ्तों से जिन बागियों के इर्द गिर्द घूम रही है। वह अब भगवा चोला ओढ़ने वाले हैं। गुरुवार रात को हिमाचल कांग्रेस के छह बागी और तीन निर्दलीय विधायक दिल्ली में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के घर पहुंचे थे, जहां एक घंटे से ज्यादा के करीब मुलाकात हुई। इस दौरान बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल भी मौजूद थे।

बीजेपी के साथ बागियों के इस मेल-मुलाकात का श्रेय नए नवेले राज्यसभा सदस्य हर्ष महाजन को जाता है। राज्यसभा चुनाव से शुरू हुआ यह सियासी ड्रामा अब अंजाम तक पहुंचने वाला है। गुरुवार को जेपी नड्डा के साथ हुई मुलाकात के बाद साफ है कि ये छह विधायक जल्द से जल्द बीजेपी ज्वाइन कर सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक शुक्रवार शाम तक दिल्ली में ये बागी विधायक केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की मौजूदगी में भाजपा में शामिली हो जाएंगे। तीन निर्दलीय विधायकों के भी भाजपा के रंग में रंगने की पूरी उम्मीद है।

धर्मशाला से विधायक चुने गए सुधीर शर्मा के अलावा सुजानपुर से राजेंद्र राणा, लाहौल-स्पीति से रवि ठाकुर, बड़सर से इंद्र दत्त लखनपाल, कुटलैहड़ से देवेंद्र कुमार भुट्टो, गगरेट से चौतन्य शर्मा ने राज्यसभा चुनाव के दौरान क्रॉस वोटिंग की थी। ये सभी अब बीजेपी में शामिल होने वाले हैं। इसके अलावा तीन निर्दलीय विधायकों में हमीरपुर सीट से विधायक आशीष शर्मा, देहरा से होशियार सिंह और नालागढ़ से केएल ठाकुर ने भी राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस की बजाय बीजेपी उम्मीदवार को वोट दिया था। माना जा रहा है कि ये तीनों भी बीजेपी का दामन थाम सकते हैं। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस चार और दो निर्दलीय विधायक हैं, जो भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

इन सभी छह विधायकों के संबंध में देश और प्रदेश की राजनीति में अहम भूमिका निभाने वाले सांसद और केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर की सहमति भी अति महत्वपूर्ण है। (अनंत ज्ञान)

# छोटे बच्चों की काउंसलिंग जरूरी

## कच्ची मिट्टी की तरह होते हैं बच्चे, जैसे ढालेंगे वैसे ही बन जाएंगे

आर मोहन चौहान, सोलन

**केंद्रीय** शिक्षा मंत्रालय की तरफ से देशभर में चल रहे कोचिंग सेंटर्स के लिए जारी नई गाइडलाइन को लेकर संचालकों की मिलीजुली प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। सोलन में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करवाने वाले राहुल आईएएस कोचिंग सेंटर्स के संचालक राहुल देओ ने नई गाइडलाइन को लेकर बेबाकी से अपनी प्रतिक्रिया दी। उनका कहना है कि देश बड़े शहरों में कोचिंग सेंटर्स की भरमार है, पर इसकी गुणवत्ता और विश्वसनीयता को लेकर सवाल उठते रहते हैं। ऐसे में गाइडलाइन की पालना करना बेहद जरूरी है। (अनंत ज्ञान)



राहुल आईएएस कोचिंग सेंटर्स सोलन के संचालक राहुल देओ।

### मानसिक परेशानी-आत्महत्या जैसे मामले चिंता का विषय

**गाइडलाइन** में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के कोचिंग सेंटरों में नहीं भेजने के सवाल पर राहुल देओ ने कहा की छोटे बच्चों को भी काउंसलिंग की जरूरत होती है। बच्चे कच्ची मिट्टी की तरह होते हैं। उन्हें जिस तरह ढालेंगे वे वैसे ही बन जाएंगे। गाइडलाइन की पालना पर पूछे गए सवाल में राहुल ने कहा की सरकार ने किसी आधार पर ही गाइडलाइन जारी की है। कई बड़े कोचिंग सेंटर में बच्चों द्वारा आत्महत्या और मानसिक परेशानी को लेकर खबरे आती रहती हैं, जो कि चिंता का विषय है। इसके कारणों को समझना होगा साथ ही हल भी निकलने चाहिए।



### पंजीकरण और फीस की रसीद देना सही

**राहुल** देव का कहना है कि कोचिंग संस्थान पंजीकरण होना चाहिए, ताकि इसकी प्रमाणिकता बनी रहे। साथ ही स्टूडेंट्स से ली जाने वाली फीस की रसीद देने का निर्णय सही है। इससे यदि किसी कारण वश स्टूडेंड सेंटर छोड़ना भी चाहे तो उसे फीस रिफंड करने में आसानी रहेगी। उन्होंने पाठ्यक्रम बीच में ही छोड़ देने के बाद दस दिन के भीतर फीस रिफंड करने का प्रावधान को भी सही ठहराया। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्रेशन न कराने और नियम तथा शर्तों का उल्लंघन करने के लिए किए प्रावधानों को उचित बताया। उन्होंने कहा कि जांच जरूरी है, पर ज्यादा सख्ती भी ठीक नहीं। हालांकि परीक्षा और सफलता के दबाव को लेकर छात्रों की परेशानी दूर करने के लिए उन्हें मनोवैज्ञानिक और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सहायता जरूरी है।

**भ्रामक विज्ञापनों से सावधान रहें अभिभावक**

**राहुल** का मानना है कि नई गाइडलाइंस के चलते कोचिंग की तादाद नहीं घटेगी, बल्कि गुणवत बढ़ जाएगी। गुणवत्ता होगी तो परिणाम अच्छे ही आएंगे। सिर्फ एडमिशन लेने के लिए अच्छी रैंक की गारंटी देना भी उचित नहीं है। शुरू में बच्चा पढ़ाई में कैसा है। उसकी रुचि संबंधित क्षेत्र में है भी या नहीं। यह देखना जरूरी है। गुमराह करने वाले भ्रामक विज्ञापन भी अभिभावकों को प्रभावित करते हैं। इससे बचना बेहद जरुरी है। इस पर सरकार की जांच जरूरी है।

## न्यूज ब्रीफ

### दहेज की मांग और आत्महत्या के मामले में वांछित सास दबोची

**सोलन।** दहेज की मांग को लेकर बहु को प्रताड़ित करने और आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में अदालत से सात साल की सजा पाने वाली सास को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वह छह वर्ष से भूमिगत थी, जिससे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल पहुंचा दिया। जानकारी के मुताबिक सर्वोच्च अदालत द्वारा आरोपी सास को सजा सुनाने के बाद पुलिस तीस से ज्यादा बार उसकी गिरफ्तार के लिए संभावित ठिकानों तक पहुंची, लेकिन वह चकमा देकर गायब हो जाने में कामयाब रही। अब पुलिस ने आरोपी शारदा पुरवार को गिरफ्तार करके अदालत के सामने पेश किया, जहां से उसे सात साल की सजा काटने के लिए शिमला की कंडा जेल भेज दिया गया। सोलन के एसपी गौरव सिंह ने खबर की पुष्टि की है।

### शिमला में कार से नशीले टैबलेट बरामद, चार व्यक्ति गिरफ्तार

**शिमला।** शिमला की ढली पुलिस ने कार सवार चार व्यक्तियों को नशीली दवा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से प्रतिबंधित नशीली दवा नाइट्रोपजम के 47 टैबलेट बरामद हुए हैं। पुलिस के मुताबिक कार में सवार ये तस्कर गुरुवार देर शाम मशोबरा से शिमला की तरफ आ रहे थे कि चलौंठी के पास नाकेबंदी के दौरान पुलिस ने कार (एचपी09सी-7174) को रोका और तलाशी के दौरान उक्त मात्रा में नशीले कैप्सूल बरामद हुए। पुलिस ने कार सवार चार व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी शिमला संजीव गांधी ने बताया कि नशीले टेबलेट के साथ पकड़े गए आरोपियों की पहचान शिमला के ठियोग निवासी रविंद्र व विवेक और कोटखाई निवासी राहुल के रूप में हुई है।

### राजगढ़ में पुलिस ने बरामद किया 6.02 ग्राम चिट्टा, मामला दर्ज

**राजगढ़।** राजगढ़ के कोटली में पुलिस ने एक व्यक्ति से लगभग 6.02 ग्राम चिट्टा पकड़ने में सफलता हासिल की है। जानकारी के



अनुसार सिरमौर पुलिस के स्पेशल डिडेक्शन पुलिस दल ने राजगढ़ में कार में सवार एक व्यक्ति से 6.02 ग्राम चिट्टा पकड़ने में सफलता हासिल की। पुलिस ने राजगढ़-सोलन सड़क पर कोटली के पास गुप्त सूचना के आधार पर एक गाड़ी की तलाशी ली। इस दौरान गाड़ी में 6.02 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस उप अधीक्षक वीएस नेगी ने बताया कि गाड़ी में बैठे आरोपी संदीप निवासी हड़ेच राजगढ़ के खिलाफ मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### जोलसप्पड़ में ट्रक से टकराई कार खाई में गिरी, छह लोग घायल

**रंगस।** जोलसप्पड़ के नजदीक कैंचीमोड के पास शुक्रवार को हुई सड़क दुर्घटना में करीब छह लोग घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के




लिए मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह के समय एक कार नंबर (एचपी 34 ई-6050) हमीरपुर से नादौन की ओर जा रही थी, जो कैंचीमोड के पास तीखे मोड़ पर सामने से आ रहे ट्रक नंबर (एचपी 67 ए-2267) से टकरा गई, टकराने के बाद यह अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी, जिस कारण उसमें बैठे करीब छह लोगों को काफी चोटें आई हैं। घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के लिए उपचार के लिए भिजवाया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

## कालाअंब लैड उद्योग पर डीजीजीआई की रेड, घर-फैक्ट्री पर टीम का पहरा

अनंत ज्ञान, नाहन

जिला सिरमौर के औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब मैंन थाप्पल स्थित लैड उद्योग पर डायरेक्टेड जनरल ऑफ गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स इंटेलिजेंस ने छापा मारा है। जानकारी के अनुसार पांच सदस्यों की डीजीजीआई टीम के सदस्यों ने सुबह करीब 8:00 बजे के आसपास फैक्ट्री में धावा बोल दिया था।

यही नहीं, इंटेलिजेंस टीम का एक दल दिल्ली स्थित फैक्ट्री के एक पार्टनर के घर पर भी दबिश देने पहुंचा था। सूत्रों की मानें तो मामला करोड़ों के जीएसटी टैक्स चोरी का बताया जा रहा है। बता दें कि खबर लिखे जाने तक कार्रवाई जारी थी। इंटेलिजेंस टीम द्वारा फैक्ट्री में छापे मारी करते हुए पूरी फैक्ट्री को सील कर दिया गया था। यही नहीं, फैक्ट्री में मौजूद तमाम कर्मचारियों के मोबाइल आदि कब्जे में लेकर रिकॉर्ड खंगाला गया। जानकारी तो यह भी है कि इस लेड उद्योग पर करीब तीन महीने पहले और उससे पहले भी सेंट्रल एक्साइज द्वारा रेड की जा चुकी है। यही नहीं, पाई गई कुछ अनियमितताओं को लेकर करीब दो करोड़ के आसपास जुर्माना भी वसूला गया था। डीजीजीआई को इनपुट मिला कि फर्जी फर्म दिखाकर भारी भरकम टैक्स चोरी किया जा रहा है। उधर, फैक्ट्री के पार्टनर विक्रम का कहना है कि उन्हें डीजीजीआई द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है।

# नालागढ़ में हाइप्रोफाइल सट्टा

## होटल में पुलिस की दबिश; 35 युवक-युवतियां गिरफ्तार, चिट्टा भी बरामद

अनंत ज्ञान, बीबीएन

नालागढ़ के नामी निजी होटल में हाइप्रोफाइल सट्टे का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस ने वीरवार देर रात दबिश देकर बाहरी राज्यों से आए युवकों व युवतियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 3,72,380 रुपए, बाहरी राज्य की शराब व चिट्टा भी बरामद किया।



पुलिस ने आरोपी व्यक्तियों व युवतियों को गिरफ्तार कर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और मामले की आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। जानकारी के अनुसार वीरवार देर रात नालागढ़ बस स्टैंड से एक किलोमीटर की दूरी पर निजी होटल में हाइप्रोफाइल सट्टा खेला जा रहा था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि होटल में हाइप्रोफाइल सट्टा खेला जा रहा है और कई युवतियों को भी बुलाया गया है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी बद्दी राकेश राय की अगुआई टीम ने होटल में वीरवार देर रात करीब डेढ़ बजे दबिश दी। पुलिस को देख होटल में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने मौके से 3.72 लाख रुपए कैश, बाहरी राज्यों की शराब व एक युवक के पास से चिट्टा भी बरामद किया है। होटल में हाइप्रोफाइल सट्टा खेलने के लिए बाहरी राज्यों से लोग आए थे, जिसमें दिल्ली, चंडीगढ़, पंचकूला, उत्तराखंड समेत अन्य के लोग शामिल थे। जिला बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने बताया कि 35 युवक व युवतियों को गिरफ्तार किया है, जो कि जुआ खेल रहे थे। उन्होंने बताया कि आरोपियों के पास से 3.72 लाख रुपए भी बरामद किए हैं। उन्होंने कहा कि मामला जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है और मामले की आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### होटल में जुआ खेलते चार लोग पकड़े

**सोलन।** थाना परवाणू की एक टीम जब गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए चक्की मोड़ स्थित होटल के पास मौजूद थी। इस होटल से शोर की आवाजें सुनाई दीं, जिस पर पुलिस टीम उपरोक्त होटल में पहुंची तो होटल के टैरिस पर चार व्यक्ति तीन टेबल के ऊपर ताश पत्तों व कैसीनों टोकनों के माध्यम से करंसी नोटों पर दाव लगाकर जुआ खेल रहे थे। पुलिस टीम ने इन चारों व्यक्तियों को काबू कर लिया। इसमें वेद प्रकाश कालका, सुशील रावत पिजौर, सचिन कुमार टिब्बी मोहल्ला कालका तथा अनूप सिंह पटियाला पंजाब शामिल थे। पुलिस ने आरोपियों से कुल नकदी 34,80 रुपए, 1458 कैसीनो टोकन तथा दो चेक 1,05,000 रुपए के व 2,00,000 रुपए, कुल 4.5 लाख से ज्यादा पाया गया है, जिसे जब्त किया गया है। इन आरोपियों को अभियोग में गिरफ्तार करके कानूनी प्रावधानों के तहत जमानत पर रिहा किया गया है। अभियोग की आगामी जांच जारी है।

### सत्ता लोभ में जयराम कर रहे जनादेश का अपमानः बाली

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के चेयरमैन रघुबीर सिंह बाली ने



कहा कि नेता विपक्ष जयराम ठाकुर, सत्ता के बिना मछली की तरह छटपटा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव-2020 में प्रदेश के मतदाताओं ने भाजपा को विपक्ष में बैठने का जनादेश दिया, लेकिन नेता प्रतिपक्ष इस जनादेश को पचा नहीं पा रहे हैं। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार के गठन के बाद से ही भाजपा नेता ऑपरेशन लोटस की बात बार-बार खुलेआम दोहरा रहे हैं और वर्तमान राज्य सरकार को अस्थिर करने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर को सत्ता लोभ छोड़कर जनादेश को खुले मन से स्वीकार करना चाहिए।

### एक देश एक चुनाव देश के लिए जरूरीः शांता कुमार

**पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने कहा कि एक देश एक चुनाव आज के भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण विशय है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने रिपोर्ट दी है। इसे शीघ्र लगू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूरे देश के चुनाव एक बार करना बिलकुल संभव है। आजादी के 20 साल बाद 1967 तक देश के चार चुनाव इकट्ठे हुए थे। मैं 1952 के पहले चुनाव से राजनीतिक कार्य करता रहा। मुझे याद है लोकसभा और विधानसभा के चुनाव



इकट्ठे होते थे। लोकसभा के पार्टी उम्मीदवार को बहुत कम खर्च करना पड़ता था। क्योंकि उसकी पार्टी के नीचे के विधान सभा के उम्मीदवार उसके लिए भी काम करते थे। इस कारण खर्च कम होता था। शांता कुमार ने कहा कि 1967 के बाद चुनाव का पूरा चक्र बिगड़ गया। अब पूरे पांच साल देश में कहीं न कही चुनाव होते रहते है और धन बहुत अधिक खर्च होता है।

### शूलिनी और न्यूकैसल-अपॉन-टाइन यूनिवर्सिटी संयुक्त संगोष्ठियों की करेंगी मेजबानी

**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय और न्यूकैसल-अपॉन-टाइन विश्वविद्यालय, यूनाइटेड किंगडम ने आधिकारिक तौर पर एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर के माध्यम से अकादमिक सहयोग के लिए अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया। शूलिनी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अतुल खोसला और न्यूकैसल-अपॉन-टाइन विश्वविद्यालय के कुलपति और अध्यक्ष प्रोफेसर क्रिस डे द्वारा हस्ताक्षरित एमओयू, दोनों संस्थानों के बीच सीधे जुड़ाव और सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस समझौते में जिसमें छात्र विनिमय कार्यक्रम, अनुसंधान और शिक्षण के लिए कर्मचारियों और स्नातक छात्रों का दौरा, संयुक्त अनुसंधान पहल और आपसी हित के विषयों पर संयुक्त सम्मेलन या संगोष्ठियों की मेजबानी करना शामिल है। दोनों संस्थानों का लक्ष्य अंतर-सांस्कृतिक समझ और सहयोग को बढ़ावा देना है।

# लोकतंत्र का गला घोंट रही भाजपाः सुक्खू

जय ठाकुर, शिमला

इनकम टैक्स विभाग द्वारा कांग्रेस के फंड के खाते सीज करने को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने केंद्र की भाजपा सरकार पर हमला बोला है और इस कार्रवाई को लोकतंत्र की हत्या करार दिया है। राजधानी शिमला में कांग्रेस पार्टी के मुख्य कार्यालय राजीव भवन में आयोजित संयुक्त पत्रकार वार्ता में सीएम सुक्खू और प्रतिभा सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनावों के समय भाजपा इस तरह के हथकंडे अपनाकर किसी भी कीमत में चुनाव जीतना चाहती है और विपक्ष को कमजोर करने में लगी हुई है।

इन दोनों नेताओं ने केंद्र सरकार पर चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस पार्टी के फंड को सीज करने को षड्यंत्र बताया है। उन्होंने कहा कि पार्टी को आम लोगों और संगठन के लोगों ने दान और चंदा देकर पैसा जमा करवाया था, जिसका आयकर विभाग के पास पूरा रिकॉर्ड रहता है, लेकिन चुनावों के समय खातों को सीज कर अलोकतांत्रिक कारवाई की गई है, ताकि पार्टी के प्रत्यशियों को चुनाव लड़ने के लिए फंड न दे सके। वहीं, तीन आजाद विधायकों के इस्तीफे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आजाद उम्मीदवारों को क्यों इस्तीफे देने की जरूरत पड़ी है।

आजाद विधायक पर सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं होता है। उन्होंने कहा कि इनके इस्तीफे से साफ जाहिर कि निर्दलीय विधायकों ने नोटों के दम पर अपना इमान गिरवी रख दिया है। (अनंत ज्ञान)



अनंत ज्ञान

# नारी शक्ति विशेष



# हिमाचल में राजनीतिक पार्टियों ने नहीं दिया महिलाओं को महत्व

कमलेश वर्मा, कुल्लू

हिमाचल प्रदेश में जहां लोकसभा चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। वहीं, प्रदेश की छह विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव की घोषणा के चलते राजनीतिक माहौल गर्मा गया है। यदि बात की जाए हिमाचल में विधानसभा और लोकसभा चुनाव की तो महिला नेत्रियों की भागीदारी दूसरे राज्यों के मुकाबले काफी कम है। भाजपा-कांग्रेस दोनों ही बड़ी राजनीतिक पार्टियों ने हमेशा ही महिलाओं के मुकाबले पुरुषों को अधिक तवज्जो दी है।

हिमाचल की राजनीति में महिलाओं की हिस्सेदारी दस फीसदी भी नहीं है, जबकि दूसरे राज्यों में हिमाचल के मुकाबले अधिक है। गौर रहे कि हिमाचल में लोकसभा और विधानसभा की छह सीटों पर उपचुनाव की घोषणा के बाद अब भाजपा-कांग्रेस सहित अन्य राजनीतिक दलों ने अपने अपने उम्मीदवारों को चुनावी मैदान में उतारने को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। भाजपा की ओर से अभी तक चुनावी मैदान में उतारे उम्मीदवारों में किसी भी सीट पर महिलाओं को टिकट नहीं दिया गया है। वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस की ओर से पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह के नाम की अटकलों पर खुद प्रतिभा सिंह ने चुनाव न लड़ने की बात कहकर विराम लगा दिया है। लिहाजा, एक ओर जहां महिलाओं को एक समान हक देने की बातें भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों के नेता हमेशा करते हैं वहीं, राजनीति के क्षेत्र में महिलाओं को बराबर का हक देने में यह पार्टियां हमेशा बचती नजर आ रही हैं। अनंत ज्ञान की प्रतिनिधि ने जब इस बारे में भाजपा-कांग्रेस व अन्य दलों से जुड़ी महिलाओं से इस बारे में चर्चा की तो उन्होंने कुछ यूं कहा... (अनंत ज्ञान)

**आजादी के बाद महिलाओं और पुरुषों को वोट देने का समान अधिकार जरूर मिला, लेकिन अभी भी राजनीति में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की स्थिति ठीक नहीं है।**

**राजनीतिक दलों द्वारा महिलाओं को टिकट देने और जीतने के बाद मंत्रिमंडल में जगह देने में भेदभाव किया जाता है।**



"**प्रदेश** सहित मंडी संसदीय क्षेत्र में कई वरिष्ठ महिलाएं हैं और जो सक्षम, अनुभवी होने के साथ समाज का चेहरा हैं, उन्हें भी मौका मिलना चाहिए। हालांकि मैं किसी भी तरह के आरक्षण के खिलाफ हूं, लेकिन अनुभवी महिलाओं को मौका देना चाहिए, जो महिलाएं पार्टी में अलग-अलग पदों पर काम कर चुकी हैं या कर रही हैं। अगर कांग्रेस प्रतिभा सिंह को चुनाव लड़ा सकती है तो भाजपा को भी इस पर ध्यान देना चाहिए।

**अंबिका सूदवरिष्ठ भाजपा नेत्री एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष महिला आयोग।**



"**हिमाचल** प्रदेश की राजनीति में महिलाएं पुरुषों के मुकाबले काफी कम हैं। यही नहीं, मतदान प्रक्रिया में भी पुरुषों के मुकाबले महिलाएं बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करती हैं। प्रधानमंत्री ने महिलाओं को 50 फीसदी का आरक्षण देने की घोषणा की उस घोषणा को वह पूरा करें। ऐसा न हो यह मात्र घोषणा ही रह जाएं।

**प्रेमलता ठाकुर**
**वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री एवं निदेशक**
**कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक कुल्लू मंडल।**

**मंडी** संसदीय क्षेत्र में लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भी आज तक कांग्रेस की तरफ से पूर्व में स्व. लता ठाकुर लाहौल-स्पीति की विधायक रही हैं, जबकि लोस चुनाव में प्रतिभा सिंह के अलावा अन्य किसी महिला नेत्री को कांग्रेस की ओर से टिकट नहीं दिया गया है। वहीं, भाजपा की ओर से और लोस चुनाव में किसी भी सीट पर महिला को टिकट देने की पहल आज तक नहीं हुई है। इस कारण महिला नेत्रियों में भी कहीं न कहीं अपनी-अपनी पार्टियों के प्रति रोष जरूर है। महिला नेत्रियों के अनुसार पार्टी में कर्मठ और अनुभवी महिलाओं को मौका देना चाहिए न कि ऐसे लोगों को जिनको पार्टी और संगठन के बारे में कुछ पता नहीं। सनद रहे कि मंडी संसदीय क्षेत्र से कई महिला नेत्रियां हैं, जिनको हमेशा ही पुरुषों के मुकाबले कम आंका गया और हमेशा दरकिनार किया गया, जिनमें भाजपा की पूर्व वरिष्ठ नेत्री एवं पूर्व में प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष रही अंबिका सूद भी शामिल हैं, जो पिछले काफी समय से पार्टी के साथ जुड़ी हैं और पार्टी हित और मजबूती के लिए लगातार प्रयासरत हैं। अंबिका सूद पूर्व में महिला आयोग की अध्यक्ष भी रही हैं और उन्होंने हमेशा ही महिलाओं के सशक्तिकरण और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए कार्य किया है। वहीं, बात की जाए कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री एवं कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक की कुल्लू मंडल की निदेशक प्रेम लता ठाकुर की तो वह पूर्व मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर की धर्मपत्नी हैं और राजनीति के गुर उन्हें भली भांति पता हैं। वरिष्ठ नेत्री एवं प्रदेश प्रवक्ता इंदू पटियाल, मंडी जिला से चंपा ठाकुर सहित अन्य कई नेत्रियां शामिल हैं जो अपनी पार्टी की मजबूती के लिए दिन रात डटी हुई हैं।

### लोकसभा चुनाव में कब कौन महिला रही सांसद

**राजकुमारी** अमृत कौर, कांग्रेस, महासू-मंडी, पहली लोकसभा, 1952-1957। प्रतिभा सिंह, कांग्रेस, मंडी संसदीय क्षेत्र, 14वीं, 15वीं लोकसभा 2004-2009 और 2013-2014 उप चुनाव, जबकि 17वीं लोकसभा 2021 से वर्तमान में। दोनों ही कांग्रेस सांसद राजपरिवार से संबंधित हैं, जबकि प्रतिभा सिंह जहां पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह की पत्नी हैं और राजनीति में उनकी अच्छी पकड़ है। वहीं, भाजपा की ओर से आज तक किसी भी महिला को टिकट नहीं मिला है।

# निफ्ट कांगड़ा के छात्रों ने धूमधाम से मनाया दीक्षांत समारोह



कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि को सम्मानित करते स्टाफ के सदस्य।

**अशीष दमीर, कांगड़ा**

निफ्ट कांगड़ा में 2024 को 310 स्नातक छात्रों को स्नातक की उपाधि प्रदान करते हुए अपने बहुप्रतीक्षित स्नातक समारोह की मेजबानी की। इस समारोह में सम्मानित मुख्य अतिथि, प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर जे जे वलाया, निफ्ट महानिदेशक तनु कश्यप, आईएएस, डीन (शैक्षणिक) प्रो. डॉ. सुधा ढींगरा, और परिसर निदेशक, निफ्ट कांगड़ा प्रो. डॉ. राहुल चंद्रा, सहित विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम में स्नातकों ने संकाय सदस्यों और उद्योग विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में, निफ्ट कांगड़ा में अपने पूरे समय के दौरान असाधारण प्रतिभा, रचनात्मकता और समर्पण का प्रदर्शन किया।

मुख्यातिथि जेजे वलाया, जो फैशन उद्योग में अपने उत्कृष्ट डिजाइन और नवीन दृष्टिकोण के लिए प्रसिद्ध हैं, ने स्नातक कक्षा के साथ अंतर्दृष्टि और प्रेरणा साझा की। निफ्ट महानिदेशक, आईएएस, तनु कश्यप ने सभा को संबोधित करते हुए फैशन शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता और भविष्य के दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला।

डीन (शैक्षणिक), प्रो. डॉ. सुधा ढींगरा और परिसर निदेशक, निफ्ट कांगड़ा, प्रो. डॉ. राहुल चंद्रा ने भी स्नातक छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उनका उत्साहवर्धन किया। यह दीक्षांत समारोह सभी के लिए उत्सव, प्रतिबिंब और प्रत्याशा का मिश्रण था क्योंकि स्नातक फैशन और डिजाइन उद्योग के क्षेत्र में अपनी यात्रा शुरू कर चुके। (अनंत ज्ञान)

# पालमपुर में राज्य स्तरीय होली मेला शुरू

## अतिरिक्त उपायुक्त सौरव जस्सल ने किया चार दिवसीय उत्सव का आगाज

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

चार दिवसीय राज्य स्तरीय होली महोत्सव मेला का शुभारंभ शोभायात्रा के साथ हुआ। यात्रा लोक निर्माण विश्राम गृह से गांधी मैदान तक निकाली गई।

शोभायात्रा में अतिरिक्त उपायुक्त सौरव जस्सल, एसडीएम एवं अध्यक्ष होली मेला मेला समिति नेत्रा मेती, आयुक्त नगर निगम आशीष शर्मा, डीएसपी लोकिंद्र नेगी, तहसीलदार साजन बग्गा सहित मेला समिति के सदस्यों और गणमान्य लोगों लोगों ने भाग लिया। अतिरिक्त उपायुक्त ने इस अवसर पर लोगों को होली उत्सव की बधाई दी। उन्होंने कहा कि पालमपुर में होली उत्सव सैकड़ों वर्षों से आयोजित होता आ रहा है और पालमपुर होली की ख्याति पूरे उत्तर भारत में है। उन्होंने कहा कि पालमपुर में होली को महोत्सव के रूप में मनाया जाता है और यह लोगों की आस्था से जुड़ा पर्व है, जिसमें सभी का सक्रिय सहयोग रहता है। उन्होंने मतदाताओं से लोकतंत्र के महापर्व में सभी से मतदान करने की अपील की।

### मेले में बाहरी राज्यों से आए पहलवान दिखाएंगे जौहर

**इसके** उपरांत उन्होंने गांधी मैदान पालमपुर में होली अवसर आयोजित महादंगल प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्ण विधि विधान के साथ किया। उन्होंने कहा कि होली मेला समिति द्वारा आयोजित महादंगल में उत्तर भारत के सभी राज्यों से पहलवानों को बुलाया गया है और इसमें महिला दंगल का भी आयोजन होने पर यह प्रतियोगिता अधिक आकर्षक होगी और लोगों को भी अच्छा प्रदर्शन देखने को मिलेगा।



राज्य स्तरीय होली मेला उत्सव में दंगल का आगाज करते मुख्यातिथि।



अपर लंबागांव में झंडा रस्म के साथ होली मेला शुरू। इस दौरान मौजूद कमेटी के सदस्य सामूहिक चित्र में।

## मिनर्वा कॉलेज होली उत्सव की धूम, जमकर उड़ा गुलाल



**इंदौरा।** मिनर्वा कॉलेज ऑफ एजुकेशन इंदौरा में होली महोत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कॉलेज बीएड के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर की उमंग उल्लास और मस्ती पूरे वातावरण को मदहोश कर देती है, प्रकृति भी अद्भुत श्रृंगार करने लगती है यह भारतीय संस्कृति का प्रतिनिधि त्योहार है। कार्यक्रम के आरंभ में विद्यार्थियों ने कॉलेज के प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष चेयरमैन जेएस पटियाल को गुलाल लगाकर उनका अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि होली उत्सव मनाने की परंपरा विद्यार्थियों को देश की सभ्यता और संस्कृति से जोड़े रहती है और इसलिए महाविद्यालय में इस तरह के आयोजन होते रहना जरूरी है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. प्रशांत कुमार ने रंगों के त्योहार पर सभी को बधाई दी। इस अवसर पर भाषण कला, हांडी इत्यादि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्रतिभागियों ने रंग-बिरंगे परिधानों में सजकर अपनी प्रतिभा का खुलकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के नृत्य, संगीत आदि की प्रस्तुति की गई। इस दौरान शिक्षकों के बीच मिठाई वितरण किया गया। समारोह के बाद कॉलेज परिसर में सभी ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर गले मिलकर होली की बधाई दी।

## न्यूज ब्रीफ

### 27 से पहले बिजली बिल करवाएं जमा

**डरोह।** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विद्युत उपमंडल डरोह के अंतर्गत आने वाले जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बकाया बिजली बिल का भुगतान नहीं किया है। वह उपभोक्ता 27 मार्च से पहले अपने बकाया बिजली बिल का भुगतान कर दें, बिजली बिल का भुगतान न करने की स्थिति में बिना किसी आगामी सूचना के बिजली का कनेक्शन अस्थायी रूप से काट दिया जाएगा। यह जानकारी ई. सुभाष कुमार, सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल डरोह ने दी है।

### रविवार को गगल बाजार खुला रहेगा

**गगल।** होली के उपलक्ष में गगल बाजार रविवार को खुला रहेगा और सोमवार को बंद रहेगा। यह जानकारी गगल व्यापार मंडल के प्रधान देवेंद्र कोहली ने दी। होली के चलत रविवार को गगल बाजार बंद रहता था। इसलिए सोमवार को होली के उपलक्ष पर बंद रहेगा।

### त्रैंवला में मारपीट का मामला दर्ज

**धर्मशाला।** पुलिस थाना गग्गल के तहत त्रैंवला में जसवंत कुमार व बंटू निवासी त्रैंवला ने सुरेखा देवी निवासी त्रैंवला के साथ लड़ाई-झगड़ा, गाली-गलौज व मारपीट की। पुलिस ने इस मामले को भारतीय दंड संहित की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### दुकान से 7500 एमएल अवैध शराब बरामद

**धर्मशाला।** पुलिस थाना नगरोटा बगवां के तहत चाहड़ी में हरवंस लाल निवासी चाहड़ी की दुकान से 7500 एमएल अवैध देसी शराब बरामद की गई है। पुलिस ने इस संदर्भ में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### रास्ता रोककर की मारपीट, जांच शुरू

**धर्मशाला।** पुलिस थाना पालमपुर के तहत लाहला में संजीव कुमार व संजय चौहान निवासी लाहला व इनके तीन दोस्तों ने संताष कुमार निवासी दराटी का रास्ता रोक कर उनके साथ मारपीट की है। पुलिस ने इस मामले को भारतीय दंड संहिंता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### कांग्रेस को करेंगे और मजबूत : हरभजन

**धर्मशाला।** धर्मशाला में कांग्रेस पार्टी से नाराज कार्यकर्ताओं को पार्टी की मुख्य विचार धारा में लाया जाएगा और हाल ही में जो अन्य विधानसभा क्षेत्रों सहित धर्मशाला में राजनीतिक उठापठक हुई, उस से उभर कर पार्टी कार्यकर्ताओं के मनोबल को मजबूत किया जाएगा। यह बात ब्लॉक कांग्रेस धर्मशाला के नवनियुक्त अध्यक्ष हरभजन सिंह ने प्रेस को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने जो उन्हें कार्यभार सौंपा है, उसे वह पूरी निष्ठा से निर्वहन करने का प्रयास करेंगे। हरभजन सिंह ने कहा कि धर्मशाला कांग्रेस मजबूत है और आगामी विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों के लिए एकजुट है। उन्होंने कहा कि यदि पार्टी कार्यकर्ताओं में कोई मतभेद है तो उसे दूर कर दिया जाएगा।

### अभया को हेड गर्ल एंड अनव हेड ब्वाय




कार्यक्रम के दौरान मौजूद माउंट कॉर्मल स्कूल गगल के छात्र।

**गगल।** माउंट कॉर्मल स्कूॅल गगल में आज शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्कूल के अध्यापक विनय गढ़वाल वह संदीप ने बताया की कार्यक्रम में कांगड़ा के डीएसपी अंकित शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत दी और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए माउंट कॉर्मल स्कूल के प्रबंधक फादर मैथ्यू, फादर जॉनसन व स्कूल की प्रधानाचार्य सिस्टम एनिश द्वारा दीप प्रजलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अनव चौधरी को माउंट कॉर्मल स्कूल का हैड ब्वॉय चुना गया तथा आव्या शर्मा को हैड गर्ल चुना गया। वहीं, विनायक को जूनियर हैड बॉय तथा सानवी शर्मा को जूनियर हैड गर्ल चुना गया। चुने हुए बच्चों को कांगड़ा के डीएसपी अंकित शर्मा ने बच्चों को बधाई दी और आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा दी।

# गुरु स्टडी सेंटर धर्मशाला के नाम से चल रहे अलग-अलग सेंटर, छात्र असमंजस में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



पत्रकार वार्ता करते गुरु स्टडी सेंटर धर्मशाला के फाउंडर रिशाद मोहम्मद।

गुरु स्टडी सेंटर धर्मशाला के नाम पर कुछ अन्य कोचिंग सेंटर छात्रों की भर्ती कर रहे हैं, इस बात का पता बच्चों के अभिभावकों से चला है। गुरु स्टडी सेंटर धर्मशाला के फाउंडर एवं डायरेक्टर रिशाद मोहम्मद ने यहां आयोजित एक पत्रकार वार्ता में कहा कि गुरु नाम से कई शिक्षण संस्थान खुल गए हैं और शिक्षण संस्थान गुरु स्टडी सेंटर का नाम से छात्रों की भर्ती कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि इस विषय में उन्हें छात्रों के अभिभावकों से ही पता चला है। राशिद मोहम्मद ने कहा कि गुरु स्टडी धर्मशाला सेंटर-2012 से शुरू किया गया था। इन वर्षों में कई छात्रों का भविष्य संवार चुके हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में एकमात्र गुरु स्टडी सेंटर धर्मशाला की बजाय गुरु के नाम से अन्य संस्थान भी चलाए जा रहें हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों को फोन करके भी गुरु में एडमिशन करवाने की बात कही जा रहे हैं। रिशाद मोहम्मद ने कहा कि कई अभिभावकों व छात्रों से इस विषय में ठगी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि गुरु स्टडी सेंटर मात्र कचहरी धर्मशाला में ही एकमात्र ब्रांच चल रही है।

डायरेक्टर ने कहा कि हिमाचल में अन्य किसी भी स्थान पर कोई ब्रांच नहीं है। उन्होंने कहा कि उनकी फैकल्टी एक ही स्थान पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में उचित कार्रवाई को लेकर भी विचार कर रहे हैं।

## घरोह और खनियारा की टीम ने जीता फुटबॉल मैच

**धर्मशाला।** धर्मशाला पुलिस मैदान में बुधवार को अंडर-14 फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन हुआ। लड़कियों के वर्ग में डीपीएस तथा राजकीय विद्यालय घरोह की टीमों में खेला गया। एक गोल करने वाली घरोह की टीम ने रोमांचक मुकाबले के अंत तक अपनी बढ़त को बरकरार रख जीत दर्ज की। लड़कों के वर्ग में सेकेर्ड हर्ट स्कूल तथा राजकीय स्कूल खनियारा के बीच खेला गया। इस मैच में दोनों टीमें कोई भी गोल नहीं दाग पाई। पेनल्टी स्ट्रोक में खनियारा 3-0 से विजयी रही। इस मौके पर बतौर मुख्यातथि प्रलिस अधीक्षक कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री मौजूद रहीं। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए तथा कहा कि बच्चों को खेलों में आगे आना चाहिए तथा नशे से दूर रहकर समाज में सकारात्मक संदेश देना चाहिए। दो दिवसीय इस टूर्नामेंट में अचीवर हब स्कूल, सेकेर्ड हार्ट स्कूल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घरोह, दिल्ली पब्लिक स्कूल, डीवाई पाटिल स्कूल, स्टैनफोर्ड स्कूल, मवेन सुगलाग पेटोएन स्कूल से दो सौ के करीब बच्चे भाग ले रहे है। जानकारी देते हुए जिला फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष वरुण गुप्ता ने बताया कि दो दिन तक चले इस टूर्नामेंट में कई स्थानीय स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि प्राइवेट स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए यह प्रतियोगिता का मौका इसलिए दिया गया है क्योंकि उनको इस तरह की प्रतियोगितायों में भाग लेने का अधिक मौका नही मिलता। बताते चलें कि फुटबॉल एसोसिएशन तथा कांगड़ा पुलिस के सौजन्य से टूर्नामेंट करवाया गया। पुलिस ने इस टूर्नामेंट को करवाने के लिए उनकी ओर से पुलिस मैदान तथा आर्थिक रूप से सहायता उपलब्ध करवाई गई है, ताकि बच्चे नशे से दूर रह सके तथा खेलों की ओर अग्रसर होकर अपना व देश का विकास कर सके।

## मारपीट से हुई मौत मामले में आरोपियों को मिला पांच दिन का पुलिस रिमांड

**धर्मशाला।** मैक्लोडगंज के भागसूनाग में हुई मारपीट में मौत मामले के पांच आरोपियों को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। मृतक नवदीप सिंह उम्र 33 वर्ष को पोस्टमार्टम कर लिया गया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में क्या तथ्य सामने आते हैं, उसी के अनुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हितेष लखनपाल ने बताया कि उक्त मामले को भारतीय दंड सहिंता की धारा 302 एवं 34 के तहत दर्ज किया गया है। मामले में पांच लोगों को पांच दिन का पुलिस रिमांड मिला है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद कुछ तथ्यों का खुलासा होगा। गौरतलब है कि मैक्लोडगंज के भागसूनाग स्थित पार्किंग के समीप एक दुकान में शराब न पीने की बात को लेकर उपजे विवाद के बाद हुए झगड़े में एक युवक की कल मौत हो गई थी। इसमें कि मृत्तक की पहचान नवदीप सिंह (33) निवासी गुरु तेग बहादुर जिला फगवाड़ा पंजाब के रूप में हुई थी। मृतक नवदीप सिंह व दो अन्य व्यक्ति भागसूनाग की पार्किंग के समीप बने कैफे में सुबह के नाश्ते के लिए गए थे और उनके हाथ में कोल्ड ड्रिंक की बोतल थी। कैफे संचालक को शक हुआ कि उक्त व्यक्ति कोल्ड ड्रिंक की बोतल में शराब डाल कर लाए हैं और इसी बात को लेकर शुरू हुई बहस खूनी झड़प में तबदील हो गई।

# 100 मीटर दौड़ में संतोष-अक्षय फर्स्ट

## वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जमकर बहाया पसीना

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**



वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करने का दौर।

राजकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय, धर्मशाला की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता-2024 का आगाज 22 मार्च को महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. आरती वर्मा की अध्यक्षता में धर्मशाला के सिंथैटिक ग्राउंड में बड़े धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर समारोह में राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला की प्राचार्या डॉ. संजीवन कटोच ने बतौर मुख्यातिथि शिरकरत की। महाविद्यालय की स्काउट एंड गाइड यूनिट की अगुआई में स्वामी विवेकानंद, रविंद्रनाथ टैगोर, महात्मा गांधी और अबुल कलाम आजाद इन चारों सदनों के प्रशिक्षुओं ने मार्च पास द्वारा मुख्यातिथि के सम्मान में सलामी दी गई।

इस अवसर पर मुख्यातिथि ने अपने वक्तव्य में बताया कि जीवन में चहुंमुखी उन्नति के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलें भी प्रमुख भूमिका निभाती हैं। खेलों से ही हमारा शारीरिक एवं बौद्धिक विकास होता है। पुरुष वर्ग 100 मीटर दौड़ में रविंद्रनाथ टैगोर सदन के संतोष व अक्षय प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहे। जबकि अबुल कलाम सदन के शुभम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं, महिला वर्ग में तमन्ना (विवेकानंद सदन) प्रथम, कृतिका (विवेकानंद सदन) द्वितीय और ममता (रविंद्र नाथ टैगोर) तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं 200 मीटर पुरुष वर्ग की दौड़ में संतोष (रविंद्रनाथ टैगोर), मुकेश नेगी (अबुल कलाम आजाद) और अक्षय (रविंद्रनाथ टैगोर सदन) क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। जबकि महिला वर्ग में शालिनी (विवेकानंद सदन) ने प्रथम, इसी सदन की कृतिका दूसरे और अनीता (कलाम सदन) तीसरे स्थान पर रहीं। इसी प्रकार 400 मीटर पुरुष वर्ग दौड़ में टैगोर सदन के विवेक ने प्रथम व तपिंद्र ने द्वितीय और जतिन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, 400 मीटर महिला वर्ग दौड़ में तमन्ना (विवेकानंद सदन) ने प्रथम और कलाम सदन की अनीता व लीना क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। शॉट फुट में पुरुष वर्ग में टैगोर सदन के लीला व मनोज प्रथम, द्वितीय एवं महात्मा गांधी सदन के सूरज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में शालिनी, ममता दीप्ति क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहीं। लंबी कूद में पुरुष वर्ग में कलाम सदन के मुकेश नेगी व मनोज क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि टैगोर सदन के कशिश ने तीसरे स्थान पर बाजी मारी। वहीं, 400 मीटर महिला वर्ग की दौड़ में विवेकानंद सदन की ओर से शालिनी व रूचि ने प्रथम व द्वितीय स्थान पर जीत हासिल की। वहीं, टैगोर सदन की अंजली तीसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र व उपहार सहित क्रमशः स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। चारों सदनों में रविंद्रनाथ टैगोर सदन को वर्ष 2023-24 के बेहतरीन प्रदर्शन पर उत्कृष्ट सदन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। (अनंत ज्ञान)

### थ्री लैग रेस में अंकित का दबदबा

**400** मीटर की पुरुष वर्ग की रिले रेस में टैगोर, आजाद व महात्मा गांधी सदन क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। जबकि महिला वर्ग में विवेकानंद, टैगोर और महात्मा गांधी सदन ने क्रमश पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, थ्री लैग रेस में पुरुष वर्ग के अंकित व संतोष प्रथम, नितीश व हेमंत द्वितीय और अंकित व विकास तृतीय स्थान पर रहे।






**जानकारी** — डीसी बोले-ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भी मिलेगी पंजीकरण की सुविधा

# मतदाता चार मई तक दर्ज करवाएं अपना नाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



हेमराज बैरवा।

जिला निर्वाचन अधिकारी हेम राज बैरवा ने जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत मतदाता सूची में छूटे हुए पात्र मतदाता चार मई तक अपना नाम दर्ज करवा सकते हैं।

इस के लिए कांगड़ा जिला में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप अभियान भी आरंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि छूटे हुए मतदाता अपने मतदान केंद्र के बूथ लेबल अधिकारी से संपर्क करे और एक रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटो, आधार संख्या, आयु और निवास के प्रमाण-पत्र की प्रतिलिपि साथ ला कर अपना और अपने परिवार के सदस्य जो एक जनवरी-2024 को 18 वर्ष की आयु या इससे अधिक की आयु पूर्ण कर रहे हैं, के नाम मतदाता सूची में दिनांक चार मई तक अवश्य दर्ज करवाएं। उन्होंने कहा कि पूर्व में पंजीकृत मतदाता भी अपना और अपने परिवार के सभी सदस्यों के नाम मतदाता सूची में दर्ज होने की पुष्टि भी अवश्य करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि वर्तमान मतदाता सूचियों में कोई भी अपना नाम दर्ज होने की पुष्टि विभाग की वेबसाइट में भी कर सकता है। राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल पर भी ई-रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध है, जिसमें ऑन-लाइन फार्म नाम दर्ज करने हेतु भरे जा सकते है।

### अंतिम अवसर का जरूर उठाएं लाभ : हेमराज बैरवा

**उन्होंने** जनसाधारण से आग्रह किया है कि आगामी लोकसभा चुनाव-2024 को मद्देनजर रखते हुए, सभी इस अंतिम अवसर का अवश्य लाभ उठाए और लोकसभा चुनाव-2024 में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगों को प्रेरित भी किया जा रहा है तथा विभिन्न स्तरों पर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे ताकि ज्यादा से ज्यादा मतदाता अपने मत का प्रयोग कर सकें।

# किसानों के लिए वरदान बनी 'महक' योजना

## फूलों की खेती से बढ़ी जिले के बागवानों की आमदनी, योजना के तहत मिल रहा 80 प्रतिशत का अनुदान

**कपिल पंडित, धर्मशाला**

प्रदेश की महक योजना के तहत वाइल्ड मेरीगोल्ड सहित विभिन्न किस्मों के फूलों की खेती जिला कांगड़ा के किसानों की आमदनी को बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रही है।

इस योजना के तहत जिला कांगड़ा में वाइल्ड मेरी गोल्ड के अतिरिक्त गुलाब, ग्लेडियोलस, गुलदाउदी, कारनेशन, लिलियम, जरबैरा व अन्य फूलों के उत्पादन को भी प्रोत्साहन दिया जा रहा है। जिला कांगड़ा में करीब 750 किसान महक योजना के तहत जुड़ कर लाभ कमा रहे हैं। जिला कांगड़ा में वाइल्ड मेरीगोल्ड फूल के तेल का गत वित्तीय वर्ष में उत्पादन करीब 1000 लीटर हुआ है। वाइल्ड मेरीगोल्ड फूल के तेल का भाव करीब 12 हजार रुपए प्रति लीटर है। ऐसे में किसानों के लिए फूलों की खेती लाभदायक साबित हो रही है। जिला कांगड़ा में फूलों से इत्र व सुगंधित तेल बनाने के लिए जिला के विभिन्न क्षेत्रों में 17 डिस्टिलेशन सेंटर बनाए गए हैं। बेरोजगार युवाओं एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से यह योजना शुरू की गई है।

वर्तमान में जिला कांगड़ा से इस योजना के तहत सालाना करीब 60 लाख से अधिक का कारोबार हो रहा है। उद्यान विभाग के अधिकारियों की मानें तो भविष्य में यह करोबार और बढ़ेगा। महक योजना के अंतर्गत 50 से 80 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाता है। इस योजना के तहत फूलों का उत्पादन करने वाले किसानों को औने-पौने दाम पर बेचने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ता, बागवानी विभाग ने इसके लिए पूरा खाका तैयार करता है।

महक योजना को शुरू करने का उद्देश्य किसानों की आय को दोगुना करने के लिए विकल्प प्रदान करने के साथ उनके कौशल को बढ़ाना है। उपनिदेशक उद्यान विभाग कांगड़ा कमल सिंह नेगी ने बताया कि जिला में मुख्य रूप से वाइल्ड मेरीगोल्ड की खेती की जा रही है। (अनंत ज्ञान)




फूलों के बागों का फाइल फोटो।

### नर्सरी लगाने के लिए मिल रही 100 फीसदी सब्सिडी

**इसके** अतिरिक्त गुलाब, ग्लेडियोलस, गुलदाउदी, कारनेशन, लिलियम, जरबैरा व अन्य फूलों के उत्पादन पर भी बल दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महक योजना के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की छोटी मॉडल एवं नर्सरी के लिए 100 फीसदी व निजी क्षेत्र के लिए 50 फीसदी अनुदान दिया जाता है। जेरेनियम व रोजमेरी की खेती के लिए पौधों पर 80 फीसदी अनुदान व अन्य फूलों की किस्मों पर 50 प्रतिशत अनुदान की व्यवस्था है। इसके अतिरिक्त फूलों को सुखाने के शेड निर्माण के लिए 50 प्रतिशत व प्रोसेसिंग यूनिट इत्र व तेल के लिए 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि महक योजना के तहत किसानों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए हिमाचल में कहीं पर भी 400 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से जबकि राज्य के बाहर एक हजार रुपए प्रति किसान दिए जाते हैं। पांच दिन के प्रशिक्षण का प्रावधान है, जिसमें 20 से 25 किसानों को शामिल किया जाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### गेहूं के स्टॉक से छेड़छाड़, एक अरेस्ट

**शाहपुरकंडी।** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो द्वारा राज्य में भ्रष्टाचार के विरुद्ध शुरू की गई मुहिम के तहत पठानकोट में तैनात खाद्य एवं सिविल सप्लाई विभाग के इंस्पेक्टर को अलग-अलग समाज भलाई स्कीमों के अंतर्गत सरकार की तरफ से अलॉट किए गए गेहूं के स्टाक को खुर्दबुर्द करने के आरोप में काबू कर गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए आज यहां राज्य विजिलेंस ब्यूरो के सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि पड़ताल के दौरान पाया गया कि उक्त मुलजिम ने कुल 2079 क्विंटल से अधिक गेहूं के स्टॉक का दुरुपयोग किया। इससे सरकारी खजाने को लाखों रुपए का वित्तीय नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि उक्त मुलजिम के खिलाफ भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम की धारा 13(1), 13(2) एवं आईपीसी की धारा 409 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी मुलाजिम को अरेस्ट कर जांच शुरू कर दी है।

### सड़क बनाने का काम जोरों पर, लोग खुश



आयुर्वैदिक अस्पताल से पलहूणी तक सड़क का काम करते हुए मजदूर।

**डरोह।** ग्राम पंचायत सांबा के पलहूणी गांव में आयुर्वेदिक अस्पताल से लेकर गांव पलहूणी तक लगभग दो सौ मीटर पीडब्ल्यूडी द्वारा कंक्रीट बिछा कर रोड बनाया जा रहा है। आज से लगभग बारह साल पहले इसे प्रधान मंत्री ग्राम सडक योजना के अंतर्गत बनवाया गया था। गांव के स्थानीय निवासी राज कुमार ने कहा कि इस सड़क में बहुत से गड्ढे पड़ गए थे और यह अधिकतर टूट भी गई थी। अब इसे कंक्रीट से बनाया जा रहा है तो आने जाने में सुविधा होगी।

### केजरीवाल की गिरफ्तारी प्रजातंत्र की हत्याः शर्मा



**नूरपुर।** पीएम नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी प्रजातंत्र की हत्या का उदाहरण पेश किया। यह बात आज प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुदर्शन शर्मा ने जसूर में प्रेसवार्ता के दौरान कही। प्रदेश प्रवक्ता सुदर्शन शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मात्र ईडी, सीबीआई का सहारा लेकर देश के विपक्ष को दबाने, कुचलने का प्रयास किया जा रहा है। इस कदम से देश की सबसे बड़ी पंचायत संसद की गरिमा को ठेस पहुंची है। सुदर्शन शर्मा ने बताया कि जब दीपक बुझने पर आता है तो बहुत फड़फड़ाता है उसी राह पर देश के आगामी लोकसभा चुनावों को मद्देनजर रखते हुए आधारहीन तथ्यों के सहारे ईडी, सीबीआई को टूल बना कर असंवैधानिक ढंग से गिरफ्तारियां की जा रही हैं। इससे विश्व पटल पर देश की प्रजातंत्र प्रणाली का स्तर गिरा है।

### तल माता मंदिर में जागरण व भंडारा आज से

**शाहपुर।** तल माता मंदिर में व्यापार मंडल 39 मील (शाहपुर) की ओर से हर वर्ष की तरह इस बार भी वार्षिक जागरण व भंडारे का आयोजन 23 व 24 मार्च को किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए व्यापार मंडल 39 मील के प्रधान राकेश चौहान ने बताया कि जागरण में शाहपुर के लोकल गायक मां की महिमा का गुणगान करेंगे। उन्होंने सभी भक्तों से प्रार्थना की है कि सभी भक्त माता के चरणों में हाजरी लगाएं और भंडारे का प्रसाद ग्रहण करें। गौर हो कि तल माता का मंदिर शाहपुर से लगभग 15 किलोमीटर दूर दरिणी के पास ऊंची पहाड़ी पर स्थित है। लोगों में तल माता के प्रति गहरी आस्था है। यहां भक्तों की हर मनोकामना पूरी होती है।

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेता नवाजे



विजेता छात्रों को सम्मानित करने का दौर।

**देहरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा वर्ष 2023-24 की नौवीं से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई जिला स्तरीय स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव शर्मा बतौर मुख्यातिथि, कुशल ठाकुर विशेष अतिथि तथा विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सह मंत्री ऋतिक पालसरा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यार्थी परिषद के विभाग संयोजक रविंद्र परमार ने बताया कि जिला स्तरीय स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय देहरा के शांतनु ने जिले भर में प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय देहरा के गुंजन ने द्वितीय तथा एपीएस परागपुर की गुंजन तृतीय रही। इसी के साथ एपीएम परागपुर के अंकित कुमार चतुर्थ, एप्स परागपुर से अर्शिया, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगरोटा सूरियां के राम सिंह गुलेरिया, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय देहरा से गरिमा, एपीएम परागपुर से आदित्य को भी प्रोत्साहन पुरस्कार दिए गए। रविंद्र परमार ने बताया कि जिले में प्रथम पुरस्कार पाने वाले को 11 हजार, द्वितीय को 7100 तथा तृतीय को 5100 रुपए की नकद पुरस्कार राशि व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

# कांगड़ा की सीमाएं सील, चेकिंग जोरों पर

## आचार संहिता लगते ही देहरा पुलिस अलर्ट मोड पर, होगी नाइट पेट्रोलिंग



देहरा में नाके के दौरान गाड़ियों की चेकिंग करते हुए पुलिस के जवान।

**अनंत ज्ञान, देहरा**

हिमाचल में लोकसभा चुनावों के लिए कोड ऑफ कंडक्ट लगने के बाद पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। जिला पुलिस ने देहरा क्षेत्र के तहत पंजाब बार्डर से सटे इलाकों पर चार बड़े नाके लगाकर चेकिंग तेज कर दी है। इसके तहत हर गाड़ी पर नजर रखी जा रही है। चुनावों के चलते मादक द्रव्य व अन्य गैर कानूनी चीजें ले जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एएसपी वीर बहादुर सिंह ने खबर की पुष्टि करते हुए बताया कि हर वाहन पर पुलिस की नजर है। पुलिस की टीमें हर क्षेत्र में तैनात हैं। बॉर्डर इलाकों की बात करें, तो तलवाड़ा-टैरेस पौंग डैम-जसूर रोड पर स्वां पुल पर लगे नाके में हर गाड़ी पर नजर है। पुलिस टीमें मुस्तैदी से चेकिंग कार्य को कर रही हैं।

एएसपी वीर बहादुर सिंह ने बताया कि इसी तरह के नाके जंडौर, अमरोह व खानपुर में भी लगाए गए हैं। सभी इंटर स्टेट बैरियरों पर पड़ोसी क्षेत्रों पुलिस हर तरह के संपर्क में है। सीएपीएफ (सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेस) हर गतिविधि पर नजर रखे हुए हैं।

### लाइसेंस धारक जल्द अपने हथियार जमा करवा दें

**एएसपी** वीर बहादुर सिंह ने बताया कि जिला के थानों के तहत नाइट पेट्रोलिंग को भी बढ़ाया गया है। पुलिस टीमें रात को ज्यादा चौकसी बरत रही हैं। इसी तरह थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने क्षेत्रों में लाइसेंस धारकों के हथियार थानों में जमा करवाने को कहें।

### हर गतिविधि पर पुलिस की नजर

**कांगड़ा** जिला पुलिस वीर बहादुर सिंह एएसपी ने कहा कि जिला पुलिस नाकों पर हर गतिविधि पर नजर रखे हुए है। नाइट पेट्रोलिंग भी बढ़ाई है। लाइसेंस धारकों को हथियार नजदीकी थानों में जमा करवाने होंगे, अन्यथा कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# पर्दे के पीछे हैं कई राजः होशियार सिंह

**अनंत ज्ञान, देहरा**

प्रदेश में चढ़े राजनीतिक पारे के बीच देहरा के निर्दलीय विधायक होशियार सिंह ने विरोधियों को सख्त लहेजे में चेतावनी दी है। उनका कहना है कि कुछ लोग उनके खिलाफ साजिश रच रहे हैं। लेकिन वे किसी भी सूरत में कामयाब नहीं होंगे।

राज्यसभा चुनाव के बाद से ही प्रदेश में सियासी तापमान काफी चढ़ा हुआ है। इसी बीच किसी ने सोशल मीडिया पर होशियार सिंह से संबंधित कुछ पोस्ट वायरल होने लगे। इस पर विधायक होशियार सिंह ने विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि वह जनता के प्रति जवाबदेह हैं। जनता की बदौलत ही वह दूसरी बार विधायक बने हैं। देहरा की जनता ही उनका परिवार है। वह कोई भी फैसला जनता को भरोसे में लिए बिना नहीं कर सकते।

विधायक होशियार सिंह ने कहा कि वह जल्द ही जनता के आगे रू-ब-रू होंगे। उन्होंने गाने की पंक्ति को गाते हुए कहा कि पर्दे में रहने दो पर्दा न उठाओ। पर्दा जो उठ गया तो भेद खुल जाएगा। हालांकि इस संदेश का क्या अर्थ था यह कहना आसान नहीं है। हालांकि सियासी पंडितों का मानना है कि इस गाने के माध्यम से उन्होंने विरोधियों को दो टूक चेतावनी दी है।



विधायक होशियार सिंह।

## दमकल विभाग ने एक व्यक्ति को बचाया

**धर्मशाला।** धर्मशाला के अंतर्गत योल के टीकावणी में एक गड्ढे में फंसी गाय को दमकल विभाग धर्मशाला की टीम ने सुरक्षित निकालने में सफलता हासिल की है। दमकल विभाग को स्थानीय लोगों ने गाय के फंसे होने की सूचना दी, जिस पर कार्रवाई करते हुए दमकल विभाग ने गाय को बचाया। वहीं, दूसरी ओर धर्मशाला की रेडियो कॉलोनी से समीप स्कूटी से गिरे व्यक्ति को भी दमकल विभाग ने सफलतापूर्वक निकाला। फायर स्टेशन ऑफिसर कर्म चंद कश्यप ने बताया कि सुबह करीब नौ बजे उन्हें गाय के फंसे होने की सूचना मिली जिस पर दमकल विभाग ने तुरंत कार्रवाई की। इसके अतिरिक्त रेडियो कॉलोनी में धर्मशाला निवासी औंकार सिंह के स्कूटी के गिरने की सूचना मिली, उस पर भी त्वरित कार्रवाई करते हुए व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकालने में सफलता हासिल की है। वहीं, धर्मशाला के अंतर्गत योल के टीकावणी में एक गड्ढे में फंसी गाय को दमकल विभाग धर्मशाला की टीम ने सुरक्षित निकालने में सफलता हासिल की है।

## डीडीएस साई कॉलेज नादौन के छात्रों ने निहारी फोरेंसिक विज्ञान लैब धर्मशाला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

क्षेत्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला, उत्तरी रेंज, धर्मशाला में डीडीएम साई लॉ कॉलेज नादौन के कानून के छात्रों ने बुधवार को क्षेत्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला का शैक्षणिक भ्रमण किया।

इस दौरान 50 छात्रों ने प्रयोगशाला के कार्यक्लापों को नजदीक से देखा। इस फोरेंसिक साइंस ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत घटना स्थल पर मिले विभिन्न प्रकार के प्रमाणों जैसे हड्डी, धातु के टुकड़े, रंग, पेंट, खून, बाल, रेसे, औजारों के निशान, टायर के निशान, हाथ व पैर की अगलियां के निशान, टूटे कांच के टुकडे, गोली, विस्फोटक के अवशेष, पेट्रोलियम पदार्थ व मादक पदार्थ जैसे चरस, गांजा, भांग, हिरोईन, कोकीन, डीएनए फिंगर प्रिटिंग, साइबर काइम, एटीएम की चोरियां, जाली करंसी, पासपोर्ट, बीजा में धोखाधडी, बैंक के चेक में छेड़छाड़ आदि तथ्यों की व्यवहारिक ओर प्रयोगात्मक जानकारी दी गई। इनसे फोरेंसिक प्रयोगशाला में वैज्ञानिक जांच कर अपराधियों की पहचान की कोशिश की जाती है। राज्य फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला की निदेशक डॉ. मीनाक्षी महाजन ने कहा कि फोरेंसिक विशेषज्ञ घटना स्थल पर मिले भौतिक साक्ष्यों का वैज्ञानिक विश्लेषण कर घटना के रहस्य पर से पर्दे को उठाने में पुलिस व अन्य संस्थाओं को सहयोग देते हैं और पुलिस को किसी नतीजे पर पहुंचने व गुत्थी को सुलझाने में मदद करते हैं। इस प्रकार का शैक्षिक दौरा कानून के छात्रों के लिए आवश्यक हिस्सा है। और इससे आपराधिक न्याय व्यवस्था भी मजबूत होगी। प्रयोगशाला के सहायक निदेशक अजय सहगल ने कहा कि घटनास्थल से साक्ष्य संग्रह, विश्लेषण और अदालत में प्रस्तुतिकरण का ज्ञान कानून के छात्रों को दिया गया।

### सहायक निदेशक राकेश सोनी जागरूक किए छात्र

**सहायक** निदेशक व रेंज फोरेंसिक प्रवक्ता डॉ. राकेश सोनी ने बताया कि फोरेंसिक विज्ञान के अंतर्गत अपराध एवं विज्ञान के तालमेल से अपराधियों की पहचान की जाती है। फॉरेंसिक लैब धर्मशाला विशेषकर पैटोलियम पदार्थ व मादक पदार्थ जैसे चरस, गांजा, भांग, हिरोइन, कोकीन, इन मामलों को सुलझाने में अपनी अहम भूमिका अदा कर रही है। इसके साथ डॉ. अशवनी भारद्वाज वैज्ञानिक अधिकारों ने विभिन्न विषयों पर अपने व्याख्यान दिए।

## पंचरुखी में 24 को खेली जाएगी होली

**पंचरुखी।** पंचरुखी बाजार में 24 मार्च को होली खेली जाएगी। इस साल पूरे देश में 25 मार्च को होली की छूटी है। पंचरुखी में हर वर्ष भांति इस साल भी होली से एक दिन पहले रंगों का त्योहार मनाया जाएगा। पंचरुखी में तीन दिन शिव परिवार, राम परिवार, बाबा बालकनाथ, काली माता व कृष्ण लीला की झांकियां भी निकाली जाती है, जिसमे शुक्रवार को शिव परिवार की झांकी निकाली गई। शिव और पार्वती का किरदार निभा रहे कलाकारों ने पंचरुखी चौक में शिव भजनों के संगीत पर नृत्य करके लोगों को आकर्षित किया। इस शोभा यात्रा में बाजार कमेटी की ओर से चैन सिंह, रमेश गुड्डु, विजय ठाकुर, नीटू ठाकुर, हरि सिंह संजीव गोरख व सैकड़ों लोग मौजूद रहे। वहीं, पंचरुखी बाजार में 24 मार्च को होली खेली जाएगी। इस साल पूरे देश में 25 मार्च को होली की छूटी है। पंचरुखी में हर वर्ष भांति इस साल भी होली से एक दिन पहले रंगों का त्योहार मनाया जाएगा।

# भाजपा कर रही है आचार संहिता का उल्लंघनः संजय

**अनंत ज्ञान, डरोह**



संजय चौहान।

हिमाचल प्रदेश सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन एवं सुलह कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान ने कहा कि सुक्खू सरकार पर कांग्रेस के कुछ बागी विधायकों के साथ मिलकर पीठ पीछे असफल प्रहार करने के पश्चात अपनी नाकामी से हताश हो कर अब भाजपा ओछे हथकंडे अपनाने पर उतर आई है।

अपनी हार से सुनिश्चित भाजपा के विधायक व कार्यकर्ता केंद्र की असफल और पूरा न हो सकीं नीतियों के पोस्टर तथा कैलेंडर घर घर बांट रहे हैं और लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। हिमाचल की भोली भाली जनता को यह झूठी जानकारियां दे कर कि केंद्र ने यह किया वो किया। संजय सिंह चौहान ने इस प्रकरण पर संज्ञान लेते हुए कहा कि पहली बात जो भाजपा के विधायक और कार्यकर्ता यह पोस्टर और कैलेंडर बांट रहे हैं वह भारतीय टीम संविधान की बेइज्जती और चुनाव आयोग द्वारा लगाई गई आचार संहिता का उल्लंघन कर उसकी धज्जियां उड़ा रहे हैं। चुनाव आयोग को इस संदर्भ में लिखित में ज्ञापन सौंप भी दिया गया है। संजय चौहान ने आगे कहा कि इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना का विरोध करना भाजपा नेताओं के महिला विरोधी चेहरे को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जिस इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना का विरोध भाजपा कर रही है, वहीं प्यारी बहनें विधानसभा चुनाव के बाद अब लोकसभा चुनाव में भी भाजपा की लुटिया डुबोने में निर्णायक भूमिका अदा करेंगी। यही नहीं बल्कि ओपीएस काविरोध करने वाले भाजपा नेताओंको हिमाचल का कर्मचारी वर्ग प्रण कर चुका है कि जिस सरकार ने उन्हें उनका हक दिलवाया वह उसी का समर्थन करेंगे।

## दीनदयाल स्पर्श प्रतियोगिता के तहत 28 छात्रों को किया सम्मानित




**देहरा।** डाक विभाग, देहरा मंडल में शुक्रवार को दीन दयाल स्पर्श प्रतियोगिता के तहत 28 विद्यार्थियों को 1,68,000 रुपए के चेक पुरस्कार के रूप में वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में बलबीर चंद अधीक्षक डाक मंडल देहरा, सन्नी भारद्वाज सहायक अधीक्षक डाक मंडल देहरा, मलकीयत सिंह प्रबंधक निर्देशक शिवालिक इंटरनेशनल कान्वेंट स्कूल नंगल चौक, डाडासीबा, किरण शर्मा सहायक प्रधानाचार्य डीएवी बनखंडी, चयनित विद्यार्थी, अभिभावक व अन्य डाक कर्मचारी मौजूद रहे। अधीक्षक डाक देहरा मंडल ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी और बताया कि दीन दयाल स्पर्श प्रतियोगिता के अंतर्गत पूरे प्रदेश में दो चरणों में प्रतिस्पर्धा हुई थी। इसमें 40 विद्यार्थियों का चयन हुआ था उसमे से 28 विद्यार्थी केवल देहरा डाक मंडल के चयनित हुए हैं। इस अवसर पर सभी विजेता विद्यार्थियों को चेक और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इन पुरस्कारों के माध्यम से उनकी डाक टिकटों, फिलैटली के प्रति लगन को प्रेरणा और उत्साह को बढ़ावा दिया गया है।

# डाडासीबा कॉलेज में सालाना समारोह की धूम, छात्रों को किया सम्मानित



कार्यक्रम के दौरान छात्रों को सम्मानित करते कॉलेज स्टाफ के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

बाबा कांशीराम राजकीय महाविद्यालय डाडासीबा में शुक्रवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस पुरस्कार वितरण समारोह की मुख्यातिथि डॉक्टर शिल्पी बेक्टा एसडीएम देहरा रही साथ ही राजकीय महाविद्यालय कोटला बेहड़ की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. विजया शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रही।

महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. जितेंद्र कुमार ने मुख्यातिथि, विशिष्ट अतिथि व गणमान्य और समाजसेवी सज्जनों का स्वागत किया और अभिनंदन किया। तत्पश्चात उन्होंने मुख्यातिथि महोदया को स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया। एसडीएम शिल्पी बेक्टा ने मेघावी विद्यार्थियों और शैक्षणिक सत्र 2023-2024 में आयोजित विविध गतिविधियों तथा प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

इस दौरान शिल्पी बेक्टा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जीवन ने उच्च आदर्शों को अपनाते हुए राष्ट्र निर्माण में अपने महत्वपूर्ण योगदान देने हेतु प्रेरित किया साथ एक जागरूक नागरिक होने के नाते विद्यार्थियों को उन्होंने बढ़-चढ़कर वोट डालने हेतु भी प्रेरित किया। इस वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में पीटीए की कार्यकारिणी की पूर्व प्रधान पिंकी देवी, प्रधान अंजना कुमारी, अनुराधा, संध्या देवी भी उपस्थित रहे।

**गुड न्यूज** जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों पर शिक्षक को मिला सम्मान

# सुनील को मिला 'चंडीगढ़ ग्रीन अवार्ड'

**अनंत ज्ञान, गरली**

जिला कांगड़ा के अंतर्गत गांव कोपड़ा निवासी (शिक्षक बंडोल स्कूल) सुनील धीमान को पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास एवं जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए सेंटर फॉर रिसर्च इन रूरल एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट चंडीगढ़ द्वारा चंडीगढ़ ग्रीन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।




शिक्षक सुनील धीमान को सम्मानित करने का दौर।

सीआरआरआईडी द्वारा आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस चंडीगढ़ क्लाइमेट चेंज सम्मेलन में सुनील धीमान द्वारा किए गए कार्यों जिनमें बच्चों के माध्यम से पौधरोपण आभियान हर घर नीम एक मुहिम बच्चों को अपने आस-पास के पर्यावरण और पेड़-पौधों से जोड़ने के लिए हर्बल गार्डन स्थापित करने, स्वच्छता एवं प्लास्टिक कचरा प्रबंधन आदि नवाचारी गतिविधियों को खूब सराहा गया। उनके द्वारा पाठशाला में 100 किस्म के लिए औषधीय पौधे लगाए गए हैं और खास बात यह है कि हर पेड़-पौधा बोलता है और अपने नाम व गुणों का राज खोलता है। सुनील धीमान ने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का पाठ बच्चों को बचपन से ही पढ़ाया जाना जरूरी है, तभी पर्यावरण संरक्षण की अवधारणा मूलतः फलीभूत होगी।

# मां ज्वालामुखी के दरबार पहुंचे नवनियुक्त अध्यक्ष नरदेव कंवर

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी**

विश्व विख्यात शक्तिपीठ ज्वालामुखी मंदिर में शुक्रवार को अपनी मन्नत पूरी होने पर अपने समर्थक सहित मां के दरबार में हाजिरी लगाने के लिए भवन निर्माण कामगार बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव कंवर मां के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचे। उनके साथ खाद्य आपूर्ति निगम के निदेशक पुष्पेंद्र ठाकुर युवा कांग्रेस के नेता अमन चौधरी हैप्पी और अन्य कई नेता और कार्यकर्ता साथ थे।

नव नियुक्त अध्यक्ष नरदेव कंवर ने बताया कि उन्होंने मां ज्वालामुखी से मन्नत मांगी थी कि सरकार में उन्हें मान-सम्मान मिलेगा तो वह मां के दरबार में आएंगे और यहां पर हवन पूजा करेंगे। उन्होंने मन्नत पूरी होने पर मां के दरबार में हवन पूजा की और विधिपूर्वक पूजा अर्चना करने के उपरांत कन्या पूजन कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर मंदिर अधिकारी तहसीलदार अनिल कुमार ने उन्हें माता की चुनरी तस्वीर और प्रसाद भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर नवनियुक्त अध्यक्ष ने कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह ने जो जिम्मेदारी सौंप रखी है उसे पूरी निष्ठा लगन और ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों का लाभ पहुंचे यही उनका संकल्प रहेगा और वह जनता की सेवा करने के लिए आए हैं। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### मनिका व पल्लवी बनी बागवानी विकास अधिकारी



मनिका गोस्वामी व पल्लवी ठाकुर।

**रंगस।** हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित बागवानी विकास अधिकारियों के परीक्षा परिणाम में औद्योगिकी एवं वाणिकी कॉलेज नेरी की दो छात्राओं ने सफलता हासिल की है। कॉलेज की मनिका गोस्वामी एवं पल्लवी ठाकुर का चयन हरियाणा बागवानी विभाग में बागवानी विकास अधिकारी के तौर पर हुआ है। डॉ. यशवंत सिंह परमार यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. राजेंद्र सिंह चंदेल एवं औद्योगिक एवं वाणिकी कॉलेज के डीन डॉ. कमल शर्मा ने दोनों छात्राओं को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

### वर्चुअल क्लास रूम दूर करेंगे शिक्षकों की कमी

**हमीरपुर।** हमीरपुर कॉलेज में शुक्रवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. अमरजीत शर्मा बतौर मुख्यातिथि पहुंचे। उन्होंने कॉलेज में स्टूडेंट्स की तादाद पांच हजार पहुंचने पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा कि कॉलेजों में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए प्रतिनियुक्ति की बजाय वर्चुअल क्लास रूम तकनीक को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके अलावा कॉलेज में आगामी सत्र से नए कोर्स शुरू करने के प्रयास किए जाएंगे। इस मौके पर कॉलेज स्टाफ उपस्थित रहा।

### होली मेले के लिए जमकर बिक रहा है गुलाल

**सुजानपुर।** सुजानपुर में होली मेला से पहले शहर में जमकर गुलाल बिक रहा है। मुख्य बाजार में सजाई गई गुलाल की दुकानों में लोग जमकर रंगों की खरीदारी करते दिखे। इन दुकानों में रंगों के अलावा पिचकारियां भी जमकर बिक रही हैं।

### गलोड़ में आज बंद रहेगी बिजली

**गलोड़।** सहायक अभियंता विद्युत उप मंडल गलोड़ शिवम डोगरा ने बताया कि 33, 11 केवी सब-स्टेशन की मरम्मत व नए उपकरणों की टेस्टिंग के लिए 23 मार्च शनिवार को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सुबह 10 बजे से दोपहर दो तक गलोड़ से पनियाली गलोड़ से घनेड़ गलोड़ से सलोनी गलोड़ से फाहल गलोड़ से गाहलियां की विद्युत आपूर्ति नहीं होगी।

### नींबू दौड़ में सावित्री और संतोष फर्स्ट

**जाहू।** आंगनबाड़ी केंद्र जाहू कलां ने पोषण पखवाड़ा पर्यवेक्षक सुनील कुमार नड्डा की अध्यक्षता में मनाया। इस दौरान करवाई गई नींबू दौड़ प्रतियोगिता में सावित्री रांगड़ा व संतोष कुमारी प्रथम रही, जबकि बच्चों की कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में शगुन व आयुष अव्वल रहे।

### पेंटिंग व नारा लेखन प्रतियोगिता में चेतना प्रथम

**हमीरपुर।** जल, पृथ्वी पर सभी जीवित प्राणियों के लिए जीवन की सबसे महत्त्वपूर्ण आवश्यकता है, परंतु वैश्विक स्तर पर जिस तरह से ग्लोबल वार्मिंग के चलते तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है, जिससे दुनिया का हर देश पानी की कमी के संकट से जूझ रहा है। भारत में भी यह समस्या एक विकराल रूप ले रही है। इस गंभीर मुद्दे पर राजकीय उत्कृष्ट माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में विश्व जल दिवस पर स्काउट गाइड तथा मयूर ईको क्लब के सौजन्य से पेंटिंग और नारा लेखन प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें चेतना प्रथम रही। प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने बताया कि स्टूडेंट्स ने चित्रों के माध्यम से बताने का प्रयास किया कि किस प्रकार हम वर्षा जल को सुरक्षित कर सकते हैं। यदि सभी मिलकर प्रयास करें तो जल की हर बूंद को बचाया जा सकता है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि आवश्यकता से अधिक जल का प्रयोग न करें।

### जिले में चलेगा टीबी मुक्त अभियान

**हमीरपुर।** उपायुक्त अमरजीत सिंह ने स्वास्थ्य विभाग से संबंधित तीन जिला स्तरीय समितियों की बैठक की अध्यक्षता की तथा अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए। टीबी मुक्त अभियान से संबंधित जिला टीबी फोरम और जिला क्षय रोग उन्मूलन समिति की बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से जिला में टीबी रोगियों की ताजा स्थिति की जानकारी ली। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके अग्निहोत्री, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय जगोता और टीबी उन्मूलन अभियान के जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनील कुमार ने टीबी मुक्त अभियान के संबंध में विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। उपायुक्त ने एचआईवी-एड्स पीड़ित बच्चों से संबंधित जिला स्तरीय समिति की बैठक के दौरान भी अधिकारियों से इन बच्चों के बारे में विस्तृत रिपोर्ट ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। तीनों समितियों की बैठकों में सभी खंडों के खंड चिकित्सा अधिकारी और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### सुजानपुर कांग्रेस करवाएगी सम्मेलन

**सुजानपुर।** सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी का एक बड़ा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने पत्रकारों को बताया कि पुरानी ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारिणी भंग कर दी गई है तथा शीघ्र ही नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

### कन्या की शादी के लिए दिया राशन

**नादौन।** प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था हिंद संग्राम परिषद की इकाई कांगू की बैठक संस्था के चेयरमैन अश्विनी कुमार शर्मा कि अध्यक्षता में कार्यालय दंगडी में संपन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित वासुदेव शर्मा के अलावा प्रदेश प्रभारी मोहन सिंह ठाकुर, प्रसिद्ध समाजसेवी राम लाल शर्मा, कृष्ण देव शर्मा आदि ने भाग लिया। इस मौके पर संस्था ने विचार-विमर्श किया और एक कन्या की शादी के लिए राशन का राशन देने का निर्णय लिया। पंडित वासुदेव शर्मा ने कहा कि संस्था में ज्यादा से ज्यादा सदस्य जोड़ने पर ध्यान देने की जरूरत है, ताकि हम लोगों की सेवा कर सकेंगे।

### राज राजेश्वरी कॉलेज में 50 लोगों ने किया रक्तदान

**हमीरपुर।** राज राजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय भोटा में रेड रिबन क्लब के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कॉलेज के स्टूडेंट्स तथा स्टॉफ सदस्यों, भोटा व मनसूई के गांववासियों सहित 50 लोगों ने रक्तदान किया। यह शिविर डॉ. राधाकृष्णन सिविल अस्पताल के डॉ. रिषभ कुमार, वरिष्ठ लैब टेक्नीशियन कमलेश शर्मा, मंजू चंदेल स्टाफ नर्स, राहुल चौधरी, नसीब सिंह, राजेंद्र तथा अशोक ने सफलतापूर्वक करवाया। इस शिविर में कॉलेज कमेटी के चेयरमैन मनजीत सिंह, सचिव कुलबीर सिंह ठाकुर, कॉलेज प्राचार्य डॉ. राज कुमार धीमान, रेड रिबन क्लब के समन्वयक ज्योति तथा समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### सोसायटी ने टॉपर बच्चों को किया पुरस्कृत

**नादौन।** सामाजिक संस्था नेशनल डिवेलपमेंट सोसायटी हिमाचल प्रदेश ने गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल रैल के मेधावी बच्चों को पं. रोशन लाल पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अध्यक्ष डॉ. ओपी शर्मा ने बताया कि संस्था ने स्कूल के टॉपर बच्चों को सम्मानित करने के लिए पंडित रोशन लाल पुरस्कार योजना शुरू की है जिसके तहत सीनियर सैकेंडरी स्कूल रैल की 12वीं की टॉपर साक्षी को 2500, सेकेंड शिवानी डोगरा को 2000, दसवीं की टॉपर महक को 2000 तथा सेकेंड दिव्यांशी को 1500 रुपए देकर पुरस्कार दिया है।

## सहभागिता-जागरूकता से बढ़ेगा वोट प्रतिशत : संजय



भकेड़ा पंचायत के बेहड़वीं में स्वीप कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं।

**भरेड़ी।** भोरंज विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा चुनावों में वोट प्रतिशत को बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जहा रहा है। शुक्रवार को भकेड़ा पंचायत के बेहड़वीं गांव में स्वीप कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि भोरंज एसडीएम संजय स्वरूप ने महिला मंडल के सदस्यों, महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि वोट डालने की बेरुखी लोकतंत्र की सफलता में सबसे बड़ी बाधा है। यही वजह है कि भकेड़ा बूथ में विधानसभा के चुनावों में सबसे कम मतदान हुआ है। उन्होंने कहा कि लोकसभा के चुनावी उत्सव को सफल बनाने के लिए सभी वर्गों की सहभागिता और जागरूकता बहुत जरूरी है। इसके लिए सभी ग्रामीणों को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि जो लोग घर से बाहर नौकरी करते हैं व अन्य कार्यों के लिए बाहर रहते हैं, उन्हें चुनाव के दिन वोट डालने के लिए संपर्क करें ताकि इस बार भकेड़ा का वोट प्रतिशत कम न हो। इस दौरान महिलाओं में जागरूकता के लिए खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें कुर्सी दौड़ में समीक्षा ने प्रथम, नींबू दौड़ में मनीषा और रस्साकशी में सीमा, रमना व रीता ने प्रथम स्थान हासिल किया।

# हमीरपुर शहर में नलों से आ रहा गंदा पानी, हड़कंप

## हमीरपुर जिले में पिछले दिनों फैल चुका है डायरिया

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

शहर के मध्य में स्थित वाटर सप्लाई के नलों से मिट्टी युक्त गंदे पानी की सप्लाई होने की वजह से लोगों में हड़कंप मचा है। पिछले तीन दिनों से गंदे पानी की सप्लाई आ रही है। कई लोगों ने इसकी शिकायत की है। जो लोग नल की टोंटी खोलकर पानी की सप्लाई को चेक कर रहे हैं, उन्हें इसकी जानकारी मिल रही है। टाउन हॉल के आसपास कई नालों में इस तरह का पानी आ रहा है।

शहर के कई इलाकों में पिछले कुछ दिनों से पीने के पानी की किल्लत भी जारी थी, उसमें अब सुधार तो हो गया है, लेकिन इस सुधार के साथ अब इस तरह की मुसीबत भी उन्हें उठानी पड़ रही है। टाउन हॉल के आसपास शुक्रवार को भी पानी सप्लाई बेहद खराब निकली। स्थानीय निवासी बीरबल कुमार का कहना था कि उनके घर में भी ऐसा ही पानी आ रहा है। राकेश कुमार कह रहे थे कि इस पूरे इलाके में शुरू में जो सप्लाई आती है, उसमें से करीब 15 से 20 बाल्टी खराब पानी की निकलती हैं। उसके बाद सप्लाई साफ हो जाती है। (अनंत ज्ञान)



नल से निकला गंदा पानी।

### पानी की सप्लाई इतनी गंदी क्यों?

**ऐसा** लग रहा है कि गंदे पानी की यह सप्लाई टैंक की वजह से है या फिर लीकेज के कारण आ रही। इसका जल शक्ति विभाग को जवाब देना होगा, उसी को इसकी जांच करवानी चाहिए। अधिकारियों को सुबह के समय आकर यह देखना चाहिए कि पानी की सप्लाई इतनी गंदी क्यों है। यदि लोग बीमार पड़े तो शहर में एक और मुसीबत खड़ी हो जाएगी। इधर जल शक्ति विभाग के एसडीओ राकेश सोनी ने तो फोन नहीं उठाया, लेकिन चीफ इंजीनियर विजय ढटवालिया का कहना था कि इस बारे में जांच करवाई जाएगी।

## लोंगणी में श्रीराम कथा का आयोजन



लोंगणी में डॉ. डोगरा को सम्मानित करते आयोजक।

**सुजानपुर।** ग्राम पंचायत करोट के लोंगणी में श्रीराम कथा का आयोजन किया गया जिसमें कथा वाचक पंडित लखनपाल ने भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान श्रीराम जी के जीवन पर प्रवचन दिए। इस दौरान जंगलबैरी अस्पताल के डॉक्टर सुरेंद्र डोगरा ने भी श्रीराम कथा को सुना। इस दौरान डॉ. डोगरा को ग्रामीणों ने सम्मानित किया। डॉ. डोगरा ने सभी ग्रामीणों को तेह दिल से धन्यवाद किया।

## ऑनलाइन कमाई के लालच में गंवाए 1,36,906 रुपए

**बिझड़ी।** सबसे शिक्षित जिला हमीरपुर में पैसों के लालच में कई लोग ऑनलाइन ठगी का शिकार हो रहे हैं। बड़सर के विजय कुमार पुत्र स्व. ज्ञान चंद गांव दरकोटी, तहसील बड़सर ऑनलाइन कमाई के लालच में लाखों रुपए से हाथ धो बैठे हैं, जिसकी शिकायत बड़सर थाना में करवाई गई है। शातिरों ने पहले युवक को ऑनलाइन काम कर मोटी कमाई का लालच दिया तथा उसके खाते में पैसे ट्रांसफर कर उसका विश्वास जीता और जब विश्वास पक्का हो गया तो उससे लाखों रुपए ऐंठ लिए। इस बारे में डीएसपी सचिन हीरेमठ ने बताया कि व्यक्ति ने ऑनलाइन ठगी की शिकायत पुलिस थाना में करवाई है।

## भागवत कथा के सुनने से मनुष्य हो जाता है अमर : अंकुश शर्मा

**नादौन।** प्राचीन शिव मंदिर नौंहगी में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत पुराण कथा में पांचवें दिन श्रीकृष्ण बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। कथा वाचक पंडित अंकुश शर्मा ने कहा कि सदा सुख केवल भगवान के चरणों में है। भागवत कथा से कल्याणकारी और कोई भी साधन नहीं है इसलिए व्यस्त जीवन से समय निकालकर कथा को आवश्यक महत्व देना चाहिए। अंकुश शर्मा ने कहा कि भागवत कथा से बड़ा कोई सत्य नहीं है। भागवत कथा अमृत है इसके श्रवण करने से मनुष्य अमर हो जाता है।

## लेफ्टिनेंट कर्नल नीरज शर्मा को सेना मेडल से नवाजा

**बिझड़ी।** नीरज शर्मा आर्मी एविएशन फोर्स में पिछले करीब 20 सालों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अपनी बहादुरी का परिचय देते हुए वर्ष 2022 में जब वह पूर्वी लद्दाख में अपनी सेवाएं दे रहे थे तो उन्होंने गहरी खाई में गिरे दो लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला था। वहीं 22 जून 2022 को अपने जीवन की परवाह न करते हुए उन्होंने हैवी वायर को सियाचिन ग्लेशियर में पहुंचाया था, जिसके लिए उन्हें भारतीय सेना द्वारा बहादुरी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

## भगवती स्कूल के बच्चों को समझाया जल का महत्व

**नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल में विश्व जल दिवस के रूप में मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर अध्यापिका शीतल चौधरी ने अपने भाषण के माध्यम से पानी के महत्व और संरक्षण के बारे में जागरूक किया। विश्व जल दिवस की थीम शांति के लिए जल का उपयोग है, सबको जल का महत्व समझना चाहिए और जल के संरक्षण के लिए अपना योगदान देना चाहिए। प्रिंसीपल आरती कटोच ने कहा कि जल का दुरुपयोग करना एक अभिशाप के समान है, जल से ही जीवन है, इसके बिना सृष्टि का कोई अस्तित्व नहीं है।

## लोकसभा व बड़सर विस उपचुनाव जीतेगी कांग्रेस : रूबल ठाकुर

**बिझड़ी।** एनएसयूआई के राष्ट्रीय संयोजक रूबल ठाकुर द्वारा कांग्रेस की मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमन भारती मौजूद रहे। भारती ने कहा कि पूर्व विधायक इंद्रदत्त लखनपाल को कांग्रेस पार्टी ने ही मान-सम्मान दिया। अब उस पार्टी को ही धोखा देकर चले गए। भारती ने कहा कि बड़सर को उपमंडल लोक निर्माण विभाग और सड़कों के अपग्रेडेशन के लिए 12 करोड़ मुख्यमंत्री सुक्खू ने ही तो दिए है। रूबल ने कहा कि हम पार्टी के लिए लड़ाई जारी रखेंगे और आगे भी पार्टी के लिए काम करते रहेंगे। इस अवसर पर विशाल राणा, विकास शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# खनन से आठ फुट गहरी हुई खाई

## गाइडलाइन की उड़ रहीं धज्जियां, शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**

बड़सर की शुक्र खड्ड में अवैध खनन से आसपास के गांवों में भूस्खलन हो रहा है लेकिन विभाग शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं कर रहा है। जिस जगह खनन हो रहा है उससे मात्र कुछ दूरी पर प्राइमरी स्कूल और पपलोहल पुल भी है। खड्ड के कई हिस्से क्रशर मालिकों को खनन के लिए लीज पर दिए गए हैं। क्रशर संचालकों को खड्ड को केवल एक मीटर तक ही खुदाई करने की गाइडलाइन जारी है, लेकिन यहां कई जगह खनन की वजह से आठ फुट तक गहरी खाइयां खड्ड के बीचों बीच बन चुकी हैं। हैरानी है कि पपलोहल के पास किए जा रहे खनन के कारण समताना व आसपास के गांव भूस्खलन की मार झेल चुके हैं तथा कई परिवारों को विस्थापन का दंश भी झेलना पड़ा है।



शुक्र खड्ड में अवैध खनन का दृश्य।

जिला माइनिंग अधिकारी सुरजीत सिंह का कहना है कि एक मीटर तक ही खनन की अनुमति क्रशर संचालकों को दी जाती है। अगर इस तरीके से खनन किया जा रहा है तो उन्हें नियमों का पालन करने बारे समझाया जाएगा। अगर फिर भी खनन करने वाली पार्टी नियमों का पालन नहीं करती हैं तो पुलिस के पास शिकायत दर्ज करवा दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# प्रश्नोत्तरी में मेघना, नितिन व क्षितिज की टीम प्रथम



आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यातिथि व स्टूडेंट्स।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग ने शुक्रवार को बाइट बैटल कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलसचिव कमल देव सिंह कंवर ने किया, जबकि उपकुलसचिव सुरेंद्र शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कुलसचिव ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से स्टूडेंट्स का मनोबल बढ़ता है। आशु भाषण में बीटेक के विकास ने प्रथम, एमसीए के साहिल शर्मा ने द्वितीय और बीटेक के साजिद ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं, प्रश्नोत्तरी में बीटेक की मेघना, नितिन और क्षितिज की टीम ने पहला, बीटेक की दीपाली, सिमरन, आकांक्षा की टीम ने दूसरा और बीटेक के पवन, अभिनंदन और अखिल की टीम तीसरे स्थान पर रही।

## चुनावी वर्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की इकाइयों के कार्य तय

**हमीरपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बैठक 15 मार्च से 17 मार्च तक नागपुर में आयोजित की गई, जिसमें संघ के आगामी कार्यों को लेकर चर्चा की गई और संघ द्वारा चुनावी वर्ष में किस तरह से कार्य किए जाएंगे, इसको लेकर रूपरेखा तय की गई है। बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सिंह और कार्यवाहक चंद्र प्रकाश ने कहा कि देश के 1500 संघ कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया है। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य चुनावी वर्ष में किस प्रकार से कार्य आगामी समय में किया जाएगा, इसको लेकर चर्चा की गई, इसके साथ ही जो बीते वर्ष संघ द्वारा कार्य किए गए हैं उनकी रिपोर्ट को भी प्रस्तुत किया गया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत के हर कोने में पहुंच चुका है। उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए भी संघ उचित कदम उठा रहा है।



प्रांत सिंह व चंद्र प्रकाश पत्रकार वार्ता करते हुए।

## महिलाओं के 1500 रुपए भाजपा को नहीं आ रहे रास : निशांत शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



भाजपा सिर्फ जनता को गुमराह करने वाली पार्टी ही नहीं है, बल्कि महिला विरोधी मानसिकता वाली पार्टी भी है। जारी प्रेस बयान में निशांत शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार ने हिमाचल की पांच लाख महिलाओं को पहली अप्रैल से 1500 रुपए मासिक पेंशन शुरू करने का निर्णय लिया था, लेकिन भाजपा के नेताओं को यह रास नहीं आया।

युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि पहले भाजपा नेता यह कहते हुए नहीं थकते थे कि सुक्खू सरकार 10 गारंटियां पूरी नहीं कर पाएगी, लेकिन जब सरकार ने एक-एक करके चरणबद्ध ढंग से गारंटियों को पूरा करना शुरू किया तो भाजपा के नेताओं में बौखलाहट शुरू हो गई। अब भाजपा जनहित वाली इन गारंटियों का विरोध कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी प्यारी बहना महिला सम्मान निधि योजना का विरोध कर रही भाजपा का महिला विरोधी चेहरा आम जनता के सामने बेनकाब हो गया है।

### यूथ कल्चरल फेस्ट की पहली सांस्कृतिक संध्या

## पहाड़ी गायक इंशात भारद्वाज ने बांधा समां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक उत्सव यूथ कल्चरल फेस्ट में पहाड़ी स्टार नाइट में इशांत भारद्वाज की धमाकेदार परफॉर्मेंस ने स्टूडेंट्स को झूमने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने निक्की जिनी गोजरी, हो रोई रो लगी लाना, हो उठी करी गुजरी वो, बाहरा जो आई आदि गानों से समां बांधा। इस दौरान स्टूडेंट्स और दर्शकों ने दो घंटे के इस संगीतमय माहौल का जमकर लुत्फ उठाया। फेस्ट की शाम में पहाड़ी संगीत और डांस की धूम रही।

विश्वविद्यालय में यूथ कल्चरल फेस्ट 21 मार्च को शुरू हो गया है, यह उत्सव दो दिन तक चलेगा। इस उत्सव का शुभारंभ मुख्यातिथि बालीवुड गायिका शिल्पा सुरोच ने किया। असिस्टेंट डीन स्टूडेंट वेलफेयर शिवाली राठौर ने बताया कि दिन की शुरुआत विभिन्न कार्यक्रमों से हुई, जिसमें स्टूडेंट्स ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इनमें हिमाचली नाटी, भांगड़ा, सोलो डांस, बांसुरी वादन, काव्य संगोष्ठी, कामेडी आदि शामिल हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्रों ने पुरानी व नवीनतम शैली को फैशन परेड द्वारा भी प्रस्तुत किया गया। इसके बाद युवाओं ने डीजे की धुन पर थिरकना शुरू कर दिया। कार्यक्रम में कुलपति डॉ. संजीव शर्मा, कुलसचिव डॉ. संजय ठाकुर, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सौरभ कुमार आदि उपस्थित रहे।



इशांत भारद्वाज अपनी प्रस्तुति देते हुए।

**गंदगी** | नगर परिषद खुले में कूड़ा फेंकने वालों पर कसेगा शिकंजा

# लोग गलियों में रात के अंधेरे में फेंक रहे कूड़ा

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हमीरपुर शहर की गलियों में लोग रात के अंधेरे में कूड़े के ढेर लगा रहे हैं, तो वहीं सफाई कर्मचारी भी इसे समय पर नहीं उठा रहे है। ऐसे में सड़कों पर घूम रहे आवारा कुत्ते कूड़े को बिखरने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। नगर परिषद हमीरपुर की ओर से अपने 11 वार्डों में घर-घर जाकर लोगों से जहां कूड़ा लिया जा रहा है, वहीं शहर के दुकानदारों से भी कूड़ा लिया जा रहा है। इस गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग किया जा रहा है।

रविवार को बाजार बंद होने के चलते कूड़े की गाड़ी बाजार में नहीं आती है, इसके चलते शहर के कुछ एक लोग रात के अंधेरे का फायदा उठाकर शहर की गलियों में कूड़े के ढेर लगा रहे हैं। यही वजह है कि रविवार को शहर की गलियों में कूड़ा ही कूड़ा बिखरा नजर आता है। यहां कूड़े में मुंह मारते कुत्ते आम देखे जा सकते हैं।

शहर के बुद्धिजीवी वर्ग का कहना है कि नगर परिषद को खुले में कूड़ा फेंकने वाले लोगों पर शिकंजा कसना चाहिए, तभी लोग सुधरेंगे, नहीं तो शहर में गंदगी के ढेर ऐसे ही आगे भी लगते रहेंगे। फिलहाल शहर की गलियों में बिखरा कूड़ा हर किसी को चिढ़ा रहा है और नगर परिषद के सफाई अभियान को भी ठेंगा दिखा रहा है। (अनंत ज्ञान)



हमीरपुर शहरी की गली में लगे कूड़े के ढेर।

> शहर की गलियों में खुले में कूड़ा फेंकने वाले लोगों पर जल्द ही शिकंजा कसा जाएगा। आसपास की दुकानों में सीसीटीवी कैमरे की मदद से ऐसे लोगों की पहचान कर उन्हें जुर्माना लगाया जाएगा, ताकि शहर की सुंदरता को कोई भी ग्रहण न लग सके।
> **-अजमेर सिंह ठाकुर, कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद**

## देश को तानाशाही की तरफ धकेल रहे पीएम मोदी : सुनील गोल्डी

**नादौन।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर देश की सियासत गरमा गई है। 'आप' प्रदेश प्रवक्ता सुनील कुमार गोल्डी ने कहा कि मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी को पार्टी ने असंवैधानिक करार दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार विपक्षियों को कमजोर करने के लिए ईडी, सीबीआई और आयरन विभाग का गलत तरीके से इस्तेमाल कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी का उद्देश्य विपक्षी दलों को कमजोर कर देश में तानाशाही को जन्म देकर जनता में डर का माहौल उत्पन्न करना है।



# मंडी के सेरी मंच में कल उड़ेगा गुलाल

भगत सिंह गुलेरिया, मंडी

मंडी शहर व आसपास के गांवों में एक दिन पहले ही रविवार को होली का त्योहार आयोजित किया जाएगा। हालांकि पहले यह त्योहार शहर व गांवों में परंपरागत रूप से मनाया जाता था, जिसमें लोग युवाओं व युवतियों की टोलियां एक-दूसरे को रंग, पिचकारी, गोबर व कीचड़ या जो भी उन्हें मिलता था उससे ही एक दूसरे को होली लगाते थे।

अभी कुछ वर्षों से मंडी शहर में यह आयोजन बड़े ही सुव्यवस्थित तरीके से किया जाता है। शहर के बीचों बीच युवक, युवतियां, बच्चे व बड़े सभी सेरी मंच, सड़क पौड़ियों व पैवेलियन में डीजे पर लोग थिरकते हुए एक-दूसरे पर होली का गुलाल फैंकते हैं।


होली के रंगों की खरीदारी करते लोग।

मंडी में इस आयोजन को राजाओं के समय से ही उचित स्थान प्रदान किया गया है ताकि राजा वह प्रजा के बीच नजदीकियां बनी रहे।

मंडी की होली की एक खासियत यह भी है कि बच्चे, लड़कियां लड़के या और ग्रुप

## ग्रामीण व शहरी संस्कृति का होगा अनूठा संगम

अपने-अपने हिसाब से होली खेलते हैं। एक खासियत यह भी है कि आम तौर पर किसी भी अनजान आदमी को यहां होली नहीं लगाई जाती है। शहर में पूरी मौज मस्ती के बाद राज देवता माधव राय की पालकी बाद दोपहर पूरे शहर में शोभायात्रा के रूप में निकलती है।

इस शोभायात्रा के पश्चात शहर में होली को एक तरह से संपन्न मान लिया जाता है। देर शाम को फाग की रस्म भी राज देवता माधव राय की उपस्थिति में ही संपन्न होती है।

# जल हर प्राणी के जीवन का आधार, न हो बर्बाद

पीयूष शर्मा, करसोग

हर वर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है। जो वैश्विक जल संकट से निपटने के लिए चिंतन और कार्रवाई को प्रेरित करने का दिन है। विश्व जल दिवस 2024 संस्करण शांति के लिए जल का लाभ विषय पर आधारित है। सुकेत संस्कृति साहित्य और जनकल्याण मंच पांगणा-सुकेत के अध्यक्ष डॉक्टर हिमेन्द्र बाली का कहना है कि जीवन में जल की उपयोगिता उतनी ही है जितनी जीने के लिए वायु की।

पृथ्वी ही ऐसा ग्रह है जहां चर-अचर जीवों को जीवित रहने के लिए पृथ्वी, आकाश, जल, वायु एवं अग्नि जैसे तत्व विद्यमान है,


नल से पानी पीता हुआ बैल।

परन्तु अंधाधुंध भौतिक विकास की लालसा ने पृथ्वी पर से प्राणवायु देने वाले वनों के आकार को बहुत सीमित कर दिया है जिससे तापमान में अप्रत्याशित वृद्धि और जलवायु में अप्राकृतिक परिवर्तन की भयानक घटनाएं हो रही है।

## हर पल जल की बूंद-बूंद की करें बचत

असामान्य मौसम के कारण पृथ्वी पर जल संकट के वैश्विक त्रासदी के रूप में उभर कर सामने आया है। इस त्रासद पर्यावरणीय संकट को देखते हुए वैज्ञानिकों ने अनुमान लगाया है कि तीसरा विश्व युद्ध जल के लिये होगा। संस्कृति मर्मज्ञ डॉक्टर जगदीश शर्मा का कहना है कि जल हर प्राणी के जीवन का आधार है।

जल संकट ग्रीष्म ऋतु में हिमाचल में घोर संकट का रूप धारण कर लेता है। मनुष्य तो मनुष्य जानवर भी जल के घोर संकट से दो चार होते हैं। बेसहारा पशु की त्रासदी यह रहती है कि सर्दियों में हिमपात और सर्दी से इनकी असामयिक मौत हो जाती है और गर्मियों में भीषण गर्मी से पनपे जल संकट से बूंद बूंद के लिए तरसते देखा जा सकता है।

डॉक्टर जगदीश शर्मा द्वारा खींचा संलग्न चित्र इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है कि मानव की नृशंस विकास की प्रवृत्ति के कारण निरीह जानवर भी प्रकृति द्वारा दी गई सजा को भुगतने के लिए अभिशप्त है। अत: हर क्षण, हर स्थान हर पल जल की बूंद-बूंद की बचत करे। क्योंकि जल की हर बूंद अनमोल है।

# न्यूज ब्रीफ

## मीना ने संभाला डीपीआरओ मंडी का कार्यभार



**मंडी।** मीना बेदी ने जिला लोक संपर्क अधिकारी मंडी का कार्यभार संभाल लिया है। हमीरपुर की रहने वाली मीना बेदी इससे पहले ऊना के अलावा निदेशालय सूचना एवं जन संपर्क विभाग शिमला में सूचना अधिकारी के पद पर और हमीरपुर में जिला लोक संपर्क अधिकारी के पद पर भी कार्य कर चुकी हैं। मंडी में कार्यरत जिला लोक संपर्क अधिकारी सचिन संगर का जिला ऊना में स्थानांतरण हुआ है। मीना बेदी ने कहा कि वह मीडिया के साथ बेहतर तालमेल के साथ कार्य करेंगी।

## नर्सिंग प्रशिक्षुओं को बताया मतदान का महत्व




**मंडी।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 'चुनाव का पर्व देश का गर्व' थीम के अंतर्गत लोकतंत्र की समृद्धि के लिए प्रायोजित स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत नैना कॉलेज ऑफ नर्सिंग नागचला में नर्सिंग प्रशिक्षु भावी मतदाताओं तथा स्टाफ को आगामी लोकसभा चुनाव के बारे में जानकारी दी। उन्हें मतदान का महत्व बताया। कार्यक्रम में स्वीप नोडल ऑफिसर पवन कुमार, वेद प्रकाश, कुसुम कुमारी मौजूद रहे।

## पीडब्ल्यूडी जोगिंद्रनगर को मिली नई जेसीबी

**जोगिंद्रनगर।** हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग 15 साल की उम्र पूरी कर चुके वाहनों को बाहर कर रहा है और इसी क्रम में पीडब्ल्यूडी जोगिंद्रनगर को भी एक और नई जेसीबी की सौगात मिली है। अधिशाषी अभियंता जेपी नायक ने बताया की लोक निर्माण विभाग जोगिंद्रनगर के पास उपलब्ध एकमात्र जेसीबी 15 वर्ष की उम्र पूरी करने वाली है। जिसके चलते विभाग को विकास कार्यों में तेजी लाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। वहीं विभाग के कनिष्ठ अभियंता हरीश गोस्वामी ने जोगिंद्रनगर में जेसीबी का विधिवत रूप से पूजा कर पीडब्ल्यूडी में शामिल किया।

## नहीं बन पाया अर्बन हेल्थ व वेलफेयर सेंटर

**मंडी।** केंद्र सरकार के हेल्थ व फैमिली वेल्फेयर मंत्रालय द्वारा प्रदेश सरकार के माध्यम से यहां एक अर्बन हेल्थ व वेलफेयर सेंटर खोलने की योजना है। इसके लिए 70 लाख की ग्रांट म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन को गत वर्ष 13 जून को जारी की गई है। लगभग 9 मास बीत जाने के बाद भी अभी तक इस दिशा में कोई भी कार्य नहीं हुआ है। केवल कदम ताल ही चल रहा है। सीटीजन कौंसिल के प्रधान ओपी कपूर के अनुसार अभी तक जहां इसे स्थापित करना है, वह जगह अभी तक प्रशासन ने नगर निगम को मुहैया ही नहीं करवाई है। उन्होंने बताया कि सिटिज़न कॉउन्सिल का प्रतिनिधि मंडल उपायुक्त से उनकी व्यस्तता के कारण मुलाकात नहीं पाया तो एक पत्र आयुक्त, नगर निगम को भेजा है।

## नेकराम ने किया किसान मेले का शुभारंभ

**सुंदरनगर ।** 22 से 28 मार्च तक आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय नलवाड़ मेला-2024 के दौरान पहली बार किसान मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसमें किसान मेले का शुभारंभ पद्मश्री नेक राम शर्मा ने किया। इस दौरान उन्होंने किसान मेले में लगाई गई किसानों से संबंधित विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियों का अवलोकन कर प्रदर्शनियों के बारे अपने विचार सांझा किए।



## नेरचौक में हेल्थ केयर सेंटर का शुभारंभ

**नेरचौक।** थेरेपी सेंटर 3 एच हेल्थ केयर का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन अभिलाषी शिक्षा समिति नेरचौक की वाइस चेयरपर्सन डॉ. प्रोमिला अभिलाषी, सचिव नरेंद्र कुमार व डॉ. नीलम कुमारी के कर कमलों द्वारा हुआ। इस हेल्थ केयर सेंटर का संचालन पुष्पा द्वारा किया जा रहा है। इनका एक सेंटर जाहू कस्बे में पहले से ही कार्यरत है। वहीं इस हेल्थ केयर सेंटर के खुलने से स्थानीय जनता को काफी लाभ मिलेगा।



## बरोहकड़ी में मतदान बारे किया जागरूक

**गोहर।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरोहकडी में मतदान के प्रति जागरूकता लाने के लिए स्वीप प्रोग्राम के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा भाग लिया गया। जिसमें पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में प्रथम व द्वितीय स्थान पाने विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य श्री अक्षय राणा द्वारा सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य ने बच्चो को मतदान की उपयोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। लोकतंत्र के लिए मतदान का क्या महत्व है मतदान क्यों अनिवार्य है, इसके बारे में छात्रों को जागरूक किया। इस कार्यक्रम में पाठशाला के चुनावी साक्षरता क्लब के प्रभारी खेमराज, अन्य स्टाफ सदस्य व पाठशाला के विद्यार्थी भी उपस्थित थे। यह जानकारी नाचन विधानसभा के 'स्वीप कार्यक्रम' के नोडल अधिकारी पवनजीत कश्यप ने दी।

### राज्यस्तरीय नलवाड़ मेला सुंदरनगर का शुभारंभ, डिविजनल कमिश्नर ने किया ध्वजारोहण

# ढोल की थाप पर निकाली जलेब

उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर

शुकदेव मुनि की तपोस्थली सुंदरनगर में मनाए जाने वाले सात दिवसीय ऐतिहासिक राज्यस्तरीय नलवाड़ मेला-2024 का शुभारंभ शुक्रवार को विधिवत रूप से हो गया है। मेले का आगाज मंडी मंडल की डिविजनल कमिश्नर राखिल काहलों ने नगौण खड्ड में बैल पूजन और खूंटी गाड़कर करने के उपरांत जवाहर पार्क में ध्वजारोहण कर किया।

इस अवसर पर मुख्यातिथि व अन्य लोगों ने रंगीन पगड़ियां लगाकार बैंड बाजे व ढोल की थाप पर पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस से नगौण खड्ड तक जलेब निकाली। वहीं इस मौके पर पदमश्री नेकराम ने किसान मेले का रिबन काटकर आगाज किया। लोगों को संबोधित करते हुए राखिल काहलों ने कहा कि सात दिवसीय नलवाड़ मेला सुंदरनगर की सांस्कृतिक धरोहर है। इस मेले में मंडी जिला के अलावा प्रदेश और बाहरी राज्यों के लोगों की संस्कृति जानने का मौका मिलता है। नलवाड़ मेला एक बहुत बड़ा आयोजन है और स्थानीय परंपरा को आगे ले जाने का माध्यम है। इस वर्ष राज्यस्तरीय नलवाड़ मेला को किसान मेला के नए कॉन्सेप्ट के


खूंटी गाड़कर नलवाड़ मेले का शुभारंभ करते हुए डिविजनल कमिश्नर व अन्य।

साथ जोड़कर मनाया जा रहा है। मेलों के माध्यम से परंपराओं को जीवंत रखना सभी लोगों का दायित्व है। राखिल काहलों ने लोगों से राज्यस्तरीय नलवाड़ मेला को स्वच्छता और अनुशासित तरीके के साथ मनाने का आह्वान किया है।

इस मौके पर डिवीजनल कमिश्नर राखिल काहलों ने मंच से लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने और नए वोटरों को जल्द से जल्द अपना वोट बनाने की अपील की। कार्यक्रम में सीडीपीओ सुंदरनगर, जलशक्ति विभाग के अधिषाशी अभियंता ई.रजत गर्ग, सहायक अभियंता ई.दिनेश राणा, पीडब्ल्यूडी के अधिषाशी अभियंता ई. जयपाल शर्मा, थाना प्रभारी नानक चंद सहित अन्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## कार्ड पर समयसारिणी न होने से असमंजस

**मेला** के निमंत्रण पत्र पर किसी भी प्रकार की समयसारिणी मौजूद न होने के कारण सभी विभागों व लोगों के बीच असमंजस की स्थिति बनी रही। इस कारण प्रतिवर्ष की तरह सुबह 10 बजे ही लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में पहुंच गए थे।

## कार्यक्रम से नदारद रहे नगर परिषद अध्यक्ष

नगर परिषद सुंदरनगर के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित कोई भी स्थानीय पार्षद राज्यस्तरीय नलवाड़ मेला-2024 के शुभारंभ पर मौजूद नहीं रहे। प्रबंधन कमेटी द्वारा कोई तवज्जो नहीं देने से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सभी पार्षद शुभारंभ जलेब से नदारद रहे। पार्षदों में रोष था कि उन्हें नलवाड़ मेला की किसी भी बैठक में नहीं बुलाया गया और मेला का निमंत्रण भी एक दिन पहले रात के अंधेरे में दिया गया।

## घंटों इंतजार करती रही महिला मंडलों की महिलाएं

**नलवाड़** मेला-2024 के शुभारंभ अवसर पर आयोजित जलेब में क्षेत्र के विभिन्न महिला मंडलों की दर्जनों महिलाओं ने शिरकत की। मेला में शिरकत करने पहुंची महिलाएं सुबह 9 बजे से ही लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह पहुंच गई, लेकिन मुख्यातिथि दोपहर बाद 3 बजे सुंदरनगर पहुंची और महिलाएं भूखी ही मोर्चे पर डटी रहीं। कर्मचारियों और स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं भी घंटों इंतजार करते रहे। राजनीतिक दल से लगाव रखने वाले लोगों में पगड़ियां लगाने को लेकर जदोजहद देखी गई।


कार्यक्रम के शुभारंभ का इंतजार करती महिलाएं।

# निर्धारित समय अवधि में डाटा अपलोड करें विभागाध्यक्ष

अनंत ज्ञान, करसोग

लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत विभिन्न विभागों के डीडीओ (आहरण एवं संवितरण अधिकारी) विभागाध्यक्षों के लिए डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर इलेक्शन (डाइस) वेब सॉफ्टवेयर के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता एसडीएम करसोग राजकुमार ने की।

इस अवसर पर सभी अधिकारी व कर्मचारी चुनाव संबंधी कार्य पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ करे। उन्होंने कहा कि अधिकारियों व कर्मचारियों का डाटा निर्धारित समय में डाइस वेब सॉफ्टवेयर में अपलोड करना सुनिश्चित करें, यदि डाटा अपलोड करने में कोई कठिनाई हो तो वे इस संबंध में उपमंडलाधिकारी कार्यालय में भी संपर्क कर सकते है।

करसोग विधानसभा क्षेत्र के सभी अधिकारी दो अप्रैल तक डाइस वेब सॉफ्टवेयर में डाटा अपलोड करना सुनिश्चित करे ताकि बाद में कोई परेशानी न उठानी पड़े, क्योंकि मतदान के लिए सभी पोलिंग पार्टियों की तैनाती डाइस वेब सॉफ्टवेयर के माध्यम से ही की जाएगी।

चुनावी प्रक्रिया लोकतंत्र का सबसे बड़ा महाकुंभ है और इसमें भागीदारी हम सब के लिए गर्व की बात है। सभी की भागीदारी से ही लोकतंत्र के इस सबसे बड़े महाकुंभ के आयोजन को सफल बनाया जा सकता है।

## युवाओं के मतदाता सूची में जोड़े जा रहे नाम

**मंडी।** एसडीएम सदर ओम कांत ठाकुर ने बताया कि एक अप्रैल, 2024 को 18 या इससे अधिक आयु के हो रहे युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े जा रहे हैं ताकि वह आगामी लोकसभा चुनावों में मतदान कर सकें। कोई भी युवा जो 18 वर्ष की आयु का हो वह अपना नाम 4 मई, 2024 तक मतदाता सूची में दर्ज करवा सकता है। लोकसभा निर्वाचन-2024 को मध्यनजर रखते हुए 33-मंडी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से छुटे हुए मतदाताओं के नाम जोड़े जा रहे है। मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए बूथ लेबल अधिकारी के कार्यालय में रंगीन पासपोर्ट आकार फोटो, आधार संख्या, आयु और निवास के प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि के साथ आवेदन करना होगा।


ओमकांत ठाकुर।

## शानन परियोजना के रखरखाव में पंजाब सरकार विफल : अनिल



**जोगिंद्रनगर।** अधिवक्ता अनिल कुमार ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के जिला मंडी के अंतर्गत पड़ने वाले उपमंडल जोगिंद्रनगर में ब्रिटिसकाल में बने शानन पावर हाउस जो लगभग 110 मेगावाट क्षमता के साथ स्थापित किया गया था व वर्तमान में पंजाब सरकार के अधीन है, जिससे कि कई सौ करोड़ की वार्षिक आय पंजाब सरकार को प्राप्त होती है, लेकिन पंजाब सरकार व पंजाब बिजली विभाग इस परियोजना का रख-रखाव सही तरीके से नहीं कर रही है जिससे न सिर्फ स्थानीय लोगों को परेशानी होती है बल्कि यह परियोजना मूलभूत सुधार के बिना ही कार्य कर रहीं है।

परियोजना के अभिन्न अंग रोपवे से चलने वाली ट्रेन जो जोगिंद्रनगर से बरोट तक किसी जमाने में चलती थी वो भी कई दशकों से बंद पड़ी है।

# सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग लोकतंत्र के लिए घातक : राकेश

अनंत ज्ञान, नेरचौक

आम आदमी पार्टी जिला मंडी की बैठक का आयोजन नेरचौक में किया गया। जिसकी अध्यक्षता राकेश रावत जिला अध्यक्ष मंडी द्वारा की गई। रावत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इस समय सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग अपने निजी स्वार्थ के लिए कर रही है। जो लोकतंत्र के लिए बहुत ही घातक है । जिस तरह आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी चुनाव के समय पर करना बहुत ही घटिया सोच और एक लोकतंत्र की हत्या के समान है। इस मीटिंग में जिला सेक्रेटरी चमन ठाकुर और प्रवक्ता अश्वनी शर्मा, बल्ह मंडल अध्यक्ष बंसीलाल शर्मा, ताराचंद भाटिया आदि लोग शामिल रहे।



बैठक के दौरान सामुहिक चित्र में

# बच्चों को दिए जीवन में सफल होने के टिप्स

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

राज्यकीय महाविद्यालय कोटली का प्रथम वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। प्राचार्या डॉक्टर पूनम शर्मा ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया सरस्वती वंदना से शुरुआत कर कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी। हरियाणवी नृत्य, सेमी क्लासिक नृत्य, पंजाबी गिद्दा और पहाड़ी नाटी भी शामिल रही।

मंच का संचालन प्रोफेसर सोनू ठाकुर व वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. नवीन ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ. पूनम शर्मा ने विद्यार्थियों के जीवन में सफल होने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। विद्यार्थियों को शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सड़क सुरक्षा क्लब को उनकी उपलब्धियां के आधार पर पारितोषिक वितरण किया गया।


कार्यक्रम दौरान विद्यार्थी व शिक्षक।

समारोह में प्रोफेसर डॉ. नवीन कुमार, मनोहर लाल, डॉ. राकेश कुमार, सोनू, सुरेश कुमार, सौरभ ठाकुर पुस्तकाध्यक्ष कविता मल्होत्रा, अधीक्षक हेमंत, वरिष्ठ सहायक राकेश, लिपिक सिकंदर व मंत्र देवी डोगरी, काली, और किशन आदि उपस्थित रहे।

# बच्चों को मोबाइल से रखें दूर : वीरेंद्र

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

## तक्षशिला स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह संपन्न

तक्षशिला इंटरनेशनल स्कूल किडो किंग स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्यतिथि नगर निगम महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा न शिरकत की।

उन्होंने बच्चों द्वारा प्रस्तुत सुंदर कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा की बच्चें हमारे देश के भविष्य की नींव हैं, नींव मजबूत होगी तो इमारत भी बुलंद होगी।

उन्होंने बच्चों के अविभावकों से आग्रह किया कि मोबाइल का प्रयोग बच्चों के सामने कम-से-कम करें और बच्चों को भी इससे दूर रखें और आवश्यकता पड़ने पर ज्ञानवर्धक बातों की जानकारी के लिए ही मोबाइल का प्रयोग करें।


कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य व बच्चों को सम्मानित करते वीरेंद्र भट्ट शर्मा व अन्य।

इस अवसर पर नगर निगम पार्षद अलकनंदा हांडा, तक्षशिला इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य शैलजा कश्यप व स्कूल के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## अवैध शराब बरामद

**सुंदरनगर।** आदर्श चुनाव आचार संहिता के तहत गठित स्पेशल टास्क फोर्स ने शराब माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई अमल में लाई है। सहायक आयुक्त अपूर्व चंदेल ने कहा कि टीम ने देवीदढ़ क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान 36 हजार मिलीलीटर अवैध शराब बरामद की है। इसमें 6 हजार मिलीलीटर और 30 हजार मिलीलीटर देशी शराब जब्त की है।

मामले को 15 हजार रुपए में कंपाउंड किया गया है। इसके साथ एक अन्य मामले में आबकारी टीम ने महादेव-धनोटू क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 7950 मिलीलीटर अवैध शराब जब्त की।

इस मामले को 5500 रुपए में कंपाउंड किया गया।

# वन्य प्राणी सुरक्षा पर किया जागरूक


कार्यशाला संपन्न होने के दौरान सामूहिक चित्र में ।

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

हिमाचल प्रदेश वन अकादमी सुंदरनगर में 'ह्यूमन वाइल्डलाइफ कनफ्लिक्ट मिशन एंड रिलेटेड इश्यू' विषय को लेकर तीन दिवसीय कार्यशाला संपन्न हुई। इस अवसर पर वन अपराध, वन्य प्राणी व मनुष्य के बीच में संबंध, वन्य प्राणी सुरक्षा संबंधी जानकारी दी।

इसका शुभारंभ प्रदीप कुमार ठाकुर, भारतीय वन सेवा, अतिरिक्त प्रधान मुख्य अरण्यपाल एवं निदेशक हिमाचल प्रदेश ने किया।

वहीं कोर्स डायरेक्टर सुभाष चंद्र पराशर, भारतीय वन सेवा, संयुक्त निदेशक हिमाचल प्रदेश वन अकादमी द्वारा इसका कार्यशाला के विषय के बारे में जानकारी दी। इस समारोह में पीयूष शर्मा, देवेंद्र डोगरा, संदीप कुमार, बेसरी शर्मा व अन्य मौजूद रहे।

**परेशानी** हाईवे निर्माण से कई संपर्क सड़कें और रास्ते बंद, निर्माण कंपनी नहीं कर रही सुनवाई

# अधिकारियों ने खुद बहाल की एक साल से अवरुद्ध सड़क

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

पिछले 2 साल से हाईवे निर्माण में लगी कंपनी द्वारा घटिया निर्माण के चलते जहां हजारों लोगों को परेशान किया जा रहा है, वहीं कई संपर्क सड़कें और रास्ते भी बंद कर दिए है।

लोग सरकार और प्रशासन को शिकायतें कर रहे हैं, परंतु कोई गौर नहीं किया जा रहा। जिसके चलते थक हारकर लोग खुद ही अब विभागों निजी संस्थानों और घरों को जाने वाले संपर्क सड़क और रास्ते तैयार करने में लग गए हैं, ऐसे ही मामले अनुसार उपमंडलीय पशु चिकित्सालय सरकाघाट के वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजिंद्र सिंह जसवाल की अगुवाई में पशु पालन परिचारकों और पशु औषधियोजकों ने श्रम दान कर


श्रमदान करते हुए पशु चिकित्सालय के डॉक्टर और स्टाफ।

## रोड बंद होने से पशु पालकों को पेश आती थी समस्या

सड़क मेन से पशु चिकित्सालय को जाती थी, उसको पिछले एक साल से लेह अटारी मार्ग के निर्माण में लगी कंपनी द्वारा बंद कर दिया गया था, जिसको आज सभी अधिकारी और कर्मचारियों के सहयोग से बनाया गया।

इस रोड के बंद होने से चिकित्सालय में आने बाले पशु पालकों और पशुओं को उतरने और चढ़ने में काफी समस्या का सामना करने पड़ता था।

विभाग द्वारा उपमंडलाधिकारी सरकाघाट द्वारा काफी बार नेशनल हाईवे कंपनी को अवगत कराया गया लेकिन निर्माण कंपनी के कानों में जूं तक नहीं रेंगी, जिससे दुखी होकर आज विभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारियों जिसमें डॉ. राजिंद्र सिंह जसवाल, पशु पालन सहायक विजय शर्मा, राहुल सकलानी, देव राज, राकेश, अनूप बल्याणी, जगदीश चंद आदि सदस्यों ने मिलकर रोड का निर्माण कर दिया।

### किसान उत्पादक संघ-एफपीओ गठित

# भूपिंद्र बने एथलीट कोच सचिव

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

धर्मपुर खंड में किसान उत्पादक संघ-एफपीओ गठित किया, जिसका क्षेत्रीय सम्मेलन पंचायत घर टिहरा में आयोजित किया गया। सम्मेलन कि अध्यक्षता चंद, सत्तपाल और करतार चौहान ने की और एफपीओ के सचिव भूपेंद्र सिंह ने इसका उद्घाटन किया।

वहीं आज टिहरा में कमेटी बनाई जाएगी, जिसमें 23 को धर्मपुर, 27 को संधोल और 29 को मंडप में सम्मेलन आयोजित किया जाएगा और उसके बाद 10 अप्रैल को सभा का जनरल हाऊस आयोजित होगा।

## पंचायत घर टिहरा में क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित

इस दौरान करतार सिंह चौहान को अध्यक्ष, रमेश पालसरा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जगत राम को उपाध्यक्ष, भूपिंद्र भुप्पी को महासचिव, लुद्दर सिंह को सचिव निर्मला देवी, कमला देवी को सह सचिव चुना गया और 35 सदस्यीय कमेटी भी गठित की गई जिसमें मेजर विधि सिंह मास्टर विधि सिंह, मोहर सिंह, चमन लाल, लेख राज, वीरेंद्र पठानिया, रूपलाल शास्त्री, बलदेव राणा, प्रजा राम, उषा, मंजू और संतोषी को कमेटी सदस्य चुना गया।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

सूचना

मैं ऋषीकेश पुत्र नोता राम गांव खड़कल्याणा, डाकघर बरयारा तहसील कोटली, जिला मंडी, हि. प्र. घोषणा करता हूं कि मेरा लड़का अंकित व बहू श्रीमती कुसुम राव मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। मैं इन दोनों को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं, इनके साथ लेनदेन करने वाला व्यक्ति स्वयं जिम्मेवार होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### केंद्र सरकार ईडी का कर रही दुरुपयोग : विकास

**गगरेट।** आम आदमी पार्टी के प्रमुख एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ईडी द्वारा की गई गिरफ्तारी को हिमाचल प्रदेश कांग्रेस स्टेट ह्यूमन राइट एंड लीगल सैल के महासचिव वरिष्ठ अधिवक्ता विकास कश्यप ने लोकतंत्र की हत्या करार दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ईडी की इस कद्र दुरुपयोग करने में जुटी है कि अब संवैधानिक पदों पर बैठे हुए लोग भी सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि ईडी के इस कृत्य से यह भी स्पष्ट हो गया है कि केंद्र सरकार विपक्ष से किस कद्र डरी हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने हिटलरशाही की सारी हदें पार कर दी हैं और अब भाजपा का पतन निश्चित है। यहां आयोजित पत्रकारवार्ता में विकास कश्यप ने कहा कि केंद्र सरकार ने सरकारी जांच एजेंसियों को इस कद्र अपने वश में कर रखा है कि सरकारी जांच एजेंसियां कानून व संविधान की रक्षा करने की बजाय केंद्र सरकार की उंगलियों पर नाच रही हैं। दिल्ली की जिस शराब नीति को लेकर अब तक जितनी गिरफ्तारियां ईडी ने की हैं उनमें से एक के ऊपर भी आरोप सिद्ध नहीं कर पाई है। कहीं ऐसा तो नहीं कि भाजपा बिना विपक्ष के ही लोकसभा चुनाव लड़ना चाहती है, ताकि उसके रास्ते का कोई भी कांटा न रहे। उच्चतम न्यायालय की कड़ाई से यह तो पूरे देश को पता चल गया कि इलेक्टोरल वोट रूपी हथियार से किस राजनीतिक दल ने किससे कितना चंदा एकत्रित किया, लेकिन सबसे ज्यादा चंदा एकत्रित करने वाली भाजपा को अकाउंट सीज नहीं हुए, बल्कि उल्टा कांग्रेस के अकाउंट सीज करना भी भाजपा की साजिश का ही हिस्सा है। उन्होंने कहा कि न कभी कांग्रेस ने सत्ता के लिए धनबल का प्रयोग किया बल्कि जनबल ही कांग्रेस की असली ताकत है। लोकसभा चुनाव में जनबल के सहारे ही कांग्रेस भाजपा को छटी का दूध याद दिलाएगी।

### शिव मंदिर बसदेहड़ा में रक्तदान शिविर आज

**ऊना।** ब्लडलाइंस एंड सोशल वेलफेयर समिति ऊना द्वारा शहीदी दिवस और बसदेहड़ा के होनहार खिलाड़ी सिद्धार्थ भारद्वाज की याद में शिव मंदिर बसदेहड़ा में 23 मार्च को खून दान का कैंप लगाया जा रहा है। कैंप का समय सुबह 10:00 बजे से लेकर 4:00 तक है। आयोजकों ने अपील की है कि सभी मिलकर इस कैंप को सफल बनाने में अपना अहम योगदान दें, ताकि इस बार पिछली बार से भी ज्यादा यूनिट एकत्रित हो सके।

### डीसी ने पंजाब से सटे सीमांत क्षेत्रों का किया दौरा

**ऊना।** चुनावों के दौरान जिले में आदर्श आचार संहिता को प्रभावी ढंग से लागू करने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने शुक्रवार को पंजाब से सटे जिले के सीमांत क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ऊना राकेश सिंह भी उनके साथ रहे। उन्होंने मैहतपुर, कलसेहड़ा, अजोली, बास, बभौर साहिब, बीनेवाल, मलूकपुर , सनोली, सैजोवाल, संतोषगढ़ तथा बाथड़ी समेत जिले के अन्य सीमांत क्षेत्रों का दौरा कर चुनावों के नजरिये से संपूर्ण व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गाड़ियों की आवाजाही की निगरानी तथा संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के लिए नाके लगाने को लेकर प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने सभी अधिकारियों को पूरी सतर्कता से काम करने तथा हर गतिविधि पर बारीकी से नजर रखने के निर्देश दिए। जतिन लाल ने बताया कि चुनावों को शांति पूर्वक संपन्न कराने की व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन पूरी मुस्तैदी से काम कर रहा है। जिले में निगरानी टीमें, उड़न दस्ते और स्टैटिक निगरानी दलों का गठन किया गया है। गाड़ियों की चैकिंग और हर गतिविधि पर निगरानी के लिए व्यवस्था बनाई गई है। वहीं पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने कहा कि संदिग्ध गतिविधियों और असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। जिले में चुनावों की दृष्टि से कानून व्यवस्था को पूरी तरह चाक चौबंद किया गया है।

### जाहू में टिप्पर ने स्कूटी को मारी टक्कर

**जाहू।** जाहू बाईपास पर टिप्पर ने स्कूटी को इतनी जोरदार टक्कर मारी जिससे स्कूटी टिप्पर के अगले हिस्से में घुस गई। स्कूटी चालक को हलकी चोटें आई हैं। जाहू पुलिस चौकी प्रभारी राकेश चंदेल ने बताया कि पुलिस मौक पर पहुंचकर दुर्घटना की जांच कर रही है।

# चुनाव कर्मियों की ड्यूटी लगाने के लिए डाटा एंट्री पर फोकस

**अनंत ज्ञान, ऊना**

लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत चुनाव कर्मियों को 'नेक्स्ट जेन डीआईएसई' सॉफ्टवेयर के प्रयोग को लेकर एक कार्यशाला लगाकर प्रशिक्षित किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) महेंद्र पाल गुर्जर ने डीआरडीए सभागार में आयोजित इस एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला की अध्यक्षता की। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के जिला प्रमुखों तथा आईटी कर्मियों को नेक्स्ट जेन 'डीआईएसई' सॉफ्टवेयर में चुनावों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने से जुड़ी डाटा एंट्री की प्रक्रिया समझाई। उन्हें एंट्री करने वाली श्रेणियों व डाटा एंट्री में छूट वाली श्रेणियों की भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस संबंध में उनकी शंकाओं का भी समाधान किया गया।

एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि चुनावी कर्मियों को 'डीआईएसई' सॉफ्टवेयर में डाटा की त्रुटिरहित प्रविष्टियों को लेकर शिक्षित किया गया। उन्हें इसके संचालन की पूरी जानकारी दी गई, ताकि सॉफ्टवेयर में प्रविष्ट किए गए डाटा में किसी प्रकार की गड़बड़ व दिक्कत न हो। एडीसी ने कहा कि निर्वाचन आयोग का चुनावी प्रक्रिया को सुगम तथा पारदर्शी बनाने के लिए ई-सेवाओं माध्यमों के भरपूर एवं सही इस्तेमाल पर जोर है। इस मकसद से चुनाव प्रक्रिया के संचालन तथा निगरानी के लिए आयोग ने अनेक सॉफ्टवेयर एवं ऑनलाइन पोर्टल तैयार किए हैं। जिला प्रशासन निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उनके सही इस्तेमाल को लेकर चुनावी कर्मियों को प्रशिक्षित करने का काम कर रहा है।


एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर बैठक को संबोधित करते हुए।

### वोटर लिस्ट में नाम दर्ज कराएं पात्र मतदाता : डीसी

**ऊना।** जो पात्र मतदाता किसी कारणवश अब तक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज नहीं करवा पाए हैं, उनके लिए सुनहरा अवसर है। मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की अंतिम तिथि 4 मई है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके लिए मतदाता अपने मतदान केंद्र के बूथ लेवल अधिकारी अथवा एसडीएम कार्यालय में संपर्क करें और फॉर्म नंबर 6 लेकर अपना एक रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटो, आधार संख्या, आयु और निवास के प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि के साथ अपना नाम मतदाता सूची में 4 मई 2024 तक दर्ज करवाएं। उन्होंने कहा कि एक अप्रैल, 2024 को 18 वर्ष या इससे अधिक आयु पूर्ण कर रहे सभी युवा मतदाता अपना वोट अवश्य बनवाएं। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि जिले में एक भी पात्र मतदाता नाम दर्ज कराने से न छूटे। वोट की ताकत से लोकतंत्र मजबूत होता है। इसमें सभी मतदाताओं की सहभागिता आवश्यक है।

#### ऑनलाइन भी कर सकेंगे आवेदन

**जतिन** लाल ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल एनवीएसपी और वोटर हेल्पलाइन ऐप पर भी ई-रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध है, जिसमें ऑनलाइन पंजीकरण किया जा सकता है। सूची में मतदाता के नाम सुधार का काम 26 मार्च तक कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान मतदाता सूचियों में कोई भी अपना नाम दर्ज होने की पुष्टि विभाग की वेबसाइट सीईओ हिमाचल डॉट एनआईसी डॉट आईएन पर भी कर सकता है।

## लोकसभा चुनाव में महिलाएं डुबाएंगी भाजपा की लुटिया : कुलदीप कुमार


पूर्व मंत्री कुलदीप कुमार अपने समर्थकों के साथ।

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व मंत्री कुलदीप कुमार ने कहा कि इंदिरा गांधी प्यारी बहना सम्मान योजना का विरोध करना भाजपा नेताओं के मानसिक दिवालियापन व महिला विरोधी चेहरे को दर्शाता है। यहीं कारण रहेगा कि महिलाएं अब लोकसभा चुनाव में भाजपा की लुटिया डुबोने में निर्णायक भूमिका अदा करेंगी। यही नहीं ओपीएस का विरोध करने वाले भाजपा नेताओं को प्रदेश का कर्मचारी वर्ग लोकसभा चुनाव में हार का स्वाद चखाकर अपनी ताकत का एहसास करवाएगा।

कुलदीप बुधवार को गगरेट में पत्रकारवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आदर्श चुनाव आचार संहिता के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फोटो लगे कागज तो इस्तेमाल हो सकते हैं, लेकिन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा प्रदेश की लाखों महिलाओं के सम्मान में शुरू की गई इंदिरा गांधी प्यारी बहना सम्मान योजना के फार्म पर लगी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी व मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की फोटो अखर रही है।

इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव व पूर्व जिला पार्षद अश्विनी ठाकुर, जिला कांग्रेस सचिव मधुसूदन जसवाल, हिमफेड के पूर्व निदेशक व स्टील कंज्यूमर काउंसिल ऑफ इंडिया के पूर्व सदस्य राणा यशपाल, जिला कांग्रेस सचिव अजेश जसवाल, ब्लॉक कांग्रेस सचिव यशपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# एसडीएम ने नशा मुक्त ऊना अभियान को गंभीरता से लेने के दिए निर्देश

## नशे के मकड़जाल में फंसे युवाओं की नियमित काउंसलिंग न होने पर जताया ऐतराज, शुरू होगा हर घर दस्तक अभियान

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

नशे के मकड़जाल में फंसे युवाओं को नशे की दलदल से बाहर निकाल कर नशा मुक्त जिला बनाने की परिकल्पना लिए जिला प्रशासन द्वारा शुरू किए गए नशामुक्त ऊना अभियान को लेकर जिस प्रकार धरातल स्तर पर गैर जिम्मेदाराना रवैया दिखाया जा रहा है उससे इस अभियान की सफलता पर भी सवालिया निशान लगने लगे हैं। लापरवाही का आलम यह है कि ग्राम पंचायतों से ग्राम पंचायत क्षेत्र में नशा मुक्त ऊना अभियान के साइन बोर्ड लगाने के दिए गए निर्देश के बावजूद पंचायतों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है तो ग्राम पंचायत स्तर पर गठित की गई विलेज टास्क फोर्स की भी नियमित बैठकें नहीं हो पा रही हैं।


नशा मुक्त ऊना अभियान में शामिल ग्राम पंचायत सदस्यों के साथ।

शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय में हुई उपमंडल स्तरीय समिति की बैठक में एसडीएम सौमिल गौतम ने सभी अधिकारियों को इस अभियान को लेकर गंभीर रुख अपनाने के सख्त निर्देश दिए हैं।

एसडीएम सौमिल गौतम ने उपमंडल के सरकारी अस्पतालों में नशे के मकड़जाल में फंसे युवाओं की नियमित काउंसलिंग न होने पर भी कड़ा ऐतराज जताया। उन्होंने कहा कि इस अभियान के धरातल पर रिजल्ट दिखने चाहिए तभी इस अभियान का फायदा है। अभियान का उद्देश्य डिमांड चेन को तोड़ना है और नशे की चपेट में फंस चुके युवाओं को मुख्यधारा में वापस लाना है। उन्होंने स्कूल व कालेजों में भी रोजाना विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि स्कूलों में इस अभियान को लेकर तैनात किए गए शिक्षकों के साथ जल्द ही एक बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिसमें शिक्षा उपनिदेशक की उपस्थिति भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने नशा मुक्त ऊना अभियान के तहत गगरेट में तैनात समन्वयक श्रुति को उन युवाओं का भी डाटा तैयार करने को कहा जो नशे की गिरफ्त में हैं। ऐसे युवाओं को सरकार द्वारा स्थापित परामर्श केंद्रों तक पहुंचाया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से भी अस्पतालों में तैनात डाक्टरों को हर हाल में नशे की गिरफ्त में फंसे युवाओं से परामर्श कर उन्हें इस दलदल से बाहर लाने के प्रयास करने को कहा।

उन्होंने बताया कि शीघ्र ही नगर पंचायत गगरेट व दौलतपुर चौक में भी हर घर दस्तक अभियान शुरू किया जाएगा। इसके साथ नशा मुक्त ऊना अभियान के तहत 'आई डिसाइड ...' अभियान भी शुरू होगा। बैठक में कई विभागों के अधिकारी व क्षेत्र के कालेजों के प्रिंसीपल भी उपस्थित रहे।

# डेरा बाबा बड़भाग सिंह मेले में 5वें दिन 35 हजार श्रद्धालुओं ने किया प्रवित्र स्नान

**अनंत ज्ञान, अंब**

डेरा बाबा बड़भाग सिंह मैड़ी मेले में 5वें दिन लगभग 35000 से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पावन श्री चरण गंगा में पवित्र स्नान करने के बाद बेरी साहिब, गुरुद्वारा मंजी साहिब, कुज्जा सर, गुरुद्वारा दमदमा साहिब, मंदिर बीर नाहर सिंह व डेरा दुखभंजन साहिब सहित यहां पर पड़ते विभिन्न धार्मिक स्थलों में शीश नवाकर सुख समृद्धि की अरदास मांगी। वेरी साहिब में श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ पहुंचे और मन्नतें मांगी।

डेरे की सेवादार ने बताया कि गुरु साहिब सोढी पातशाह ने 17 साल तपस्या की थी और यहां जो राक्षस था उसको तपस्या करके पिंजरें में डालकर धोलाधार में छोड़ दिया था। जैसे-जैसे संगत ठीक होती गई वैसे-वैसे इस पवित्र स्थान की महिमा बढ़ती गई। सेवदार ने बताया कि यह जो वेरी की पेड़ प्रांगण में है उसके नीचे बैठकर वाला जी ने तप किया था और आज बाबा जी की कृपा से यहां पर दूर-दूर से श्रद्धालु माथा टेकने के लिए हर वर्ष होली मेले पर आते हैं और अपनी मन्नतें मांगते हैं और जिनकी मन्नतें पूरी हो जाती हैं परिवार सहित होली मेले पर यहां पर माथा टेकने आते हैं।


डेरा मंजी साहिब में लगा भक्तों का जमावड़ा।

### मेले में एसडीएम विवेक महाजन ने जांची सफाई व्यवस्था

**मेला** अधिकारी एसडीएम अंब डॉ. विवेक महाजन ने मेला क्षेत्र में साफ-सफाई और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने श्रद्धालुओं से भी फीडबैक ली। एसडीएम ने बताया कि मेले में साफ-सफाई के लिए प्रशासन की तरफ से पुख्ता प्रबंध हैं। दिन में वो खुद चार बार हर जगह जाकर व्यवस्थाओं और साफ-सफाई पर विशेष नजर रख रहे हैं। पूरे मेले में अलग-अलग राज्यों से दस से पंद्रह लाख तक श्रद्धालु माथा टेकने के लिए आते हैं। उन्होंने कहा कि मेले में पहले शिकायतें बहुत आती थी। गंदगी और लॉ एंड आर्डर को लेकर भी कुछ सवाल उठते थे लेकिन इस बार व्यवस्थाओं को लेकर गंभीरता से काम किया गया है। समय-समय पर प्रशासनिक टीम के साथ समीक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस बार चाइल्ड प्रोटेक्शन सूचना केंद्र और समय-समय पर जेब कतरों से सावधान रहने के संदेश लाउड स्पीकर द्वारा दिया जा रहा है। इस बार कॉलेज के एनसीसी और एनएसएस के वालंटियर को भी लगाया गया है और उन सभी की रहने खाने की व्यवस्था भी यहीं की हुई है। इस मौके पर तहसीलदार अंब प्रेम धीमान, नायब तहसीलदार कमलेश कुमार मौजूद थे।


एसडीएम टीम के साथ साफ-सफाई का जायजा लेते हुए।

## पेंटिंग प्रतियोगिता में अवंशिका प्रथम

**अनंत ज्ञान, ऊना**

राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कांगड़ के अशोका ईको क्लब ने अपने स्कूल में विश्व जल दिवस का आयोजन किया।

इसकी जानकारी देते हुए स्कूल प्रधानाचार्य स्नेह लता शर्मा ने बताया कि ईको क्लब प्रभारी रीटा कौशल की देख रेख में हुए इस आयोजन में बच्चों में पेंटिंग प्रतियोगिता और नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में अवंशिका प्रथम, सिमरन दूसरे और महक तीसरे स्थान पर रही, जबकि नारा लेखन प्रतियोगिता में रितेश और युवांश संयुक्त रूप से प्रथम, अरमान दूसरे और अंजलि और रिधि तीसरे स्थान पर रहे।

इस मौके पर स्कूल स्टाफ में संतोष कुमारी, सरिता रानी, सविता शर्मा, बिंदिया शर्मा, पूनम शर्मा, अमनप्रीत कौर, गुरुप्रीत कौर आदि उपस्थित रहे।


विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागी स्कूल स्टाफ के साथ।

# बच्चों को नौकरी लेने वाला नहीं, देने वाला बनाएं: बरजाता

## आर्य स्कूल बंगाणा ने मनाया ग्रेजुएशन डे, नवाजे होनहार

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

मंजिल उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनों में जान होती है, पंख से कुछ नहीं होता, हौसलों से ही उड़ान होती है। यह बात दीवा साड़ी स्टोर ग्लोबल कंपनी के सीईओ अंकुश बरजाता ने आर्य पब्लिक स्कूल बंगाणा के ग्रेजुएशन डे के उपलक्ष्य पर छात्रों को संबोधित करते हुए कही।

बरजाता ने कहा कि बच्चों का जिस फील्ड में रुझान हैं, उन्हें अभिभावक वही फील्ड चुनने में सहयोग करें। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि बच्चों में नौकरी लेने वाली नहीं, बल्कि नौकरी देने वाली सोच का विकास करें। इस बीच एलकेजी से लेकर नौवीं कक्षा तक के छात्रों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया और मेधावी छात्रों को पुरस्कार और रिपोर्ट कार्ड भी मुख्यातिथि अंकुश बरजाता द्वारा वितरित किए गए।



अंकुश बरजाता मेधावी छात्रों के साथ।

वहीं स्कूल के प्रबंधक जोगिंद्र देव आर्य ने आए हुए अभिभावकों का हार्दिक आभार किया और भविष्य में भी इसी प्रकार के सहयोग की कामना की। इससे पूर्व स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा मुख्यातिथि अंकुश बरजाता को शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर हंसराज बरजाता, राकेश सहगल, स्कूल की सह प्रबंधक इंदु वाला, मुख्याध्यापिका सीमा शर्मा, शायनी, ममता, सोनिया समेत अन्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### बंगाणा कॉलेज का वार्षिक समारोह आज

**बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह 23 मार्च 2024 को होगा। उक्त जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने बताया कि इस समारोह में मेरिटोरियस छात्रों, वर्ष भर में रचनात्मक गतिविधियों में उत्कृष्ट रहे छात्रों और कल्चर एक्टिविटीज, स्पोर्ट्स, एनएसएस , एनसीसी कैडेट, रोड सेफ्टी क्लब में विशेष कार्य करने वाले छात्रों को भी नवाजा जाएगा।

## ग्रामीण डाक बीमा योजनाओं का उठाएं लाभ : भूपिंद्र

**अनंत ज्ञान, मैहतपुर**

डाक विभाग द्वारा शुक्रवार को डाक विभाग के ऊना मंडल ने ग्रामीण डाक जीवन बीमा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ऊना डाक मंडल प्रमुख भूपिंद्र सिंह ने की। उन्होंने डाक कर्मियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस वित्तीय वर्ष में ऊना मंडल के समस्त डाक कर्मचारियों ने ग्रामीण डाक जीवन बीमा तथा डाक जीवन बीमा योजना में अपना भरपूर योगदान दिया है।

उन्होंने कहा कि शुक्रवार को ग्रामीण डाक जीवन बीमा दिवस के दिन ही अढ़ाई करोड़ का कारोबार किया है। डाक मंडल प्रमुख ने कहा कि ग्रामीण डाक जीवन बीमा तथा डाक जीवन बीमा दो अलग-अलग योजनाएं हैं, जिनका लाभ आम उपभोक्ता उठा रहे हैं। खास बात यह है कि इनमें कम प्रीमियम पर अधिक बोनस की सुविधा दी जा रही है साथ ही आय कर में छूट का भी प्रावधान है। उन्होंने कहा कि अभी तक जिन लोगों ने इस योजना का लाभ नहीं उठाया है वे लोग अब भी अपने निकटतम डाकघर में जाकर इन योजनाओं से जुड़ सकते हैं।

इस मौके पर डाक निरीक्षक विकास गुलेटिया, पीए मनीष कुमार, शक्ति चंद, डाक पर्यवेक्षक रशपाल सिंह मौजूद रहे।


ग्रामीण डाक जीवन बीमा मेले में उपस्थित लोग।

## गगरेट की शिवानी ने 'गेट' में देश भर में झटका 915वां रैंक

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

उपमंडल गगरेट के बड़ोह गांव की शिवानी ने ग्रेजुएट एप्टीच्यूट टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट) में राष्ट्रीय स्तर पर 915वां रैंक हासिल किया है। शिवानी ने गेट मैथेमैटिक्स में यह उपलब्धि हासिल की है।

शिवानी ने अपनी दस जमा दो की पढ़ाई स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बड़ोह से की है तो वीएससी की डिग्री महाराणा प्रताप डिग्री कालेज अंब से की है। इसके बाद मैथ्स में एमएससी की डिग्री हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर धर्मशाला से की है। शिवानी के पिता रविंदर सिंह जसवाल सरकारी स्कूल में गणित के प्रवक्ता हैं तो मां किरन लता गृहिणी हैं।

शिवानी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिजनों को दिया है। शिवानी के पिता रविंद्र जसवाल ने कहा कि उन्हें अपनी बेटी पर गर्व है। उनकी इस उपलब्धी से इलाके से खुशी की लहर है।

**प्रेरणा**

## 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' संदेश के साथ जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# स्वीप कार्यक्रमों के जरिए युवा मतदाताओं को किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, ऊना**

'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' के संदेश के साथ ऊना जिले में स्वीप कार्यक्रमों के माध्यम से युवा मतदाताओं को चुनावों में मतदान के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल के निर्देशानुसार जिले के सभी उपमंडलों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में शुक्रवार को गगरेट में स्वामी विवेकानंद स्मृति पुस्तकालय में अध्ययनरत युवाओं को मतदान के महत्व को लेकर जागरूक किया गया। एसडीएम गगरेट सौमिल गौतम ने उन्हें मतदान को लेकर प्रेरित किया। उन्होंने आग्रह किया एक अप्रैल 2024 को 18 साल की आयु या उससे अधिक के हो रहे किसी युवा ने यदि अभी अपना वोट नहीं बनवाया है तो वह वोट जरूर बनवा लें। 4 मई तक मतदाता सूची में पंजीकरण कराया जा सकता है। इस मौके युवाओं ने मतदाता हस्ताक्षर दीवार पर हस्ताक्षर करके मतदान के साथ लोकतंत्र की मजबूती में अपने योगदान की प्रतिबद्धता व्यक्त की।



स्वीप कार्यक्रम के दौरान हस्ताक्षर करती युवती।

इसके अलावा, जिले में विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग विभागों ने कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं समेत सभी आयु वर्ग के मतदाताओं को 'मतदान अधिकार नहीं, कर्तव्य भी और 'मतदान से कोई भी मतदाता न छूटे' जैसे संदेश देकर मतदान के लिए प्रेरित और जागरूक किया। साथ ही जिले में महत्वपूर्ण स्थलों पर मतदाता हस्ताक्षर दीवार पर हस्ताक्षर करवा कर हर मतदाता से मतदान प्रक्रिया भागीदारी को लेकर प्रेरित किया जा रहा है।

### डीसी बोले- सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में हर वोट कीमती

**वहीं,** जिला निर्वाचन अधिकारी जतिन लाल ने मतदान के महत्व पर बल देते हुए कहा कि सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में हर एक वोट कीमती है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे चुनाव के पर्व में बढ़-चढ़कर भाग लें और मतदान करके सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में अपनी भागीदारी का गर्व अनुभव करें।

## संपादकीय

# आम आदमी पार्टी पर संकट

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से आम आदमी पार्टी यानी 'आप' पर संकट के बादल पूरी तरह से मंडरा गए हैं। पहले पार्टी के दिग्गज नेता एवं दिल्ली सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे सत्येंद्र जैन, फिर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, उसके बाद राज्यसभा सांसद संजय सिंह और अब अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से पार्टी में नेतृत्व संकट पैदा हो गया है। केजरीवाल की गिरफ्तारी ऐसे समय हुई है, जब सामने लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव हैं। ऐसे में 'आप' का क्या होगा, यह सोचने वाली बात है। लोकसभा चुनाव के बाद ही आम आदमी पार्टी इसी साल होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए तैयारी कर रही थी, जिसकी राह अब कठिन नजर आ रही है। लोकसभा चुनाव के कुछ ही महीने बाद पार्टी के दिल्ली विधानसभा चुनाव की तैयारियों के मिशन पर भी ग्रहण लग सकता है।

पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को एक साल से जमानत नहीं मिली है। केजरीवाल के साथ भी अगर ऐसा हुआ, तो संभव है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव से भी केजरीवाल को दूर रहना पड़ सकता है। आम चुनाव का बिगुल पहले ही बज चुका है। देश की तेइस लोकसभा सीटों पर 'आप' भी चुनाव लड़ रही है। ऐसे में पार्टी के सामने बड़ा राजनीतिक संकट खड़ा हो गया है। 'आप' दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गुजरात और असम में अपने उम्मीदवार उतार रही है। लोकसभा चुनाव में 'आप' भी विपक्षी गठबंधन में महत्वपूर्ण हिस्सेदार है। सवाल यह है कि आप की चुनावी कैंपेनिंग अब कौन करेगा, क्योंकि रणनीति से लेकर प्रचार की भूमिका में उसके सबसे बड़े स्टार प्रचारक मौजूद नहीं रहेंगे। अरविंद केजरीवाल कथित शराब नीति घोटाले में बुरी तरह से फंस गए हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने अपनी चार्जशीट में केजरीवाल को शराब नीति केस का सरगना बताया है। केजरीवाल पर आरोप है कि उन्होंने पैंतालीस करोड़ रुपए हवाला से गोवा भेजे। ईडी ने कहा कि केजरीवाल दिल्ली शराब नीति को बनाने में सीधे तौर पर शामिल थे। दो बार कैश ट्रांसफर किया गया। पहले दस करोड़ और फिर पंद्रह करोड़ दिए। केजरीवाल पंजाब और गोवा चुनाव के लिए फंडिंग चाहते थे। जिस आम आदमी पार्टी ने भ्रष्टाचार के विरोध में झंडा बुलंद किया था और जिसने जनता से भ्रष्टाचार मुक्त राजनीतिक व्यवस्था विकसित करने का वादा किया था, आज उसी पार्टी पर भ्रष्टाचार के कई आरोप लगे हैं।

'आप' नेता अमानतुल्लाह खान भी मुश्किलों में फंसे हुए हैं। हालांकि, वह जमानत पर बाहर हैं। इससे पहले पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन पर लगे आरोपों ने भी पार्टी की मुश्किलें बढ़ाई थीं। 'आप' विधायक सोमनाथ भारती और संदीप कुमार, दिनेश मोहनिया को भी कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ा था। देवली से 'आप' विधायक प्रकाश जारवाल को एक महिला के साथ यौन शोषण के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी भी कानूनी उलझनों में उलझे हैं। केजरीवाल की गिरफ्तारी के लिए ईडी पिछले पांच माह से जद्दोजहद कर रही थी, लेकिन उसे अब जाकर कामयाबी मिली है। ईडी ने केजरीवाल को नौ बार समन भेजे, लेकिन वह एक बार भी जांच एजेंसी के समक्ष पेश नहीं हुए।

केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका डाली थी, जिसे वापस ले लिया है। चूंकि निचली अदालत में भी सुनवाई हुई और ऐसे में दोनों अदालतों से रिमांड मिलने की नौबत आ सकती थी। रिमांड क्लैश न हो जाएं, इसलिए ही केजरीवाल ने समय रहते याचिका वापस ली। कानून के मुताबिक, केजरीवाल को इस्तीफा देना जरूरी नहीं है। अयोग्यता उस स्थिति में हो सकती है, जब कोई अपराध साबित होता है और उसे सजा हो चुकी हो। न्यायिक हिरासत मिलने पर केजरीवाल कोर्ट की अनुमति लेकर सरकार चला सकते हैं। यदि केजरीवाल के सारे ऑप्शन बंद हो जाते हैं तो वह सरकार चलाने के लिए दूसरा नेता भी चुन सकते हैं। वह इन समनों को गैरकानूनी और राजनीति से प्रेरित बताते रहे। खैर, पूरे देश की सियासत इस बड़े घटनाक्रम पर टिकी है। हर पार्टी अपने नजरिए से देख रही है। भविष्य में क्या छिपा है, यह तो वक्त ही बताएगा, लेकिन इतना जरूर है कि लोकसभा चुनावों के बीच गहमागहमी जरूर मच गई है।

# श्रीराम मंदिर से बढ़ती समृद्धि और समरसता

पांच सौ वर्षों की प्रतीक्षा के बाद हुए श्रीराम मंदिर के पुनर्निर्माण ने न केवल भारतीय समाज की सांस्कृतिक और धार्मिक आधारशिला को मजबूत किया है, बल्कि उसकी प्राण प्रतिष्ठा ने संपूर्ण देश में अभूतपूर्व समृद्धि और समरसता का मार्ग प्रशस्त किया है। आज पुनर्निर्मित भव्य राम मंदिर न केवल धार्मिक या ऐतिहासिक संदर्भ में महत्वपूर्ण बन गया है, बल्कि यह समृद्धि, समरसता, और एकता के प्रतीक के रूप में भी स्थापित हो गया है। राम मंदिर के निर्माण की प्रक्रिया में समाज के सभी लोगों की भागीदारी ने एकता, सहयोग और सामाजिक समरसता की उसी मूल भावना का संवर्धन किया है, जो प्रभु श्रीराम ने अहिल्या उद्धार तथा शबरी व निषादराज से प्रेम और मित्रता कर जगाई थी।

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने सामाजिक समरसता और सशक्तिकरण का संदेश स्वयं के जीवन से दिया। उसी भावना से मंदिर के पूजन में इस्तेमाल हुए देश भर की हजारों पवित्र नदियों के जल व पावन तीर्थों की रज (मिट्टी) ने संपूर्ण भारत को भावनात्मक रूप से एकाकार कर दिया। उत्तर से लेकर दक्षिण तक और पूरब से लेकर पश्चिम तक पवित्र नदियों और पोखरों के जल तथा हर धर्म, संस्कृति, विचारधारा स्वरूप से जुड़े स्थलों जैसे संत रविदास के काशी स्थित जन्मस्थली, सीतामढ़ी के महर्षि वाल्मीकि आश्रम, विदर्भ के कचारगड, झारखंड के रामरेखाधाम, मध्य प्रदेश के टंट्या भील की पुण्य भूमि, अमृतसर के श्री हरमंदिर साहिब, बाबा साहिब अंबेडकर के जन्मस्थान महू और दिल्ली के जैन लाल मंदिर आदि की मिट्टी मंदिर के निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा में प्रयुक्त हो देश में बढ़ती समरसता की नींव को मजबूत कर गई। राम मंदिर का निर्माण न केवल धार्मिक स्थल के रूप में महत्वपूर्ण है, बल्कि यह एक समरस, सहिष्णु समाज की अवधारणा का प्रतीक भी बन गया है। सामाजिक समरसता के साथ श्रीराम मंदिर के निर्माण ने सामूहिक वैभव और आर्थिक सशक्तिकरण का वह मार्ग भी प्रशस्त किया है, जो समाज के हर वर्ग, हर धर्म, जाति और संप्रदाय को समान रूप से लाभ पहुंचाएगा।



लेखक : श्याम जाजू
भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

सदियों से आर्थिक रूप से पिछड़े पूर्वी उत्तर प्रदेश और उससे लगे क्षेत्रों का तो मानों कायापलट ही हो जाएगा, जिसकी शुरुआत हो चुकी है। स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संपूर्ण उत्तर प्रदेश के आर्थिक विकास को एक नई गति मिलती दिख रही है, जो देश के विकास में एक नई इबारत लिखेगा और भारत के तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में महत्वपूर्ण योगदान करेगा। ज्ञातव्य है कि उत्तर प्रदेश राज्य ने अपने लिए पहले से ही 2027 तक राज्य को एक खरब (ट्रिलियन) की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखता है, जो अब राम मंदिर के प्रतिष्ठापन के बाद समय पूर्व ही साकार होता दिख रहा है। राम मंदिर के कपाट खुलने के बाद से ही उत्तर प्रदेश के टूरिज्म सेक्टर (यूपी टूरिज्म) में बूम देखने को मिल रहा है। भारत के हिंदुओं का प्रमुख तीर्थस्थल बना अयोध्या अब अभूतपूर्व आर्थिक उछाल देख रहा है। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के एक दिन पहले 21 जनवरी को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई, जिसमें उत्तर प्रदेश राज्य को अयोध्या के राम मंदिर और राज्य सरकार की अन्य पर्यटन योजनाओं के चलते भारी कमाई की संभावना बताई गई। रिसर्चर्स ने अनुमान जाहिर करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार को फाइनेंशियल ईयर 2025 में सिर्फ अयोध्या से 20,000 से 25,000 करोड़ रुपए की अतिरिक्त कमाई हो सकती है।

विदेशी ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने एक रिपोर्ट में कहा कि राम मंदिर का उद्घाटन और प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश में बड़ा आर्थिक प्रभाव देखने को मिल सकता है। राम मंदिर के साथ भारत को एक नया पर्यटन स्थल मिल रहा है, जिसकी वजह से देश में हर साल 5 करोड़ से ज्यादा पर्यटकों की संख्या में इजाफा हो सकता है। निस्संदेह, अयोध्या में राम मंदिर से भारत में पर्यटन सेक्टर को बड़ा बूस्ट मिलेगा। इस रिपोर्ट के मुताबित भारत में पर्यटन की बड़ी संभावनाएं हैं। वित्त वर्ष 2019 में देश की जीडीपी में पर्यटन सेक्टर का योगदान 194 बिलियन डॉलर का था। वहीं, वित्त वर्ष 2030 में यह बढ़कर 443 बिलियन डॉलर (करीब 36 176 लाख करोड़ रुपए) पर पहुंचने का अनुमान है। पर्यटन में धार्मिक पर्यटन का बड़ा रोल है। भारत के लोकप्रिय धार्मिक केंद्रों में हर साल करोड़ों श्रद्धालु पहुंचते हैं।

पर्यटन बढ़ने से अयोध्या में निवेश बढ़ रहा है। निवेश बढ़ने से रोजगार के अवसर पैदा होंगे। माना जा रहा है कि अयोध्या में 20 हजार से 25 हजार नए रोजगार पैदा होंगे। शहर में अब एक नया हवाई अड्डा टर्मिनल है, जो हर साल दस लाख यात्रियों को सेवा प्रदान करेगा। अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन को 240 करोड़ रुपए में पुनर्निर्मित कर भव्य स्वरूप दिया गया है। भारतीय रेलवे ने 22 जनवरी के बाद अयोध्या के लिए 200 'आस्था स्पेशल ट्रेनें' भी शुरू की हैं। देश के विभिन्न हिस्सों को अयोध्या से जोड़ने वाली नित नई ट्रेनें प्रारंभ हो रही हैं। इसके साथ ही अंतर्देशीय जलमार्ग से भी सरयू को जोड़ने का कार्य चल रहा है। अयोध्या में 2,180 करोड़ रुपए का ग्रीनफील्ड टाउन भी बनाया जा रहा है। इसमें मठों, आश्रमों, धर्मशालाओं और व्यावसायिक गतिविधियों के लिए अलग से भूखंड रखे जाएंगे। अयोध्या मास्टर प्लान 2031 के तहत, मंदिर शहर के बुनियादी ढांचे को उन्नत करने के लिए 85,000 करोड़ रुपए की परियोजनाएं पाइपलाइन में हैं।

राम मंदिर भारत के संपन्न आध्यात्मिक पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देगा। सीएनबीसीटीवी 18 की रिपोर्ट के अनुसार, उद्घाटन के बाद से ही प्रतिदिन तीन से पांच लाख यात्री शहर में आ रहे हैं। अयोध्या के रूप में एक नए धार्मिक पर्यटन केंद्र का निर्माण, बेहतर संयोजकता और बुनियादी ढांचे के साथ एक अर्थपूर्ण रूप से बड़ा आर्थिक प्रभाव पैदा कर सकता है। इकोनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, अयोध्या के राम मंदिर ने रोजगार सृजन को बढ़ावा दिया है। राम मंदिर के उद्घाटन से पहले ही आतिथ्य, यात्रा और पर्यटन ने अयोध्या में 20,000 नौकरियां पैदा की हैं। यह आंकड़ा हर साल लगातार बढ़ने की संभावना है। सही मायनों में राम मंदिर की प्रतिष्ठापना के बाद अयोध्या भारत की सांस्कृतिक राजधानी का स्वरूप ले रही है। यह न केवल धार्मिक स्थल के रूप में महत्वपूर्ण है, बल्कि समाज को एक साथ लाने और उसे समृद्धि के मार्ग पर ले जाने के लिए भी आवश्यक है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# लोकसभा चुनाव-2024 में देश को जीतना चाहिए

लोकसभा 2024 का चुनाव वस्तुतः एक धर्मयुद्ध है। इसको बहुत संजीदगी से सभी को लड़ना ही होगा। राजनीतिक जय-पराजय अपनी जगह है, किंतु देश को जीतना चाहिए। राष्ट्र विजयी हो, ऐसा संकल्प होना चाहिए। इसके लिए प्रतिज्ञा की नहीं, केवल संकल्प की आवश्यकता है। प्रतिज्ञा में शक्ति नहीं होती। वह भीष्म बनाती है किंतु संकल्प शक्ति से भरी होती है, वह शिव बनाती है। शिव कल्याणकारी हैं। शिव से ही सत्य और सुंदर भी स्थापित हो पाएंगे।

संकल्प और प्रतिज्ञा के बारे में श्रीमद् भगवद गीता में भगवान कृष्ण ने बहुत सलीके से समझा दिया है। याद कीजिए कि जब जयद्रथ को मारने की प्रतिज्ञा अर्जुन कर लेते हैं कि सूर्यास्त तक नहीं मारा तो अग्नि समाधि ले लूंगा। आचार्य द्रोण कमलव्यूह के अंदर जयद्रथ को छुपा देते हैं, जिसका आकर 32 कोस का था। जाहिर है वह उस तक कैसे पहुंचते! जयद्रथ की सुरक्षा में बड़े-बड़े वीर तैनात थे। भगवान कृष्ण बोले, अर्जुन तुम रास्ता साफ करो, मैं रथ ले चलता हूं। संध्या हो आई, अब भी 12 कोस रह गया। कृष्ण रथ से उतर गए। अर्जुन ने पूछा, 'केशव यह क्या? कृष्ण ने कहा अश्व थक गए हैं। आगे बोलते हुए भगवान कृष्ण जो बोले, वह ध्यान देने योग्य है। अर्जुन कदाचित तुमने मेरे उपदेश पर ध्यान नहीं दिया था जो युद्ध के शुरू में मैंने दिया था!



लेखक : संजय तिवारी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

तुम प्रतिज्ञा करने वाले होते कौन हो? तुम तो निमित हो, यदि तुम प्रतिज्ञा न किए होते तो अब तक जयद्रथ को मार देते। तुम्हारा ध्यान एक तरफ सूर्य पर है, दूसरी तरफ जयद्रथ पर। इसलिए तुम्हारे निशाने चूक रहे हैं। ऐसा लक्ष्य तय कर दिए कि असफल होने पर तुम्हें ही विनष्ट कर देगा... यह डर ही तुम्हें हरा देगा।' भगवान के वचन बड़े सारगर्भित हैं। नेतृत्व सक्षम है किसी प्रतिज्ञा की आवश्यकता क्या है? जो विरोधी हैं, वे भी यही ढाल बना रहे हैं। फिलहाल उनसे न 370 से मतलब है, न राम मंदिर से।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता

## होली है ... मुस्कुरा के मिलो



शिव सन्याल
जवाली (कांगड़ा)

*आज भाई होली है, मुस्कुरा के मिलो।*
*छोड़ नफरत आज गले लगा के मिलो।*
*आता है त्योहार लिए रंगों की बहार,*
*करो सभी से प्यार, झूम झूमा के मिलो।*
*मत रोको दिलों को आज बह जाने दो।*
*दिल की बातें दिलों से कह जाने दो।*
*रंग जाओ रंगों में खुशी इजहार करो।*
*सभी तो अपने हैं जी दिल से प्यार करो।*
*मिला मौका है नहीं नजरें चुरा के मिलो।*
*होली है गम भूला के मुस्कुरा के मिलो।*
*त्योहार रंगों का आया खूब रंग दीजिए।*
*बेवजह नहीं किसी को जी तंग कीजिए।*
*आज भावना भी दिलों की बदल जाएगी।*
*प्यार करने की तमन्ना भी मचल जाएगी।*
*छोड़ कुंठा मन की, जरा इतरा के मिलो।*
*होली है गम भूला के मुस्कुरा के मिलो।*

# देश में आखिर क्यों जरूरी है नागरिकता संशोधन कानून ?

मोदी सरकार ने बहुप्रतिक्षित नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इसी के साथ देश में अब सीएए लागू हो गया है। हम यहां यह समझने की कोशिश करेंगे कि आखिर यह क्यों जरूरी है। साल 2020 में देशभर में सीएए के खिलाफ प्रदर्शन हुए थे। इन प्रदर्शनों में कई ऐसे लोग भी थे, जिन्हें कानून की कम या गलत जानकारी थी। इसलिए आइए समझते हैं कि सीएए लागू होने से क्या बदलेगा। आगामी लोकसभा चुनाव से ठीक पहले मोदी सरकार ने नागरिकता संशोधन कानून का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इसी के साथ देश में अब सीएए लागू हो गया है। सीएए के अमल में आ जाने के बाद अब बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आए गैर मुस्लिम अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता मिलने का रास्ता साफ हो गया है। तकनीकी तौर पर सिटीजनशिप अमेंडमेंट एक्ट यानी सीएए से सिटीजनशिप एक्ट ऑफ 1955 में संशोधन किया गया है। इससे होगा यह कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए उन लोगों को नागरिकता मिल जाएगी, जो 31 दिसंबर, 2014 से पहले किसी न किसी तरह की प्रताड़ना से तंग होकर भारत आए थे, इससे इन मुस्लिम देशों के अल्पसंख्यक समुदायों को फायदा होगा जिनमें हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई शामिल हैं। केंद्र सरकार ने अपने बयान में कहा है कि सीएए के जरिए मिलने वाली नागरिकता वन-टाइम बेसिस पर ही होगी । यानी कि 31 दिसंबर, 2014 के बाद गैरकानूनी तरीके से पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से भारत आए गैर-मुस्लिम अल्पसंख्यकों को नागरिकता नहीं दी जाएगी। इस कानून के अमल में आने के बाद भारत के किसी भी नागरिक चाहे वह किसी भी धर्म का हो, की नागरिकता को कोई प्रभाव नहीं होगा। सीएए की आवश्यकता इसलिए थी, क्योंकि हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन और ईसाई अल्पसंख्यक जो दशकों से भारत में आए और देश में बस गए, वे पूर्व-संशोधित नागरिकता कानून के तहत भारतीय नागरिकता हासिल नहीं कर सकते थे। इसके चलते वे भारतीय नागरिकता के कई लाभों से वंचित थे। संशोधन के बाद उन्हें अब अनिश्चित जीवन नहीं जीना पड़ेगा ।



लेखक : मुनीष त्रिपाठी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों के आने के कई कारण थे जैसे कि उत्पीड़न, भेदभाव, शारीरिक असुरक्षा, जबरन धर्म परिवर्तन का खतरा, इत्यादि। आधिकारिक आंकड़े मुस्लिम बहुल पड़ोसी देशों से बड़े पैमाने पर अल्पसंख्यकों के पलायन की गवाही देते हैं। 1947 में पाकिस्तान में अल्पसंख्यक, ज्यादातर हिंदू और सिख, आबादी का लगभग 23 प्रतिशत थे, आज वे लगभग 5 प्रतिशत हैं । हिंदू लगभग 1.65 प्रतिशत ही रह गए हैं। इसी तरह 1971 में जब बांग्लादेश बना, तब हिंदू आबादी का 19 प्रतिशत थे. 2016 में वे केवल 8 प्रतिशत ही थे। जबकि भारत में अल्पसंख्यकों की संख्या दोगुना हुई है। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# तामसिक भोजन और मदिरा सेवन से उग्र होती मानसिकता

आदिमानव कालीन सभ्यता जंगलों की जीवन शैली व खानपान की जरूरत के लिए खानाबदोशों की भांति भटकाव को प्राप्त थी। उस युग में मनुष्य जानवरों का कच्चा मांस भी खाता था, जो कि उस समय की परिस्थितियों के मुताबिक किसी भी जीव के लिए जीवन जीने के लिए उपयुक्त था। कालांतर में उक्त सामाजिक परिवेश नवयुग सभ्यता में प्रवेश कर, धीरे-धीरे अग्नि का आविष्कार कर गतिशीलता की तरफ प्रगति किया। कपड़ा, भोजन, स्थायी निवास जैसी मूलभूत मानवीय आवश्यकताओं के साथ मनुष्य एक समाज के रूप में विकसित होने लगा। आज के संदर्भ में आधुनिक समाज तेज गति से हर क्षेत्र में आगे है।

पुरातन काल में मांस भक्षण करना, नंगा रहन-सहन एक मजबूरी था। आज का समाज मांस भक्षण मदिरा सेवन को, एवं फटे कपड़ों को पहन कर इतना शिक्षित होने के बावजूद भी यह सब वृत्तियां अपना रहा है। पुराने समय में लोग यातायात के साधनों, मशीनों के कार्यों से वंचित थे। इसलिए वह सारा दिन मेहनत कर जंगलों को काटकर खेतीबाड़ी करने योग्य जमीन को तैयार करते थे। वह अगर मांस भक्षण करते थे, तो उनकी कठिन पसीना युक्त मेहनत उसे पचाने में सक्षम थी, लेकिन आज का समाज इतनी ज्यादा मेहनत नहीं कर सकता। आज हर सुविधा घर-द्वार पर उपलब्ध है। मशीनों से बड़े-बड़े पारिश्रमिक कार्यों को अंजाम तक पहुंचाया जाता है। घर से दफ्तर तक और दफ्तर से घर तक वाहनों का इस्तेमाल किया जाता है। श्रम से दूर रहकर आज का मानव इस काल में अगर अपने पूर्वजों की भांति मांस भक्षण की नकल करता है तो वह उस तरह के परिश्रमिक करने में असमर्थ है। चिकन की दुकानों में शाम होते ही भारी संख्या में मांस की खरीददारी प्रारंभ हो जाती है। मांस की सुगंध भले ही हमारे शरीर की सबसे बाहरी इंद्रिय नाक और जीभ को खुशबूदार व स्वादिष्ट लगे, लेकिन जिस मुर्गे का यह मांस है, उसे पोल्ट्री फार्म में किस तरह विकसित किया है, यह विचारणीय है। मांस का अत्यधिक उत्पादन करने की शीघ्रता व लाभ कमाने की दृष्टि से उनके शरीर में नाना प्रकार के इंजेक्शन, दवाइयों का इस्तेमाल किया जाता है, जो तरह-तरह की बीमारियों, विकारों सहित हमारे शरीर में चर्बी का अत्यधिक मात्रा में विकास करता है। कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ने से यह फैटी लिवर व बाद में अनेक हृदय रोगों को जन्म देता है। मांस और मदिरा सेवन का गठजोड़ हमारे शरीर के लिए घातक है।



लेखक : ठाकुर तारा
समाजशास्त्री, सुंदरनगर

मदिरा सेवन से हमारे शरीर का रक्तचाप तेज गति को प्राप्त करता है, जिससे यह हमारे स्नायु तंत्र के ऊपर जोर डालकर सोचने, बात समझने की क्षमता को भ्रमित कर प्रभावित करता है। यह शैली मंदिर रूपी शरीर के लिए जहर के समान है, जिसे हम खुद अपना रहे हैं। वाहनों की अनेक दुर्घटनाएं इत्यादि इसके परिणाम के रूप में परिरक्षित होती हैं। आयुर्वेद में भी तीन प्रकार के भोजन का वर्णन है, तामसिक, राजसिक और सात्विक भोजन। कहा भी गया है कि जैसा खाएं अन्न वैसा होय मन, अर्थात जिस तरह के भोज्य पदार्थों का हम सेवन करते हैं, वैसा ही हमारा व्यवहार हो जाता है। आज इस निष्क्रिय सामाजिक परिवेश में शीघ्रता से पचने वाला खाना खाकर हम पेट संबंधित बीमारियों को न्योता दे रहे हैं। शरीर के हिस्सों में सबसे संवेदनशील पेट ही है। जहां से खानपान के गलत सेवन से अनेक प्रकार की बीमारियों का जन्म होता है। यह भारी भरकम, गरिष्ठ भोजन जो एक सप्ताह तक आंतों में पचता नहीं, उसमें चिपक कर सड़ता रहता है।

यह सबसे खराब है, इससे मन में बेचैनी, घबराहट, किसी कार्य में दिल नहीं लगना जैसे कारण प्रकट होते हैं। आज तक मांस खाकर कोई ताकतवर नहीं बना है। अगर ऐसा होता तो पाकिस्तान, कजाकिस्तान जैसे देशों के पहलवान भारत के हरियाणा के देसी पहलवानों द्वारा जो घी, दूध, दही इत्यादि सात्विक भोजन का सेवन कर पहलवानी करते है, उन्हें परास्त नहीं करते। आज यह तामसिक भोजन का सेवन समाज में उग्र मनोभाव प्रवृत्ति के साथ प्रकट हो रहा है। किसी जीव को मारकर उस मारे हुए शरीर का सेवन कर, उस ग्रहण करने वाले प्राणी के मन से सर्वप्रथम दया भावना एवं सहानुभूति को यह खत्म कर देता है। शीघ्र गुस्सा करना, बदले की भावना व क्रोध को एकदम प्रकट करना, मारपीट करना, इन सभी गुणों को बढ़ाने में भी इस तरह के परिणाम कहीं न कहीं इसकी देन ही हैं, तो फिर हम किस स्वस्थ समाज की कल्पना कर सकते हैं।

मांस भक्षण करने वाले जीव की अलग पहचान होती है। उसके दोनों दांत बाहर निकले होते हैं एवं नुकीले होते हैं, पंजे के नाखून बड़े-बड़े होते हैं, जो कि खास तरह से शिकार के लिए बने हुए हैं, लेकिन इंसान में ऐसा कुछ नहीं होता, फिर भी सबसे ज्यादा जीव हत्या इंसान के द्वारा ही की जाती है। सात्विक भोजन को लंबी आयु के साथ जोड़कर देखा जाता रहा है। इस भोजन को ग्रहण करने से मन शांत, दयाभाव से परिपूर्ण होता है। यह भोजन शीघ्रता से पचने वाला एवं स्वस्थ होता है। हमें इस तरह के भोजन को आज की निष्क्रिय जीवन शैली में अपनाना चाहिए। आध्यात्मिकता की दृष्टि से भी मन और हृदय को निर्दोष जीव की हत्या जैसे पापाचार्य कर्म से मुक्त रखा जा सकता है। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# आजादी के इतने साल बाद भी हिमाचल रेजिमेंट नहीं

वीर भूमि हिमाचल प्रदेश देश का एक ऐसा राज्य है, जिसने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वीरता के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान स्थापित की है। इस बात में भी कोई अतिशयोक्ति नहीं है कि हिमाचल प्रदेश वीरों भी भूमि है। यह एक ऐसी भूमि है, जिसके बेटे सेना में जाने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं और देश के लिए जीवन की आहुति देने से भी गुरेज नहीं करते। भारत देश पर जब भी कोई संकट आता है, तो इस धरा के सपूत उसका सामना करने के लिए हमेशा अगली पंक्ति में सीना तानकर खड़े रहते हैं। इस वीर भूमि के वीर सपूतों ने अपनी वीरता का लोहा मनवाकर देश को कई संकटों से बाहर निकाला है। यह ऐसा प्रदेश है, जिसके युवा सेना में जाना अपने आप के लिए सौभाग्यशाली समझते हैं।

यही वजह है कि इस छोटे से पहाड़ी राज्य के अनेक वीर सैनिकों ने अपनी भारत माता की रक्षा के लिए अपने प्राणों तक की आहुति दी है और उनके शौर्य की गाथाएं प्रदेश ही नहीं देशभर में भी सुनाई जाती हैं। यह वह धरा है, जिसने देश को पहला परमवीर चक्र विजेता दिया। यह वह वीर भूमि है, जिसके सपूत को दुश्मन भी शेरशांह के नाम से पुकारते थे। देश के पहले परमवीर चक्र विजेता मेजर सोमनाथ शर्मा का जन्म इसी राज्य के पालमपुर में हुआ था। पालमपुर ही वह भूमि है, जिसने विक्रम बत्रा जैसा सपूत इस देश को दिया। एक या दो नहीं, इसने तो चार-चार परमवीर चक्र विजेता इस देश को दिए हैं। यहां के वीर सैनिकों ने अकेले कारगिल युद्ध में ही दो परमवीर चक्र समेत कुल चार सर्वोच्च सैन्य सम्मान हासिल किए थे। यही वजह है कि सेना का हर 10वां वीरता पुरस्कार हिमाचली जवान के नाम है। आज इस राज्य के थलसेना, वायुसेना और नौसेना में लगभग सवा लाख से अधिक जवान सेवाएं दे रहे हैं और करीब इतने ही पूर्व सैनिक देश सेवा कर चुके हैं, लेकिन अफसोस की बात यह है कि देश को इतने जांबाज वीर देने वाली इस वीर भूमि को आजादी के 72 साल बाद भी अपनी सैन्य रेजिमेंट नहीं मिल पाई है। देश के कई राज्यों के नाम पर सेना में रेजिमेंट हैं। उत्तराखंड में कुमाऊं और गढ़वाल दो रेजिमेंट हैं। हरियाणा में भी जाट और राजपूत नाम से सेना की दो रेजिमेंट्स हैं, लेकिन सेना में करीब एक हजार बहादुरी पुरस्कार हासिल करने वाले सैनिकों के राज्य में एक भी आर्मी की रेजिमेंट नहीं है। सूबे के युवकों को डोगरा रेजिमेंट में भर्ती होने के लिए मीलों दूर फैजाबाद भर्ती केंद्र जाना पड़ता है। हिमाचल रेजिमेंट का यह मुद्दा आज का नहीं, बल्कि बहुत पुराना है, जिसको हर लोकसभा चुनाव में विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा उठाया जाता है, परंतु अभी तक केंद्र सरकार की तरफ से इस विषय को गंभीरता से नहीं लिया गया है, जिसके पीछे अनेक कारण भी देखने को मिलते हैं। पहला कारण तो यह है कि प्रदेश के विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा इस विषय को उतनी प्रमुखता और इच्छाशक्ति के साथ नहीं उठाया गया, जिस इच्छाशक्ति के अनुसार उठाना जाना चाहिए था। दूसरा कारण यह भी है कि हिमाचल प्रदेश की जनता भी इसे लेकर एकजुट होती हुई नजर नहीं आई। यही वजह है कि इसे लेकर आज तक कोई जनांदोलन देखने को नहीं मिला।



लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

अगर हिमाचल रेजिमेंट बन जाती है, तो इससे हिमाचल का कद राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तो बढ़ेगा ही, साथ ही यहां के युवाओं को भी गर्व की अनुभूति होगी। हिमाचल में अपनी सेना रेजिमेंट होना बहुत जरूरी है, क्योंकि इससे युवाओं को कई तरह की सुविधाएं प्रदेश के भीतर उपलब्ध हो सकती हैं। इसके साथ ही सीएसडी डिपो भी प्रदेश में खुलना चाहिए। इस मांग को समय-समय पर उचित मंच पर उठाया जाता रहा है। आगे भी प्रदेश और केंद्र सरकार से इस मांग को उठाया जाना चाहिए, ताकि वीर भूमि हिमाचल प्रदेश को भी अन्य प्रदेशों की तर्ज पर अपनी रेजिमेंट मिल सके। उम्मीद है कि इस साल हो रहे लोकसभा चुनाव के उपरांत देश में नई सरकार आने पर वीर भूमि हिमाचल को भी वीरता में हिमाचल की पहचान मिलेगी और यह भी उम्मीद है कि प्रदेश के सभी राजनीतिक दल एकजुट होकर केंद्र सरकार के समक्ष इस विषय को गंभीरता और इच्छाशक्ति से उठाने का प्रयास करेंगे, ताकि भविष्य में हिमाचल की एक अलग पहचान देश में स्थापित हो सके और यहां के युवाओं में सेना के प्रति जो प्यार है, वह बना रहे।

**-( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें।**
***editoranantgyaan@gmail.com***

## अपनी बात

**पढ़ाई** हमें रोजगार करने लायक बनाती है, अर्थात यह हमें जीवन में अपने पैरों पर खड़ा होने का सामर्थ्य प्रदान करती है। पढ़ाई का हम सबके जीवन में बेहद महत्वपूर्ण योगदान होता है। पढ़ाई यानी शिक्षा हमारे अंदर संस्कार विकसित करती है और यह हमें एक सभ्य मनुष्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। एक शिक्षित और अशिक्षित व्यक्ति में क्या अंतर होता है, इसी से पढ़ाई के महत्व को समझा जा सकता है। पढ़ाई न केवल हमारे जीवन में हमें सभ्य और संस्कारी बनाती है, बल्कि यह हमारे लिए अपने पैरों पर खड़ा होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

पढ़ाई की सहायता से ही हम किसी न किसी विशेष क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त कर लेते हैं, जो हमें कोई व्यापार करने अथवा नौकरी प्राप्त करने में मदद प्रदान करता है। पढ़ाई हमें सभ्य बनाने का एक माध्यम है। यदि मनुष्य के जीवन में शिक्षा यानी पढ़ाई न होती, तो वह भी आज भी असभ्य मनुष्य रहता। वह जंगलों से बाहर ही नहीं निकल पाया होता और यदि जंगल से निकल भी गया होता, तो भी उसने एक सभ्य समाज का निर्माण न किया होता। पढ़ाई मनुष्य को सभ्यता से सभ्यता की ओर ले जाने वाला एक सशक्त माध्यम है, इसलिए इसके महत्व को बिलकुल भी नकारा नहीं जा सकता।

**-शिवाय ( मझेरणा )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# कीचड़ में खेलने को मजबूर नौनिहाल


माध्यमिक पाठशाला शलेलाबाड़ी में कीचड़ से भरे मैदान में ही खेलते हुए नौनिहाल।

**आजम डार तीसा**

चुराह के दूर-दराज क्षेत्र सनवाल के माध्यमिक पाठशाला शलेलाबाड़ी में छोटे छोटे नौनिहालों को कीचड़ से भरे मैदान में ही खेल की गतिविधियां करनी पड़ रही हैं जिस वजह से बच्चे तथा उनके अभिभावक अत्यंत परेशान हैं।

स्थानीय लोगों में हाशिम यासीन दिनेश, राम सिंह देवी सिंह, शकुंतला नेक राम, अमन, खेर मोहम्मद इत्यादि का कहना है की शलेलाबाड़ी स्कूल के बच्चों को खेलने के लिए कोई उचित खेल मैदान नहीं है एक छोटा सा खेल मैदान है जो की पानी की वजह से कीचड़ में बदल गया है बच्चे ऐसे ही खेल मैदान में खेलते हैं कीचड़ होने की वजह से बच्चों के चोटिल होने का भी खतरा रहता है बच्चों के अभिभावकों ने पंचायत प्रधान के समक्ष भी यह समास्या रखी है।

> खेल मैदान की समास्या काफी समय से आ रही है, इनका कहना है की इन्होंने रिपोर्ट शिक्षा विभाग को भेज दी है, जैसे ही कोई बजट आता है तो जल्द इस समास्या का समाधान किया जाएगा।
> **-एसएमसी अध्यक्ष युसूफ खान।**

> पंचायत के पास इंटर लोक टायल डालने के लिए और उनके पास पैसा विभाग की तरफ से मंजूर हो गया है जल्द ही कार्य शुरु कर दिया जाएगा।
> **नीलमा देवी, पंचायत प्रधान, शलेलाबाड़ी ।**

# भूस्खलन से बंद हुआ खड़ामुख मार्ग विभाग ने किया बहाल

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

एक बार फिर से खड़ामुख होली मार्ग शुक्रवार को भारी भूस्खलन के चलते सुबह बंद हो गया। वहीं दिनभर की कड़ी मशक्कत के बाद लोनिवि भरमौर देर सांयकाल मार्ग को बहाल करने में सफल हो पाया।

गौर हो कि चंबा-भरमौर खड़ामुख मार्ग 12 घंटे के बाद यह सड़क एक बार फिर दोबारा भारी लैंडस्लाइड के चलते सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए पूरी तरह से बंद हो गई। लगातार हो रहे भूस्खलन के कारण लोगों को भी एक जगह से दूसरी जगह पर जाने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि विभाग वह विद्युत परियोजना द्वारा रोड खोलने की भरसक कोशिश की गई लेकिन लैंडस्लाइड इतना भारी था कि इसको बहाल करने के लिए काफी समय लगा। दोपहर बाद करीब 4.00 बजे यह सड़क सड़क वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दी गई है।


बंद मार्ग का दृश्य।

# दुर्गोड़ पुल की हालत खस्ता, लोग परेशान

**अनंत ज्ञान , भरमौर**

विकासखंड मैहला के अधीन आने वाले ग्राम पंचायत बकान व दांडुई को जोड़ने वाले दुर्गोड़ पुल की खस्ता हालत को लेकर ग्रामीण काफी परेशानियों में है। पुल की रेलिंग टूटने के कारण यहां से आना-जाना काफी रिस्की हो गया है।

जानकारी के अनुसार यहां पर कुछ समय पहले लोगों के मवेशी भी गिरकर मरे हैं। स्कूल के लिए लगाएगी लकड़ी की रेलिंग व फटे पूरी तरह से टूट चुके हैं। साथ ही यहां पर टिन की चादर डालकर पुल को आवाजाही के लिए बनाया गया है।

ग्रामीणों में कमल ठाकुर, नरेश कुमार, सुरेश काकाराम, संजय दिनेश कुमार आदि लोगों का कहना है कि वह इस समस्या को लेकर कई बार प्रशासन को अवगत करवा चुके हैं लेकिन अभी तक इस पर कोई भी सुनवाई नहीं हो सकी है।


खस्ता हालत दुर्गोड़ नाले पर बना पुल।

**जान जोखिम में डालकर गुजर रहे लोग, प्रशासन समस्या से बेखबर**

ग्रामीणों के अनुसार इस पर इस पुल पर रोजाना दर्जनों गांव के लोग पैदल आवाजाही करते हैं। लेकिन पुल पर आवाज आई बहुत ही रिस्की होने के कारण यहां पर आए दिन हादसों का डर बना हुआ है।

प्रधान ग्राम पंचायत बकान सूनो देवी ने कहा है कि उन्हें पुल को लेकर जानकारी है लेकिन पुल क्षतिग्रस्त है इसकी उन्हें जानकारी नहीं है । उन्हें भी सोशल मीडिया के जरिए पुल की हालत की जानकारी मिली है । उन्होंने कहा है इसके लिए वह प्रशासन से मांग करती है कि जल्द से जल्द पुल की मुरम्मत की जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### चुनाव व्यय आकलन के लिए दरें निर्धारित

**चंबा।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंबा मुकेश रेपसवाल ने उम्मीदवारों के चुनाव प्रचार तथा राजनीतिक कार्यक्रमों में व्यय निगरानी के लिए विभिन्न वस्तुओं के लिए निर्धारित दरों को अधिसूचित कर दिया है। इनमें उम्मीदवारों तथा राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान तथा आयोजित जनसभा में इस्तेमाल होने वाले टैंट, कुर्सियां, लाउडस्पीकर, झंडे, फ्लेक्स, विभिन्न प्रकार के वाहनों, होटल तथा विश्राम गृह के कमरों की दरों को स्थानीय स्तर पर प्रचलित दरों एवं सभी राजनीतिक दलों की जिला इकाइयों के प्रतिनिधियों से परामर्श के बाद अधिसूचित किया गया है। इसके अतिरिक्त स्थानीय, राष्ट्रीय दैनिक-पत्रिकाओं तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में में विज्ञापन को डीएवीपी दरों के आधार पर चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों/राजनीतिक दलों के चुनाव व्यय का आकलन किया जाएगा।

### महाविद्यालय चंबा में 23 मार्च को होगा समारोह

**चंबा।** महाविद्यालय चंबा में 23 मार्च को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। महाविद्यालय चंबा प्राचार्य डॉ. विद्यासागर शर्मा ने बताया कि चंबा महाविद्यालय का द्वितीय वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह 23 मार्च का आयोजित किया जा रहा है। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि आईएएस अधिकारी उपायुक्त चंबा मुकेश रेप्सवाल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में वर्षभर विभिन्न गतिविधियों में अव्वल रहे मेघावी छात्र-छात्राओं सहित विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता उपविजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।

### थल्ली सियुका स्कूल में मनाया विश्व जल दिवस



**भरमौर।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय थल्ली सियुका प्रारंभिक शिक्षा खंड गरोला में विश्व जल दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। प्रातः कालीन सभा में ही पाठशाला के प्रभारी अध्यापक नेक राज ने बच्चों को विश्व जल दिवस के बारे में विस्तृत जानकारी सांझा की। इस अवसर पर बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता भी करवाई गई। इस प्रतियोगिता में हर्षित ने प्रथम, कृतिका ने द्वितीय व कशिश ने तृतीय स्थान हासिल किया। अध्यापक ने प्रथम तीन स्थान पर रहने बाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया।

### पांच दिवसीय होली पर्व का हुआ आगाज



**डलहौजी।** हिन्दू धर्म में आस्था रखने वाले गोर्खाली समाज के लोगों का आज से हुआ पांच दिवसीय होली का पर्व आगाज विधिवत रस्मों को निर्वाह करते हुए किया गया। इस पर्व को लोग धुमधाम से मनाते हैं।

### जनसाली में की किशोरियों की जांच

**चंबा।** पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र जनसाली में राकेश कुमार जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार की अध्यक्षता में गर्भवती महिलाओं और किशोरियों को पोषण के पांच सूत्र की जानकारी प्रदान की। जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में विभाग द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन कर गर्भवती महिलाओ और किशोरियों को पोषण आहार रिकार्ड बनाने सहित उन्हें जागरूक किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में दुर्गा स्वयं सहयता समूह के सदस्यों में तनु महाजन, रेखा पठानिया, शिवालिका, जिला मिशन समन्वयक मनोहर नाथ तथा जिला बाल सरक्षण इकाई के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पांगी की बर्फ बनी संकट

## बर्फ पिघलने से निचले क्षेत्रों में बन सकते हैं बाढ़ के हालात

**एमएम डैनियल, चंबा ( पांगी )**

चंद्रभागा नदी के सहायक नाले रेलाम में अथाह-हिमखंड गिरने से इसका भाव थम चुका है। ऐसा ही कुछ हाल चंद्रभागा नदी के अन्य सहायक नदी-नालों का भी है।

चंबा की पांगी घाटी में बहने वाली चंद्रभागा नदी के बहाव और जलस्तर में इन दिनों काफी कमी आई है, जिसका मुख्य कारण भारी बर्फबारी के चलते पांगी घाटी में तापमान शून्य से भी नीचे चला जा रहा है। वहीं पांगी में अधिक बर्फबारी होने से नदी-नालों का पानी जम जाने से गर्मियों के दिनों में मैदानी क्षेत्रों के लिए बड़ा संकट पैदा हो गया, जिसके प्रति अभी से उपमंडल प्रशासन पांगी द्वारा कदमताल आरंभ कर दिए है।

गौर हो कि पांगी घाटी में स्थित रेलाम नाला पांगी के कुलाल क्षेत्र से निकल कर रेई में बंबल नामक स्थान पर चंद्रभागा नदी से मिलता है। रेलाम नाला के दोनों ओर से ऊंची-ऊंची पहाड़ियां होने से इन पर गिरी बर्फ नाले में समा रही है, जिससे जहां एक ओर नाले का बहाव बंद हो गया है तो वहीं बहने वाला पानी भी बर्फ बनकर ठोस हो गया है। (अनंत ज्ञान)


रेलाम नाला पांगी में जमी बर्फ।

- पांगी घाटी में तापमान शून्य से नीचे पहुंचा
- संकट के बचाव के लिए प्रशासन ने शुरू किए प्रयास

> चंद्रभागा नदी व सहायक नदी-नालों में भारी बर्फबारी हुई है। सुरक्षा की दृष्टि से गर्मियों से पूर्व निचले क्षेत्रों को अर्लट किया जाएगा, ताकि पानी का जलस्तर बढ़ने से कम से कम नुकसान हो। तमाम परिस्थितियों पर प्रशासन नजर बनाए हुए है।
> **-रमन घरसंगी, एसडीएम पांगी।**

### क्यों कहा जाता है चंद्रभागा को बैंक-लैस नदी

**अपने** उद्यम स्थल अप्पर हिमालय से लेकर मैदानी क्षेत्र में प्रवेश करने तक चंद्रभागा नदी दोनों और से ऊंची ढलानदार पहाड़ियों अलंकृत है। इसकी तुलना कॉलोरैडो की ग्रांडगैनियन नदी घाटी से भी करते है। दोनों और ऊंची पहाड़ियों से घिरी होने के कारण इसके किनारें तक पहुंचना असंभव बात है। हर वर्ष देसी-विदेशी पर्यटक इस किनारा रहित नदी को देखने के लिए मौजूदगी दर्ज करवाते है।

### चंद्रभागा का रुका बहाव

**केलंग** में भी ग्लेश्यिर गिरने से चंद्रभागा नदी का बहाव रूका हुआ है, जो आने वाले खतरें की ओर इशारा कर रहा है। मार्च माह तक बर्फबारी होना लाजमी है, जिससे यहां के नदी-नालों में ताजा बर्फ के रूप में जल का अथाह स्त्रोत जमा हो जाएगा। जोकि आगामी गर्मियों व बरसात के मौसम में इस नदी के किनारें पर बसने वालों लोगों के लिए दिक्कतें पैदा कर सकता है।


नाले में हुई भारी बर्फबारी का दृश्य।

# सुंडला की उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन समितियां सम्मानित


समितियों को सम्मानित करते हुए जिला मीडिया समंवयक डॉ. कविता बिजलवान।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

शिक्षा खंड सुंडला के अंतर्गत आने वाली समस्त विद्यालय प्रबंधन समितियों के लिए खंड स्त्रोत समन्वयक कार्यालय सुंडला में एक खंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि जिला मीडिया समन्वयक डॉ. कविता बिजलवान ने शिरकत की। समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि खंड प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी किशोरी लाल कपूर, पूर्व खंड स्त्रोत समंवयक परम देव ठाकुर, कनिष्ठ अभियंता समग्र शिक्षा पवन भारद्वाज, प्राथमिक शिक्षक संघ सुंडला के महासचिव राजेश कुमार व सभी केंद्रों के केंद्रीय मुख्य शिक्षक उपस्थित रहे।

इस दौरान प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः राजकीय प्राथमिक पाठशाला भंडार, भलेई व छुद्रा रहे। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा खंड सुंडला के तीन शिक्षकों अर्चना कुमारी कनिष्ठ अध्यापिका मुंडाई, पुष्पा देवी कनिष्ठ अध्यापिका बग्गी व राजेश शर्मा कनिष्ठ को सम्मानित किया गया। खंड स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी केंद्रों के एक एक उत्कृष्ट विद्यार्थी ने अपनी प्रस्तुति दी। इसमें प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर क्रमशः आर्या ठाकुर (बग्गी), अनिका व खुशी ठाकुर (मलाल) रही।

कार्यक्रम में शिक्षा खंड सुंडला की 90 प्राथमिक पाठशालाओं के स्कूल प्रबंधन समिति सदस्य सचिव व अध्यक्ष भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा सरकारी स्कूलों में स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा किए जा रहे बेहतरीन प्रयासों को लेकर उनकी सराहना की गई।

# चंबा मिलेनियम बीएड कॉलेज ने मनाया होली पर्व


कार्यक्रम के दौरान मौजूद गणमान्य लोग।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

चंबा मिलेनियम बीएड कॉलेज में होली का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी आकाश महाजन विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. कुलवंत सिंह भी उपस्थित रहे। जबकि चंबा मिलेनियम बीएड कॉलेज स्टाफ व प्रशिक्षुओं ने होली पर्व कार्यक्रम भाग लिया। इस अवसर पर अपने अभिवादन में कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी आकाश महाजन ने कहा कि चंबा मिलेनियम बीएड कॉलेज द्वारा धूमधाम से आयोजित किया जाता है। इससे पूर्व होली पर्व कार्यक्रम में प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं द्वारा एकल और दि सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किए गए साथ ही द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं द्वारा होली के उपलक्ष्य पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# चंबा के रजत गोस्वामी व उमेश बने एचपीसीए के मैच रैफरी



रजत गोस्वामी, उमेश।

**चंबा।** एचपीसीए की ओर से हाल ही में आयोजित मैच रैफरी सेमिनार व परीक्षा में चंबा के दो युवाओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस परीक्षा को चंबा शहर के माई का बाग मोहल्ला के रहने वाले रजत गोस्वामी व चमेशनी मोहल्ला के रहने वाले उमेश ने उत्तीर्ण किया है।

अब एचपीसीए की ओर से करवाए जाने वाले घरेलू मैंचों में ये दोनों युवा बतौर मैच रैफरी अपनी सेवाएं देंगे। उक्त दोनों युवाओं ने चंबा जिला के लिए काफी क्रिकेट खेला है।

दोनों के मैच रैफरी चयनित होने पर जिला क्रिकेट संघ सहित खिलाड़ियों व जिला चंबा के लोगों ने खुशी जताई है। जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों कुलदीप ठाकुर, अमित कुमार, हरमीत भटियानी तथा अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों का कहना है कि जिला चंबा के युवा लगातार विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं।

# सलूणी कॉलेज में बताया जल का स्त्रोत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

राजकीय महाविद्यालय सलूणी में जल दिवस के उपलक्ष्य पर महाविद्यालय के प्राचार्य मोहिंद्र कुमार सलारिया ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में संबोधित करते हुए बताया कि पानी एक ऐसी धरोहर है जिसे आने वाली पीढ़ी के लिए संभाल कर रखना बहुत जरूरी है। पानी के बिना जीवन संभव नहीं है। हम शुरू से ही एक बात सुनते आ रहे हैं कि मनुष्य खाने के बिना तो रह सकता है, लेकिन पानी के बिना नहीं। यह शब्द अपने आप में पानी के महत्व को स्वयं सिद्ध कर देते हैं।

डॉ. सलारिया ने विश्व जल दिवस 2024 की थीम जल शांति के लिए को और स्पष्ट करते हुए चर्चा को आगे बढ़ाया।

इतिहास के प्रो. सौरभ मिश्रा ने कहा कि अगर समाज में देखें तो पानी बचाने के बजाय व्यर्थ करने पर लोग तुले हुए हैं। वह पानी के महत्व को समझना छोड़ चुके हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक वर्ग सहायक प्रो. पिंकी देवी, सहायक प्रो. गुरदेव सिंह, सहायक प्रो. दिनेश कुमार, सहायक प्रो. पंकज कुमार, और अंग्रेजी प्रवक्तङ्घा तेजेंद्र नेगी, शामिल रहे।


जानकारी सांझा करते हुए प्राचार्य डॉ. मोहिंद्र कुमार सलारिया व कार्यक्रम में मौजूद प्रो. वर्ग।

## सूडोकु 0011 (कठिन)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 0009 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

**बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम**

**मेष :** स्वास्थ्य का खयाल रखें।आपके किए हुए अच्छे कार्यों का श्रेय आपको मिलेगा। बुरे कार्यों का परिणाम कई गुना अधिक विपरीत होगा।

**वृषभः** शिक्षार्थियों के लिए बेहतर समय है, यदि किसी बड़ी प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे हैं, तो सफलता की संभावना बहुत अधिक है।

**मिथुनः** अपना काम करते हुए आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। मौद्रिक लाभ का संकेत है और आय का एक अतिरिक्त स्रोत भी स्थापित कर सकते हैं।

**कर्क :** करियर और पेशे की दृष्टिकोण से उत्कृष्ट दिन है। नौकरीपेशा जातकों को पदोन्नति मिलने की संभावना है। नई योजनाओं और उपक्रमों को लागू कर सकते हैं।

**सिंह :** नौकरी की हालात में सुधार संभव है। स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां रह सकती हैं। कार्यस्थल पर विरोध की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

**कन्या :** आज का दिन अच्छे परिणाम देगा। मामूली झटकों के बावजूद आप अच्छी प्रगति करेंगे। आपको व्यवसाय में उत्कृष्ट परिणाम देखने को मिलेंगे।

**तुला :** छात्रों के लिए आज का दिन शुभ। छात्र प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और अपने इच्छित संस्थान में प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे।

**वृश्चिकः** छात्रों के लिए यह एक अच्छा दिन है। छात्र प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और अपनी इच्छाओं के अनुरूप संस्थान में प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे।

**धनु :** विदेशी व्यापार से संबंधित सौदों को अंतिम रूप देने के लिए यात्रा की योजना बनाई जा सकती है। विदेशी संपर्कों से लाभ प्राप्त होने की प्रबल संभावना है।

**मकरः** आपको अपने शब्दों के चयन के प्रति सावधानी बरतनी चाहिए, क्योंकि इससे रिश्ते खराब होने की आशंका है।

**कुंभ :** कुछ चुनौतियों का सामना करेंगे, लेकिन अंततः चीजें आपके पक्ष में होंगी। दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों पर अपना ध्यान केंद्रित करें ।

**मीन :** आपको चौतरफा खुशी देने वाला है। व्यावसायिक रूप से आप सक्रिय और सतर्क रहेंगे। आप अच्छी प्रगति करेंगे।

## आज का पंचांग

**23 मार्च, 2024, शुक्रवार**

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** फाल्गुन, **तिथि :** त्रयोदशी **: नक्षत्र :** पूर्वा फाल्गुनी (04:28), **पक्ष :** शुक्ल, योग शूल (07:33) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:03-12:52), राहुकाल 9:24 - 10.56।

### विशेष दिन

- 23 मार्च 2024 विश्व मौसम विज्ञान दिवस आज।
- 24 मार्च 2024 होलिका दहन कल।

# जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**आरके रांगड़ा, चंबा**

17वीं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्रशिक्षुओं की जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हो गई। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि एएसपी शिवानी मेहला मौजूद रहीं। जबकि, विशेष अतिथि के रूप में लचोड़ी आईटीआई के प्राचार्य राहुल राठौर ने शिरक्त की। वहीं आईटीआई चंबा के प्राचार्य विपिन शर्मा ने स्टाफ सहित उपस्थिति दर्ज करवाई। इस अवसर पर अपने अभिवादन में मुख्यातिथि एएसपी शिवानी मेहला ने युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद स्पर्धाओं में भी बेहतरीन मुकाम हासिल कर सकते है।

वहीं आईटीआई चंबा के प्राचार्य विपिन शर्मा ने मुख्यातिथि व विशेषातिथि का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में जिलास्तरीय खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में जिला की विभिन्न आईटीआई से करीब 400 खिलाड़ियों ने भाग लिया।


प्रतियोगिता समापन समारोह में विजेता खिलाड़ी को पुरस्कृत करती हुई मुख्यातिथि एएसपी शिवानी मेहला।

**नालायकी** | लोग गुपचुप तरीके से घरों का कूड़ा सीधा नाले के कर रहे हवाले

# बनीखेत के नालों में कूड़ा-कर्कट के लगे अंबार

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

विकासखंड भटियात के अंतर्गत ग्राम पंचायत बनीखेत के वार्ड नंबर 4, वार्ड नंबर 5 एवं वार्ड नंबर 6 से गुजरने वाला नाले में कूड़ा-कर्कट के अंबार देखने को मिल रहे हैं। हालांकि स्थानीय पंचायत कूड़े को लेकर काफी सजग है फिर भी स्थानीय लोग गुपचुप तरीके से अपने घरों का कूड़ा-कर्कट सीधा नाले के हवाले कर रहे हैं जिससे नाले की स्थिति बद से बदत्तर नरक में तबदील हो गई है।

गर्मियों का आगमन शुरू हो गया है और जो स्थिति नल की बनी हुई है उससे ऐसा लग रहा है कि आने वाले समय में इस नाले की अगर साफ सफाई नहीं करवाई गई तो यही नाला परस्पर जुड़े तीनों वार्डों के लोगों को कूड़ा-कर्कट से पैदा होने वाली कई भयंकर कर बीमारियों से ग्रस्त कर देगा।

इस बारे में जब स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों से बात की गई तो उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत ने ग्राम पंचायत बनीखेत में साफ सफाई को लेकर पंचायत स्तर पर के जागरूकता अभियान भी चलाएं जिसमें उन्हें अपने घरों के कूड़े को किस प्रकार ठिकाने लगाना है उसे बारे में जागरूक भी किया किंतु स्थानीय लोग बार-बार अपने घरों का कूड़ा सीधा नालों के हवाले कर रहे हैं जिससे भविष्य में बीमारियों का तो खतरा रहेगा साथ ही बनी खेत की खूबसूरती में भी काले धब्बे का काम करेगा।


नाले लगे कूड़े के ढेर।

ग्राम पंचायत प्रधान अरुण राणा ने भी इस समस्या को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि स्थानीय प्रशासन को बनीखेत, पुखरी में बीते कुछ से समय में आबादी लगातार बढ़ रही है अचानक होटल व्यवसाय को बढ़ावा मिला जिससे होटल की संख्या भी निरंतर बढ़ रही है लेकिन इस आबादी के मध्य नजर कूड़े को सही ठिकाने लगाने के लिए प्रशासन की ओर से अभी तक कोई खास इंतजाम नहीं किए गए हैं जिसका नतीजा जो लोग हैं वह अपने घरों का कूड़ा सीधा नालों के हवाले कर रहे हैं।

हालांकि बनीखेत पंचायत द्वारा जगह-जगह चेतावनी बोर्ड भी लगाए गए हैं लेकिन उसके बावजूद भी लोग बिना किसी खौफ के कूड़ा नालों के हवाले कर रहे हैं।

ये हाल सिर्फ बनीखेत पंचायत का नहीं है बल्कि क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में कुड़े की समस्या सर उठती जा रही है और जो आने वाले समय में विकराल होकर लोगों को बीमारियों से ग्रस्त कर देगी।

जिला प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी चंबा ने बताया कि वह इस समय समय पर छापामारी कर लोगों को जुर्माना लगाकर प्रदूषण के खिलाफ सबक सिखाते रहते हैं। भारी जुर्माना लगाने के बावजूद भी अगर लोग कूड़े को सीधा नालों के हवाले कर रहे हैं तो यह एक चिंता का विषय है।

# किश्तवाड़ होते हुए जम्मू से जुड़ी लाहौल घाटी

## बीआरओ ने नॉर्थ पोर्टल से कोकसर की ओर शुरू की सड़क बहाली, दूसरी टीम भी गुलाबा से बढ़ी आगे

**कमलेश वर्मा, केलांग/कुल्लू**

लाहौल-स्पीति जिला की तिन्दी घाटी से तिन्दी- पांगी होते हुए बाया किश्तवाड़ सड़क तीन महीने बाद जम्मू से जुड़ गई है। बीआरओ ने तांदी संसारी जम्मू मार्ग को बहाल कर दिया है। जिसके चलते इस मार्ग में वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है।

हिमपात व सर्दियों के चलते दिसंबर के अंत में इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बन्द हो गई थी। बीआरओ द्वारा सड़क बहाल कर लेने के बाद वाहनों की आवाजाही फिर से सुचारु हो गई है। उधर, बीआरओ शिंकुला बहाली के करीब पहुंच गया है। इस महीने के अंत तक जंस्कार घाटी मनाली से जुड़ जाएगी। इससे पहले बीआरओ ने 15 फरवरी को भी शिंकुला बहाल कर जंस्कार को मनाली से जोड़कर रिकार्ड बनाया था। दूसरी ओर मनाली लेह मार्ग बहाली भी युद्धस्तर पर जारी है। उधर, बीआरओ योजक परियोजना के निदेशक विकास गुलिया ने बताया कि मौसम को देखते हुए।



सड़क बहाली के दौरान बीआरओ के अधिकारी जवानों से चर्चा करते हुए।

बीआरओ ने सभी सड़कों की बहाली शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि मौसम ने साथ दिया तो शिंकुला दर्रा इसी महीने के अंत मे बहाल हो जाएगा जबकि अन्य दर्रों के भी अप्रेल के अंत तक बहाल होने की उम्मीद है। जल्द सैलानी कोकसर पर्यटन स्थल का दीदार कर सकेंगे। बीआरओ ने नार्थ पोर्टल से कोकसर की ओर सड़क बहाली शुरु कर दी है। बीआरओ की 94 आरसीसी की टीम कोकसर बहाल करने के बाद ग्राम्फु का रुख करेगी। (अनंत ज्ञान)

### रोहतांग मार्ग बहाली का कार्य शुरू

रोहतांग के इस ओर बीआरओ की 70 आरसीसी ने अपने गुलाबा ट्रांजिट कैंप तक सर्दियों में भी सड़क बहाल रखी है। बीआरओ ने गुलाबा से भी रोहतांग बहाली शुरु कर दी है। रोहतांग दर्रे के दोनों ओर से सड़क बहाली का कार्य शुरु है। बीआरओ ने रोहतांग के साथ मनाली लेह को बहाल करने का कार्य भी युद्धस्तर पर शुरु कर दिया है। गौरतलब है कि इस बार 29 जनवरी से 10 मार्च तक भारी हिमपात का क्रम जारी रहा है जिससे रोहतांग सहित शिंकुला, बारालाचा व कुंजम दर्रों में 10 फीट से अधिक बर्फ की मोटी परत बिछ गई है। हिमपात अधिक होने से बीआरओ के सभी मार्गों में हिमस्खलन भी अधिक हुआ है। शुक्रवार को भी लाहौल की ऊंची चोटियों में बर्फबारी के दौर जारी रहा।

# कुल्लू व आनी के मतदान केंद्रों में किया बदलाव

**कुल्लू।** कुल्लू और आनी में कुछ एक मतदान केंद्रों में बदलाव किया गया है। 23 – कुल्लू विधानसभा के क्षेत्र के 3 व 25 – आनी विधानसभा क्षेत्र के एक मतदान केंद्र के स्थान व भवन में परिवर्तन किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी तोरुल एस रवीश द्वारा जारी आदेशों के अनुसार 23 – कुल्लू विधानसभा क्षेत्र 44 – सरवरी स्थित टीचर होम सरवरी मतदान केंद्र अब आशा क्लब सरवरी में, 101 भुंतर –111 को वन परिक्षेत्रीय अधिकारी कार्यालय भुंतर से बदल कर नायब तहसीलदार कार्यलय भुंतर तथा 140 – धारा राजकीय उच्च पाठशाला ड़ी के चोंग स्थित धारा मतदान केंद्र को बदल कर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ड़ी के चौंग स्थित धारा किया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आदेशों के अनुसार आनी विधानसभा क्षेत्र के डुहाड़ –3 मतदान केंद्र को बदल कर राजकीय प्राथमिक विद्यालय बनाला स्थित डुहाड़ किया गया।

# कार्यशाला में मतदान कर्मियों को दिया 'डीआईएसई सॉफ्टवेयर' का प्रशिक्षण



प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेते विभिन्न विभागों के पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम कुल्लू के माध्यम से शुक्रवार को देव सदन भवन के सभागार में जिले के सभी डीडीओ व विभागाध्यक्षों के लिए आगामी लोकसभा आम चुनाव – 2024 में मतदान कर्मियों के रैंडमाइजेशन और तैनाती के लिए 'डीआईएसई सॉफ्टवेयर' के उपयोग के संबंध में एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें मास्टर ट्रेनर रविकांत पोत्दार ने सभी को डीआईएसई वेब पर मतदान कर्मियों की डेटा प्रविष्टि संबंधी व्यापक जानकारी प्रदान की गई।

कार्यशाला में फार्म 12, सीईओ हिमाचल, एप के माध्यम से ई एपिक कार्ड तथा अपने मतदान कार्ड के अद्यतन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला में अधिकारियों से उनके कार्यालय में तैनात सभी कर्मचारियों का विवरण 31 मार्च 2024 तक डीआईएसई वेब एप्लिकेशन पर दर्ज/अद्यतन को कहा।

# वंशिता मिस फेयरवेल और देवेश मिस्टर फेयरवेल चुने

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

परी एंजल मॉडल स्कूल लराकेलों में 10वीं कक्षा के फेयरवेल समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया।

इस अवसर पर करवाई गई विभिन्न गतिविधियों के आधार पर मिस फेयरवेल वंशिता और मिस्टर फेयरवेल देवेश को चुना गया । इस फेयरवेल समारोह में स्कूल की प्रधानाचार्य प्रोमिला ठाकुर, एमडी कमल ठाकुर और स्कूल के सभी अध्यापक विशेष रूप से उपस्थित रहे। स्कूल की प्रधानाचार्य प्रोमिला ठाकुर ने आशा व्यक्त की है कि जो बच्चे दसवीं कक्षा से पास हो कर आगे जा रहे हैं वो आगे जा कर एक सुनहरे भविष्य का निर्माण तो करेंगे ही साथ ही अपने साथ साथ स्कूल ओर अपने अभिभावकों का नाम भी रोशन करेंगे।




मिस्टर और मिस फेयरवेल स्कूल के प्रधानाचार्य एवं अध्यापकों के साथ।

# सामाजिक कुरीतियों बारे पेंटिंग के माध्यम से दिया संदेश



रशियन चित्रकार निकोलस रौरिक की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर मौजूद गणमान्य लोग।

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

जिला कुल्लू के नग्गर स्थित अंतरराष्ट्रीय रौरिक मैमोरियल ट्रस्ट नग्गर शुक्रवार को प्रदेश विश्वविद्यालय शिमल के दृश्य कला विभाग के छात्रों द्वारा विभागाध्यक्ष प्रोफैसर हिम चटर्जी के निर्देशन में रशियन चित्रकार निकोलस रौरिक की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

इस प्रदर्शनी में दृश्य कला विभाग के प्रसेनजीत राह, अश्विनी राणा, अवन्तिका भारद्वाज, शालिनी कौशल, हरजोत सिंह बैंस, आरती शर्मा, अमीषा, कोमल यादव, विकास, रुचिका, यश, गौरव शर्मा, शुभम चौधरी, प्रियंका ठाकुर, मितम्बदा, रितिष राज ठाकुर, नीतीश कुमार, शशि, वैशाली, करण, ऋषिता डोड़, आभा लडोहिया, दिव्य चौहान आदि के चित्र प्रदर्शन पर हैं। प्रदर्शनी का शीर्षक ''रेमनिसन्स-24'' है जिसके माध्यम से युवा कलाकारों द्वारा अपनी कला के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों एवं राष्ट्रीय एकता के बारे में समाज को संदेश दिया गया है एवं पर्यावरण के बारे में समाज में वर्तमान समय में अधिक सजग रहने के बारे में बताया है। प्रदर्शनी का उद्घाटन भारतीय क्यूरेटर सुरेश कुमार नड्डा और रशियन क्यूरेटर लारिसा सुरगिना ने संयुक्त रूप से किया।

इस प्रदर्शनी का आयोजन करने और समय देने के लिए हिम चटर्जी ने रौरिक ट्रस्ट की निदेशक एवं उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश एवं रौरिक ट्रस्ट के प्रबन्धन वर्ग का आभार व्यक्त किया है एवं आशा व्यक्त की है कि आईआरएमटी एवं हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय भविष्य में भी इस प्रकार की कला प्रदर्शनियों का आयोजन करते रहेंगे।

इस अवसर पर रशियन क्यूरेटर सहायक दमित्री सुरगिन, नीरत राम, देश विदेश के पर्यटक और कुल्लू घाटी के गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस प्रदर्शनी में लगभग 50 चित्र प्रदर्शनी पर है। यह प्रदर्शनी दर्शकों के लिए 22 मार्च से 24 मार्च तक प्रदर्शनी में रहेगी।

# राजभाषा ई-पत्रिका 'पार्बती दर्पण' का किया विमोचन



राजभाषा ई-पत्रिका 'पार्बती दर्पण' के विमोचन मौके पर मौजूद अधिकारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

एनएचपीसी पार्बती जल विद्युत परियोजना चरण-दो के परियोजना प्रमुख एमके कश्यप ने शुक्रवार को नगवाईं कार्यालय परिसर में राजभाषा ई-पत्रिका 'पार्बती दर्पण' का विमोचन किया।

इस ई-पत्रिका में हाइड्रो पावर एवं पार्बती परियोजना चरण-2 से संबंधित निबंध एवं संस्मरण तथा साहित्य, चिकित्सा, जन जागरूकता पर कविताएं व लेख वर्णित है। पार्बती परियोजना में वर्ष 2023-24 के अंतर्गत आयोजित की गई विभिन्न गतिविधियों और उपलब्धियों को भी शामिल किया गया है।

इस दौरान पार्बती-2 परियोजना से अंगद कुमार, उप महाप्रबंधक (सिविल), डॉ. मिरा जैन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अरविंद कौशिक, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) , लतेश पलटा, ग्रुप वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल) तथा अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी एक साजिश : प्रशांत शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

आम आदमी पार्टी के सुप्रीमों और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ई डी ने गिरफ्तार किया है इस कारण पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में रोष पनप गया है। शुक्रवार को आम आदमी पार्टी से मंडी लोकसभा प्रभारी कैप्टन प्रशांत शर्मा ने प्रेस वार्ता कर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की घोर निंदा करते हुए कहा कि सही मायनों में आज लोकतंत्र की हत्या हुई है।



उन्होंने बताया कि जिस तरह से चुनावों के ठीक पहले अचानक से बिना किसी पुख्ता सबूत के ईडी के द्वारा उनकी गिरफ्तारी की गई है वो कहीं न कहीं विपक्ष को समाप्त करने की साजिश हो रही है और जिस तरह से भाजपा ने तानाशाही रुख अपनाया हुआ वो देश में लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से केजरीवाल की लोकप्रियता बढ़ती जा रही थी उससे भाजपा कहीं न कहीं घबराई हुई थी।

उन्होंने बताया कि जिस तरह से रशिया और नॉर्थ कोरिया में लोकतंत्र का नामोनिशान खत्म हो चुका है ठीक वैसे भी हमारे देश में भी लोकतंत्र का अस्तित्व खतरे में है। उन्होंने कहा कि आप आदमी पार्टी इस पूरे प्रकरण में खामोश नहीं रहेगी और पूरे देश में ही भी बल्कि हर घर तक पार्टी के कार्यकर्ता जाएंगे और इस गिरफ्तारी का पुरजोर विरोध करेंगे। यही नहीं आने वाले लोकसभा चुनावों में भाजपा को मुंह तोड़ जवाब भी देंगे।

# वार्षिक समारोह में नवाजे कुल्लू कॉलेज के होनहार

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

राजकीय महाविद्यालय कुल्लू का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का भव्य आयोजन कॉलेज बहुउद्देश्यीय सभागार में किया गया।



मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य।

इस समारोह में बतौर मुख्यातिथि निदेशक उच्चतर शिक्षा हिमाचल प्रदेश डॉ. अमरजीत शर्मा और संयुक्त निदेशक उच्चतर शिक्षा डॉ. नंद लाल शर्मा बतौर विशेष अतिथि समारोह में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यातिथि एवं विशेष अतिथि का स्वागत कुल्लवी टोपी पहनाकर और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट करके किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने कई रंगारग कार्यक्रम प्रस्तुत कर, जिनमें स्वागत गीत, समूह गान, एकल नृत्य, एकल गान एवं कुल्लवी नाटी प्रस्तुत कर, सभागार में उपस्थित सभी छात्रों एवं प्रध्यापकों का मनोरंजन किया। इस दौरान पारितोषिक वितरण के कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए महाविद्यालय में वर्ष 2023-24 के बीच शैक्षणिक, एनसीसी, एनएसएस, खेलकूद ओर सांस्कृतिक गतिविधियों सहित विभिन्न गतिविधियों में बेहतरीन प्रदर्शन कर चुके छात्र-छात्राओं को मुख्यातिथि ने पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया, साथ ही आगे भी ऐसे ही बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए भी सभी को प्रोत्साहित किया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोशन लाल ने 2023-24 का वार्षिक प्रतिवेदन पेश कर मुख्यातिथि को वर्षभर की गतिविधियों से अवगत कराया।

### इन छात्रों को मिला सम्मान

बीएससी तृतीय वर्ष की साहिल, रवीना, आरूषि, सैलजा, माला देवी, नेहा, प्रिया, शिवानी, ललित, तनवी, सविना, मोहित, जान्हवी, राहुल, कोमल, किरन, गीतांजलि, सिया, सजना, कल्पना। बीएससी द्वितीय वर्ष से गुंजन, तुषार, साक्षी, सेजल, मुस्कान, शिवानी, श्वेता, लक्ष्य, विक्रांत, अंकिता, संजना, कुसुम, अर्चना, अंजलि। बीएससी प्रथम वर्ष से अभिषेक, मेघना, अनामिका, सपना, अभि, राधिका, श्रुति पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया। इस के बाद डॉ नंदलाल ने बीकॉम तृतीय वर्ष से हिना, रिया, अंकिता, दीक्षित, अजय, अदिति, अलिशा, अंजलि, रितिश तथा बीकॉम द्वितीय वर्ष से भावना, काजोल, अभिषेक, ईशा, अंजलि को पुरस्कृत किया। इसी क्रम में बीकॉम प्रथम वर्ष से शालिनि, मालती, कनिका, कशिश ओर निखिल को पुरस्कृत किया।इसके बाद बीए तृतीय वर्ष से कामिनी, नीता, अर्पिता, रितिक, हर्षिता, भोज प्रकाश, योग्यता, नेहा, वर्षा, सुदर्शना, पायल, अर्चना, तान्या ओर शिवानी को पुरस्कृत किया गया। बीए द्वितीय वर्ष से तेंजिन, किरण, संजना, जिया, मोनिका, महिमा ओर ममता जैसे महाविद्यालय के प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित किया गया।

# भाजपा की लोकप्रियता देख कांग्रेसी नेता विचलित : शौरी

**अनंत ज्ञान, बंजार**

लोकसभा चुनावों को लेकर पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू है। सभी पार्टियां लोकसभा चुनावों के लिए अपने-अपने उम्मीदवार तय कर रहीं हैं। ऐसे में बयानबाजी व चुनाव प्रचार का दौर भी शुरू हो चुका है। हिमाचल प्रदेश से मंडी लोकसभा सीट जहां से कांग्रेस प्रदेश अध्यक्षा स्वयं वर्तमान में लोकसभा सांसद हैं, पुनः सुर्खियों में हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने चुनावी मैदान में उतरने से हाथ पीछे खींच लिया है। इतना ही नहीं अन्य वरिष्ठ कांग्रेसी नेता भी मंडी सीट से चुनाव लड़ने के लिए इंकार कर चुके हैं।



बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने मौजूदा हालातों पर अपनी बात रखते हुए कहा कि कांग्रेस धरातल पर अपनी स्थिति देखकर व भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व की लोकप्रियता देखकर विचलित हो चुकी है। कांग्रेस की आपसी कलह जग जाहिर हो चुकी है। कांग्रेस सरकार में नेताओं की धन व वाहवाही बटोरने की दौड़ देखकर कांग्रेसी कार्यकर्ता हताश हो चुके हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता का विश्वास खो चुकी है। यही सब वजह है कि कांग्रेसी नेता लोकसभा चुनावों में उतरने से कतराने लगे हैं। संभवता कांग्रेस लोकसभा चुनावों में अपनी हार मान चुकी है। लोकसभा चुनाव में हिमाचल की जनता कांग्रेस की सरकार को उनकी लचर व्यवस्था का इनाम देगा। भाजपा लोकसभा में एकतरफा जीत की और अग्रसर है।

**खेल** सीनियर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला

# कुल्लू ने पहली पारी में बनाई बढ़त

## ऊना की टीम को दिया 559 रन का विराट लक्ष्य, कुल्लू की जीत की संभावना प्रबल

**अनंत ज्ञान, ऊना**

सीनियर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला ऊना और कुल्लू के बीच में हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला के अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में चल रहा है, जिसमें ऊना की टीम ने टॉस जीता और गेंदबाजी करने का निर्णय लिया था।

कुल्लू के अमित ठाकुर ओपनर बल्लेबाज ने 20 रन बनाए और अपनी पारी में 3 चौके लगाए, विजय ने 26 रन बनाए और अपनी पारी में पांच चौके लगाए, रवि ठाकुर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक तक लगाया और टीम के लिए 66 रन का योगदान दिया। अपनी पारी में रवि ठाकुर ने 9 चौके और एक सिक्सर लगाया। घनश्याम ने 10 रन बनाए, अनूप ठाकुर 47 रन बनाए, अपनी पारी में 6 चौके लगाए। शशांक शर्मा 16 रन बनाए। अभिनंदन बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए, युतिष जमवाल ने 65 रन बनाए। अपनी पारी में 6 चौके और 5 सिक्सर लगाएं यशोधन ने शून्य, परीक्षित कश्यप 11 रन नाबाद बनाए, दसवीं विकेट की साझेदारी



74 रन की हुई, लास्ट विकेट की साझेदारी ने कुल्लू का स्कोर सम्मानजनक स्थिति में पहुंचा दिया। ऊना के रितिक कालिया ने 1 विकेट, पंकज जसवाल 2 विकेट, महेश सिंह ठाकुर 4 विकेट, अंकुश बेदी ने 2 विकेट प्राप्त किया। कुल्लू की टीम ने अपनी पहली पारी में 10 विकेट खोकर 268 रन बनाए।

ऊना की टीम को कुल्लू की टीम ने सस्ते में समेट दिया। ऊना की टीम मात्र 110 रन पर समेट दिया राघव बाली 21, अंकित कलसी 24, पूर्व राज 36 रन बनाए, बाकी बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक ही रहा। परीक्षित कश्यप ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया। यशोधन ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया, युतिष जमवाल, और दक्ष नारायण ने दो-दो खिलाड़ियों को आउट किया।

कुल्लू की टीम ने पहली पारी में 158 रन की वढत प्राप्त कर ली है। कुल्लू की टीम ने दूसरी पारी में 10 विकेट खोकर 400 रन बनाए। रवि ठाकुर ने 79 रन बनाए। विजय ने 71 रन बनाए, घनश्याम ने 18 रन बनाए, अनुप ठाकुर ने 35, शशांक शर्मा 46, युतिष जमवाल ने 28 अभिनंदन ने 63 रन बनाए।

ऊना के महेश सिंह ठाकुर 3 विकेट राघव बाली 3 विकेट , अंकुश बेदी 1 विकेट, ऋतिक कालिया ने 2 विकेट, पंकज जसवाल ने एक विकेट, कुल्लू की टीम ने ऊना की टीम को 558 रन का विशाल लक्ष्य प्रदान किया। ऊना की टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक तीन विकेट खोकर 139 रन बना लिए हैं, ऊना टीमको जीत के लिए 420 रन की आवश्यकता है।

# प्रेस क्लब ऑफ कुल्लू के महासचिव रहे सुमित चौहान को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

प्रेस क्लब ऑफ कुल्लू के महासचिव सुमित चौहान के आकस्मिक निधन के बाद शुक्रवार को प्रेस क्लब कुल्लू में शोकसभा का आयोजन किया और श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर क्लब के सभी सदस्यों ने भाग लिया। शोक सभा का संचालन महासचिव जसपाल सिंह ने किया। इसके बाद प्रधान धनेश गौतम ने कहा कि सुमित चौहान का निधन बाथरूम में पांव फिसलने से हुआ। वे कुल्लू शहर के सुल्तानपुर के रहने वाले थे। उन्होंने कहा कि यह कुल्लू जनपद व प्रेस क्लब के लिए बहुत बड़ी क्षति है जिसकी भरपाई अपूरणीय है। प्रेस क्लब ऑफ कुल्लू में उनका अहम स्थान रहा है। वे निर्भीक एवं स्टीक पत्रकारिता के प्रतीक थे। पत्रकारिता में वे नई पीढ़ी के लिए रोल मॉडल रहे हैं। मधुरभाषी और हंसमुख स्वभाव के सुमित चौहान का प्रेस क्लब के उत्थान में वेहद सहयोग रहा है। प्रेस क्लब भवन की नींव रखने में उनका वेहद योगदान है और आज सुमित चौहान का जन्मदिन भी था और विधाता का खेल देखिए कि हम उनके जन्मदिन के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सुमित चौहान की मृत्यु से प्रेस कलब के सभी सदस्य स्तब्ध है। हम प्रभु से प्रार्थना करते हैं कि उनकी आत्मा को अपने चरणों में स्थान देकर शांति प्रदान करें और परिवार को दुःख सहने की शक्ति दें। उन्होंने कहा कि उनके शोक में प्रेस क्लब इस बार प्रेस क्लब में आयोजित होने बाली पारंपरिक होली उत्सव का आयोजन नहीं करेगा।



वरिष्ठ पत्रकार सुमित चौहान को श्रद्धांजलि अर्पित करते प्रेस क्लब के सदस्य।

# अधिकारी-कर्मचारी नियमानुसार चुनाव निपटाने में करें सहयोग : नरेश वर्मा



लोस चुनाव की ड्यूटी में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों से चर्चा करते एसडीएम आनी।

**अनंत ज्ञान, आनी**

चुनाव आचार संहिता का पालन करते हुए चुनावी ड्यूटी में तैनात अधिकारी और कर्मचारी लोकसभा चुनावों को निपटाने में सहयोग दें।

एआरओ/एसडीएम आनी नरेश वर्मा ने डाइस मॉड्यूल के प्रशिक्षण कार्यक्रम में चुनावों के लिए तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों, नोडल ऑफिसर्स से अपील करते हुए कहा कि सॉफ्टवेयर में चुनावी ड्यूटी पर तैनात होने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों की जानकारी सही प्रकार से दर्ज करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सॉफ्टवेयर में दर्ज किसी भी गलत जानकारी के कारण समस्या का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए जानकारी दर्ज में संबंधित अधिकारी अधीनस्थ कर्मचारियों को सावधानी बरतने के निर्देश दें। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर ऑफिसर. नोडल ऑफिसर्स चुनावों के दौरान किसी भी प्रकार की चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों को नियमों के अनुसार निपटान करें। किसी भी संवेदनशील मामले को चुनाव आयोग के ध्यान में लाएं ताकि नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों को डाइस सॉफ्टवेयर पर प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में एसी (विकास) बीडीओ अमनदीप सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी. चुनाव प्रशिक्षण से संबंधित नोडल ऑफिसर और चुनाव विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# नलवाड़ी मेले की अंतिम संध्या में गायक गुरनाम मचाएंगे धमाल

## बिलासपुर पहुंचेंगे राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, आज करेंगे मेले का समापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर के राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले का 23 मार्च को विधिवत रूप से समापन हो जाएगा। इस समापन समारोह में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

राज्यपाल की ओर से मेले के समापन के अवसर पर यहां पर आयोजित छिंज प्रतियोगिता में विजेता पहलवानों को सम्मानित भी किया जाएगा। वहीं, मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में मुख्यातिथि राज्यपाल ही रहेंगे। बिलासपुर में चल रहे राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेला 17 से 23 मार्च तक आयोजित किया जाता है। मेले के दौरान 20 मार्च से सांस्कृतिक संध्या भी आयोजित की जा रही है। आज अंतिम सांस्कृतिक संध्या आयोजित होगी, जिसमें पंजाब सुप्रसिद्ध गायक गुरनाम भुल्लर यहां पर बतौर स्टार नाइट होंगे। नलवाड़ी मेले की बात करें, तो इस बार काफी कुछ नया मेले में प्रशासन की ओर से किया गया है। लाइट एडं साउंड शो के माध्यम से बिलासपुर के मेले के इतिहास के बारे में बताया जा रहा है। वहीं, इसी के साथ मेले की सांस्कृतिक संध्याओं में स्टेज व बैठने की बेहतर व्यवस्था की गई है। इसी के साथ मेले में खेलों को बढ़ावा देने के लिए बेहतर कार्य किया गया है। प्रशासन की ओर से सात खेलों को मेले के अवसर पर करवाया जा रहा है। इसी के साथ मेले में इस बार चैस व बैडमिंटन खेल को भी जोड़ा गया है।




बिलासपुर के राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले में कुश्ती में अपना दमखम दिखाते प्रतिभागी।

# डॉ. विशाल जम्वाल ने संभाला शिशु रोग विशेषज्ञ का कार्यभार

**घुमारवीं।** सिविल अस्पताल घुमारवीं में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. विशाल जम्वाल ने ज्वाइन कर लिया है।



वे अब मरीजों को अपनी सेवाएं देंगे। हालांकि यह नियुक्ति करीब एक महीना पहले ही हो गई थी, लेकिन चिकित्सक अभी तक घुमारवीं अस्पताल में ज्वाइन नहीं कर पाए थे। शुक्रवार को उन्होंने अस्पताल में ज्वाइन किया, जिसके बाद अब मंगलवार से लोगों को शिशु रोग विशेषज्ञ की सेवाएं सुचारु रूप से मिलना शुरू हो जाएंगी। स्वास्थ्य विभाग ने शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विशाल जम्वाल की नियुक्ति फरवरी महीने में घुमारवीं अस्पताल में की थी, लेकिन किसी कारणवश वह ज्वाइन नहीं कर पाए थे, लेकिन शुक्रवार को उन्होंने अस्पताल में आकर ज्वाइन किया। जम्वाल ने लुधियाना से स्नातकोत्तर की डिग्री की है। घुमारवीं अस्पताल में शिशु रोग विशेषज्ञ की तैनाती से इस अस्पताल पर निर्भर करीब एक लाख से अधिक की आबादी को इसका लाभ मिलेगा। पिछले कई सालों से लोगों की मांग थी कि अस्पताल में शिशु रोग विशेषज्ञ की तैनाती की जाए क्योंकि पिछले कई सालों से यह पद खाली चला हुआ था।

# लोगों को बताए पोषण के 5 सूत्र

## आंगनबाड़ी केंद्र करोट में जागरूकता शिविर का किया आयोजन



वृत्त घंडालवी के आंगनबाड़ी केंद्र करोट में एक दिवसीय जागरूकता शिविर में मौजूद लोग।

**अनंत ज्ञान, डंगार चौक**

पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत वृत्त घंडालवी के आंगनबाड़ी केंद्र करोट में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया व महिला एवं बाल विकास निदेशालय प्रदेश के तत्वावधान में इस शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता पर्यवेक्षक वृत्त घंडालवी सुनील कुमार शर्मा ने की।

इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह को पोषण के पांच सूत्रों, 1000 सुनहरे दिन, एनीमिया, डायरिया और सेनिटेशन तथा पौष्टिक आहार के बारे में लोगों को विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की तरफ से सीएचओ ललिता ने लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बताया। आशा वर्कर्स संतोष कुमारी ने टीकाकरण के बारे में लोगों को जानकारी दी। इस पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित किए गए जागरूकता शिविर में वार्ड सदस्य नीलम कुमारी, रोशनी देवी, सुनीता देवी, स्नेह लता, सरिता, संदला देवी, रीना कुमारी, सरोज कुमारी, सुशील कुमारी, रक्षा देवी, कांता देवी, सुनिधि, अंजली, कंचना देवी एवं स्थानीय महिलाएं एवं बच्चों ने भाग लिया।

## कैलाश खेर ने की बिलासपुर में शत-प्रतिशत मतदान की अपील

**बिलासपुर।** पद्मश्री गायक कैलाश खेर ने बिलासपुर में लोगों से शत-प्रतिशत मतदान की अपील की। राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले की सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति के बाद कैलाश खेर ने लोगों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों में सभी लोग बढ़-चढ़कर भाग लें और मतदान अवश्य करें। लोकतंत्र का महाउत्सव हो रहा है व सभी शत-प्रतिशत मतदान करें।
























## न्यूज ब्रीफ

### एससी/एसटी विकास निधि कानून बनाया जाए

**राजगढ़।** कोली समाज की राजगढ़ इकाई ने प्रदेश में जल्द अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति विकास निधि कानून बनाने की मांग की है। इस बाबत कोली समाज ने एसडीएम राजगढ़ के माध्यम से मुख्यमंत्री सुक्खू को एक ज्ञापन भेजा है। कानून को बनाने के लिए डॉक्टर के. राजू और राजेश कुमार लिलाठिया के मार्गदर्शन में एक फरवरी को राजीव भवन में स्टेट कोटेशन फॉर लेजिस्लेशन ऑफ एससी, एसटी सब प्लान हिमाचल प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने आपस में मंत्रणा की थी। इसी दिशा में कार्य करते हुए स्टेट कोटेशन फॉर लेजिस्लेशन ऑफ एससी, एसटी सब प्लान की टीम ने अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति विकास निधि कानून का ड्राफ्ट तैयार करके विधायक सुरेश कुमार के माध्यम से आगामी कार्रवाई के लिए प्रेषित कर दिया है।

### किरनेश ने चैरिटेबल ट्रस्ट के कार्यों को सराहा


भूपुर में स्काउट विद प्राउड चैरिटेबल ट्रस्ट के कार्यक्रम में मौजूद लोग।

**पावंटा साहिब।** भूपुर में स्काउट विद प्राउड चैरिटेबल ट्रस्ट ने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व विधायक चौधरी किरनेश जंग मुख्यातिथि रहे। इस दौरान उन्होंने स्काउट विद गाइड संस्था द्वारा प्राइवेट व सरकारी स्कूलों में छात्र-छात्राओं को सामाजिक व शारीरिक रूप से विकसित करने में योगदान देने के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों को सराहा व अपनी ओर से हरसंभव मदद का वादा किया। इस कार्यक्रम में ट्रस्ट के कई लोग मौजूद रहे।

### मोदी नाम की बैसाखियों पर भाजपा : सोलंकी

**नाहन।** भाजपा पीएम मोदी नाम की बैसाखियों के सहारे चल रही है। भाजपा के उम्मीदवार अपने दम पर चुनावी मैदान में उतरने से घबरा रहे हैं। भाजपा पर निशाना साधते हुए नाहन क्षेत्र के विधायक अजय सोलंकी ने कहा कि प्रदेश पर



आई भारी आपदा के दौरान केंद्र की मोदी सरकार ने प्रदेश के साथ बड़ा धोखा किया है। सोलंकी ने कहा कि भाजपा के किसी भी सांसद ने संसद में अथवा प्रधानमंत्री से आपदा राहत राशि के लिए न तो मांग की और न ही पीड़ितों की पैरवी की। यही वजह है कि आज भाजपा को खुद पर भरोसा न रहकर कांग्रेस पार्टी से नेताओं और विधायकों की चोरी और खरीद-फरोख्त कर रही है। सोलंकी ने कहा कि आज प्रदेश में भाजपा खुद के बिछाए जाल में खुद फंस गई है। मुख्यमंत्री सुक्खू प्रदेश के विकास के साथ-साथ केंद्र की अनदेखी के बावजूद आर्थिक संसाधन जुटा कर पीड़ितों को राहत पहुंचा रहे हैं। सोलंकी ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस पूरी तरह एकजुट है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में जो थोड़ी बहुत ही गंदगी थी, वह खुद व खुद साफ हो रही है।

### छात्रों से बिना दबाव के मतदान करने की अपील



नाहन कॉलेज में 'लोकतंत्र में मतदान की भूमिका' पर कार्यशाला आयोजित की गई।

**नाहन।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 'लोकतंत्र में मतदान की भूमिका' पर कार्यशाला का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पंकज चांडक ने बताया कि स्वच्छ व मजबूत लोकतंत्र हेतु निश्चित समयांतराल पर जितने आवश्यक चुनाव हैं, उतना ही जरूरी मतदान प्रतिशत है। इस मौके पर प्रो. लक्षिता ने पहली बार मतदान करने वाले युवा विद्यार्थियों को बिना दबाव व प्रलोभन के आवश्यक रूप से मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. प्रेमराज भारद्वाज ने करते हुए लोकतंत्र में युवा मतदाताओं की भूमिका को स्पष्ट किया। इस मौके पर डॉ. उत्तमा पांडे, प्रो. सलोनी सूद, प्रो. बीआर ठाकुर व डॉ. यशपाल सिंह तोमर उपस्थित रहे।

### पांवटा कॉलेज में 'पहल' कार्यक्रम का आयोजन

**पावंटा साहिब।** पावंटा साहिब कॉलेज में 'पहल-2024' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्राचार्य डॉ. विभव कुमार शुक्ला ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। केंद्रीय छात्र परिषद की अध्यक्ष अंजलि ने मुख्य अतिथि, प्राध्यापकों तथा अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत में मोहिनी वर्मा के सोलो डांस ने सभी को प्रभावित किया। इसके बाद गौरव के मोनोलॉग ने परीक्षा से पूर्व विद्यार्थियों की मनोस्थिति को नाटकीय अंदाज में प्रस्तुत कर सबको मोहित किया। इसके पश्चात बीए तृतीय वर्ष की छात्रा ने बेहतरीन सोलो डांस मिश्रण प्रस्तुत किया। इसके बाद संगीत विभाग के प्रवीण एव ग्रुप ने बेहतरीन लोकगीतों की प्रस्तुती दी। सिमरन कौर छात्रा ने सोलो पंजाबी गिद्दा प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध किया। प्राचार्य डॉ. विभव कुमार शुक्ला ने विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है।

### छात्रों ने अदालती कामकाज की बारीकियां सीखीं

**नाहन।** कॉलेज ऑफ लॉ कालाअंब के छात्रों ने भारत के सर्वोच्च न्यायालय का दौरा किया। सहायक प्रोफेसर अंकित ठाकुर और सहायक प्रो. श्वेता ने पूरे दौरे के दौरान छात्रों की सहायता की। दौरे के पीछे मुख्य उद्देश्य छात्रों को सर्वोच्च न्यायालय की कार्यवाही और न्यायालय की कार्यप्रणाली के बारे में जागरूक करना था। प्रत्येक छात्र ने अलग-अलग अदालतों का दौरा किया। जज लाइब्रेरी की निदेशक पूनम शर्मा ने छात्रों का मार्गदर्शन किया और उन्हें सुप्रीम कोर्ट लाइब्रेरी की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी।

### साक्षी ने जीती वाद-विवाद प्रतियोगिता


एमएलएम नर्सिंग कॉलेज ओच्छघाट सोलन में विजेता को सम्मानित करते गणमान्य।

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग सोलन के सौजन्य से एमएलएम नर्सिंग कॉलेज ओच्छघाट सोलन में विश्व मौखिक दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजन उप्पल ने दी। इस अवसर पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में साक्षी प्रथम, हिमांशु द्वितीय तथा दिक्षा तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शालिनी पुरी, स्वास्थ्य शिक्षिका पद्मिनी एवं बीबीसी समन्वयक राधा चौहान ने विश्व मौखिक दिवस पर अपनी जानकारी साझा की। इस अवसर पर एमएलएम. नर्सिंग कॉलेज के प्रधानाचार्य रघुनंदन सहित अध्यापकगण, विद्यार्थी व संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री मोदी का जीतना जरूरी : ठाकुर

**बीबीएन।** नालागढ़ से आजाद विधायक रहे केएल ठाकुर के भाजपा में आने से एक बार फिर से लोकसभा चुनावों में नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र से भारी भरकम लीड रहने की संभावना है, क्योंकि वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में नालागढ़ से 40 हजार के करीब लीड रही थी, जो कि प्रदेश में सबसे अधिक लीड रही थी, जबकि उस समय नालागढ़ से लखविन्द्र राणा विधायक थे। केएल ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार में विधानसभा क्षेत्र की अनदेखी की जा रही थी। उन्होंने कहा कि रुके हुए विकास में गति देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जीताना जरूरी है और मोदी एक बार फिर प्रधानमंत्री बनेंगे और उनको जिताने के लिए नालागढ़ अपनी अहम भूमिका अदा करेगा।

### ठाकुर ने जनता को दिया धोखा : हरदीप बावा

**बीबीएन।** कांग्रेस के प्रदेश महासचिव हरदीप सिंह बावा ने कहा कि स्थानीय विधायक केएल ठाकुर ने कांग्रेस के साथ जो पीठ में छुरा घोंपने का कार्य किया है, उसे यहां की जनता कभी माफ नहीं करेगी। चुनाव में मेरा क्या कसूर का नारे लेकर एक लोगों की भावना से खेलते हुए जीत दर्ज की थी। विधायक के कहने पर नगर परिषद में मनोनीत पार्षद भी रखे गए, लेकिन विधायक ने जिस तरह से सीएम. के साथ धोखा किया है, उसका यहां की जनता मुंहतोड़ जवाब देगी।

# फिर विराजमान होंगी माता शूलिनी

## गर्भगृह का जीर्णोद्धार पूरा, एक साल से चल रहा है निर्माण

**भावना शांडिल, सोलन**

सोलन की अधिष्ठात्री माता शूलिनी देवी मंदिर में पुन: स्थापित होंगी। लाखों लोगों की आस्था का केंद्र में फिर से श्रद्धालु गर्भगृह में माता शूलिनी के दर्शन कर पाएंगे। इससे अनुष्ठान के बाद मंदिर के गर्भगृह में विधि-विधान से माता को उनके गर्भगृह में बिराजमान करने की तैयारी शुरू हो गई है। लगभग एक वर्ष तक गर्भगृह से बाहर रहने के बाद अब अपने गर्भगृह पर विराजमान होने को तैयार है। विदित रहे कि शूलिनी माता मंदिर ट्रस्ट इस मंदिर का जीर्णोद्धार करवा रहा है। मंदिर ट्रस्ट ने परिसर को आकर्षक और सुविधाजनक बनाने के लिए मरम्मत का निर्णय लिया था।

इसी वजह से पिछले एक वर्ष से भी ज्यादा समय से माता की मूर्तियां गर्भ के गृह के बाहर हॉल में रखी गईं। इस कार्य में देरी के चलते माता के कल्याणों ने भी नाराजगी जाहिर की थी। प्रशासन ने इसका संज्ञान लिया। अब 27 मार्च से होने वाले अनुष्ठान के बाद मंदिर के गर्भगृह में विधि-विधान से माता को उनके गर्भगृह में बैठाने की तैयारी शुरू हो गई है।

कल्याणों के मुताबिक एक अप्रैल को माता अपने गर्भगृह में विराजमान हो जाएंगी। माता को पुन: गर्भगृह में विराजमान करने के लिए कार्यक्रम के अनुसार गर्भगृह का जीर्णोद्धार कार्य 26 मार्च को पूरा हो जाएगा।

इसके बाद मंदिर में अनुष्ठान शुरू होंगे, जिसके तहत मंदिर में पाठ कराया जाएगा। इसके बाद एक अप्रैल को माता की मूर्ति को विधि-विधान के साथ गर्भगृह में स्थापित कर दिया जाएगा। हालांकि, मंदिर के जीर्णोद्धार का काम अभी भी पूरा नहीं होगा। शेष काम लगातार चलते रहेंगे, लेकिन यह सारे काम शूलिनी मेले से पहले पूरे करने का लक्ष्य रखा गया है।

(अनंत ज्ञान)


गर्भगृह के बाहर विराजमान माता शूलिनी देवी, (दाएं) माता शूलिनी मंदिर, जहां पर दूर-दूर व अन्य राज्यों से श्रद्धालु आते हैं।



> हमें प्रशासन से आश्वासन मिला है कि आगामी 27 मार्च से मंदिर में अनुष्ठान शुरू होगा। अनुष्ठान पूरा होते ही माता गर्भगृह में स्थापित हो जाएंगी।
>
> **-जिया लाल ठाकुर, माता शूलिनी कारदार संघ के सचिव**

### एसडीएम ने लिया कार्य का जायजा

**एसडीएम** सोलन डॉ. पूनम बंसल ने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर मंदिर में चल रहे जीर्णोद्धार के निर्माण कार्य का जायजा लिया और यहां पर निर्देश दिए हैं कि जल्द इस कार्य को पूरा किया जाएगा।

# रक्तदान शिविर में 102 ने किया स्वैच्छिक महादान

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

प्रदेश यूथ इंटक की ओर से शहीदी दिवस के मौके पर बालाजी कांप्लेक्स बद्दी में आयोजित रक्तदान शिविर में स्वयंसेवकों ने स्वेच्छिक रक्तदान किया। पीजीआई की टीम ने डॉ. मनप्रीत कटारिया व डॉ. वर्ष निवि की अगुआई में सुभाष चंद, विलियम, सपना, रमन, रशविंद्र सिंह, कलवीर सिंह, रवि व सुरेश ने रक्त एकत्रित किया। शिविर का शुभारंभ यूथ इंटक के प्रदेशाध्यक्ष जसविंदर चौहान ने किया, जबकि विशेष तौर पर उपस्थित रहे दून विधायक राम कुमार चौधरी ने रक्तदान करने वाले युवाओं का हौसला बढ़ाया।

इंटक के प्रदेश मीडिया प्रभारी व प्रवक्ता ओम शर्मा ने बताया के शिविर में कुल 127 स्वयंसेवकों ने रजिस्ट्रेशन करवाया, जबकि 102 स्वयंसेवक रक्तदान के लिए स्वस्थ पाए गए। यूथ इंटक के प्रदेशाध्यक्ष जसविंदर चौहान ने बताया के इंटक द्वारा शहीदी दिवस के मौके पर चौथा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 102 युवाओं ने स्वेच्छिक रक्तदान किया।

रक्तदान शिविर को सफल बनाने में प्रदेश सचिव अभिषेक ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष शिव चौधरी, बीबीएन इंटक महासचिव वरुण कालिया, यूथ इंटक मीडिया प्रभारी रजनीश ठाकुर, अजय ठाकुर, जॉनी ठाकुर, कृष्ण ठाकुर, सुरेंद्र कुमार, शीतला प्रशाद उपाध्याय, रिंकू ठाकुर, लक्ष्मण नेगी, मनोज कुमार, दीप कुमार, रजत कुमार व सुनील कुमार ने अहम भूमिका निभाई।


रक्तदान शिविर में रक्तदानियों को सम्मानित करते गणमान्य।

## राजगढ़ में धूमधाम से मनाया जाएगा होली पर्व

**राजगढ़।** राजगढ़ में इस वर्ष होली पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस मौका पर भाजपा जनजातीय मोर्चा जिला सिरमौर के महामंत्री निहाल रपटा द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रायोजित किया गया। काबिलेगौर है कि दो-तीन वर्षों से राजगढ़ में आयोजित डीजे कार्यक्रम में सैकड़ों लोग होली को उल्लास के साथ मिलजुल कर मना रहे हैं। इस वर्ष निहाल रपटा द्वारा नेहरू ग्राउंड में होली के अवसर पर 25 मार्च को होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

होली मिलन के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें प्रदेश के लोक गायक नाटी किंग काकू चौहान व विक्की राजटा अपनी गायकी से लोगों का मनोरंजन करेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश का विख्यात रुद्रा बेंड ठियोग रहेगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रायोजक भाजपा जनजातीय मोर्चा जिला सिरमौर के महामंत्री निहाल रपटा होंगे। निहाल रपटा ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रात: 9.30 बजे से आरंभ होगा। उन्होंने क्षेत्र वासियों से सोमवार को नेहरू मैदान में अपनी उपस्थिती दर्ज करवाने का आह्वान किया, ताकि रंगों के त्योहार को मिलजुलकर मनाने के साथ-साथ लोक संस्कृति का भी लुत्फ उठा सकें।

# लघु फिल्म दे रही पानी के संरक्षण का संदेश

**अनंत ज्ञान, नाहन**

डॉ. संजीव अत्री की उपलब्धियों भरी लंबी फेहरिस्त में एक और कामयाबी जुड़ने जा रही है। सौंधी धरती मीठा गुड़ लघु फिल्म को हाल ही में कृषि मंत्रालय भारत सरकार के मुख्य सचिव द्वारा पुरस्कृत करने के बाद अब 22 मार्च को एक और लघु फिल्म रिलीज हुई। इस फिल्म को सिरमौर के राजकीय उच्च विद्यालय नौरंगाबाद में फिल्माया गया है। 10 मिनट की इस लघु फिल्म में किरदार भी सरकारी स्कूल के बच्चों का है। बच्चों में बनिया बीन ने फिल्म में मुख्य किरदार निभाया है।

डॉ. संजीव अत्री मौजूदा समय में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टोक्यो में बतौर प्रधानाचार्य के पद पर तैनात हैं। इससे पहले वह उच्च पाठशाला नौरंगाबाद में मुख्याध्यापक के पद पर तैनात थे, जहां उन्होंने इस फिल्म की पटकथा लिखी। निर्देशन भी डॉ. संजीव अत्री का है। पानी की महत्ता को दर्शाती इस लघु फिल्म को 22 मार्च को विश्व जल दिवस के मौके पर रिलीज किया गया। दरअसल ये कहानी पानी की किल्लत और उससे होने वाली कठिनाइयों को दर्शाती है। फिल्म का मुख्य चरित्र इसी गांव का एक बच्चा बनिया बीन है। फिल्म में दिखाया गया है कि बनिया बीन और उसकी शरारती टोली स्कूल में अध्यापक द्वारा किश्ती बनाना सीखने को लेकर काफी खुश हैं, लेकिन बनिया बीन की टोली को किश्ती चलाने के लिए कहीं पानी नहीं मिलता। ये टोली कागज की किश्ती चलाने के लिए दरबदर भटकती है।

घर वाले किश्ती चलाने के लिए उन्हें पानी नहीं देते। ये टोली जब थक-हार कर परेशान गई तो बनिया बीन को एक उपाय सूझता है। अब उपाय से बनिया बीन की किश्ती तो चल पड़ी, लेकिन ये कहानी एक ऐसा संदेश समाज के लिए छोड़ गई, जिससे पानी की महत्ता को अच्छी तरह समझा जा सकता है।

डॉ. संजीव अत्री ने बताया कि हाई स्कूल नौरंगाबाद में बच्चों और अभिभावकों को यह फिल्म दिखाई जाएगी। उन्होंने कहा कि यह फिल्म समाज को पानी बचाने और इसके संरक्षण को लेकर बड़ा संदेश देती है। इस फिल्म के निर्माण में विद्यालय के शिक्षकों बीना जैन, शालिनी वर्मा, विजय कुमारी, पूनम व अनुराधा ने भी अपना सहयोग दिया है।



लघु फिल्म 'बनिया बीन की कश्ती' का पोस्टर।

**सिरमौर के नौरंगाबाद स्कूल में फिल्माए गए हैं दृश्य**

## नगर निगम की मेयर ने लोगों से की जल संरक्षण की अपील

**सोलन।** अश्वनी पेयजल योजना का इलेक्ट्रिक पैनल जलने से निगम को पानी की सप्लाई बंद होने से शहर की जलापूर्ति पर असर पड़ा। हालांकि जलशक्ति विभाग का दावा है कि पेयजल योजना में आई खराबी को ठीक कर पानी की लिफ्टिंग शुरू कर दी है। वहीं, नगर निगम सोलन की मेयर उषा शर्मा ने लोगों से पानी की बचत की अपील की है।


उषा शर्मा

उन्होंने होली पर्व पर भी पानी का उपयोग नहीं करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि इस बार सर्दियों में बारिश और बर्फबारी कम हुई है, जिससे आने वाले दिनों में पानी की कमी हो सकती है। इसलिए लोगों को पानी का संरक्षण करना चाहिए। मेयर कहा कि नगर निगम अपने स्तर पर पेयजल की आपूर्ति का प्रयास कर रहा है, पर यदि कहीं पानी की लीकेज का पता चले तो इसकी शिकायत निगम कार्यालय को जरूर करें।

# अंकिता ने 'गेट' परीक्षा में राष्ट्रीय स्तर पर हासिल किया 35वां रैंक

**कृष्ण रघुवंशी, अर्की**

अर्की उपमंडल के अंतर्गत प्लानिया पंचायत के कोठी कुणाल की प्रतिभाशाली बेटी अंकिता वर्मा ने शिक्षा के क्षेत्र में अपने गांव और उपमंडल का नाम रोशन किया है। दिल्ली विश्वविद्यालय से आंग्ल साहित्य में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त करने के बाद अंकिता ने पहले प्रयास में ही यूजीसी की जूनियर रिसर्च फेलोशिप परीक्षा में सफलता प्राप्त की और अब गेट परीक्षा में राष्ट्रीय स्तर पर 35वां रैंक हासिल कर अपनी योग्यता का परिचय दिया है।



यूजीसी जेआरएफ के लिए चयनित होना अपने आप में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है, जो उम्मीदवारों को विज्ञान, मानविकी और सामाजिक विज्ञान में उन्नत अध्ययन और शोध करने का अवसर प्रदान करती है। इस उपलब्धि के साथ अंकिता न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे गांव के लिए एक प्रेरणा स्रोत बन गई है। उनकी सफलता यह दर्शाती है कि कठिन परिश्रम, समर्पण और दृढ़ संकल्प के साथ, कोई भी अपने सपनों को साकार कर सकता है। बता दें कि अंकिता को पढ़ाई में रुचि पारिवारिक विरासत में मिली है। इनके पिता राजेंद्र वर्मा सरकारी विद्यालय में अर्थशास्त्र के प्रवक्ता हैं, जबकि माता निजी विद्यालय में अध्यापिका हैं व इनके बड़े भाई अंकुश वर्मा केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला में जीव विज्ञान में पीएचडी कर रहे हैं। अंकिता के पिता ने बताया कि उनकी बेटी बाल्यकाल से ही पढ़ाई में होनहार रही है और अपनी बेटी की उपलब्धि पर उन्हें गर्व है। अंकिता ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, दादा-दादी, अपने शिक्षकों सहित समस्त परिवारजनों को दिया है। आज अंकिता अपने समाज मे युवाओं के लिए मिसाल बनी है और उनके घर में बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

# शूलिनी में बताए नशे की दवाओं के दुरुपयोग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

शूलिनी विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान और व्यवहार विज्ञान केंद्र ने एक ऑनलाइन मानसिक स्वास्थ्य परामर्श फाउंडेशन, स्पीकिंग क्यूब और दक्षिण अफ्रीका के वेंडा विश्वविद्यालय के सहयोग से 'माइंडफुल ट्रामा मैनेजमेंट एंड हैप्पी रिलेशनशिप' पर चौथे वर्चुअल अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी की। सम्मेलन में मानसिक स्वास्थ्य और संबंध गतिशीलता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण चर्चा की गई, जिसमें दुनिया भर से विशेषज्ञों ने भाग लिया। सम्मेलन की मुख्य अतिथि उत्तराखंड राज्य मंत्री मधु भट्ट थीं और उन्होंने महिला सशक्तिकरण और पूर्ण जीवन जीने में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर अपनी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि साझा की। मनोवैज्ञानिक और नाटक चिकित्सक गुरमीत शारदा और स्पीकिंग क्यूब की संस्थापक और निदेशक डॉ. दीपिका चमोली शाही सहित प्रतिष्ठित वक्ताओं ने पूरे कार्यक्रम में मार्गदर्शन और प्रेरणा प्रदान की।

पद्मश्री और पद्म भूषण से सम्मानित डॉ. अनिल प्रकाश जोशी और शूलिनी विश्वविद्यालय के चांसलर प्रो. प्रेम कुमार खोसला जैसी हस्तियों ने अपने ज्ञान और अनुभव से चर्चा को समृद्ध किया। शूलिनी विश्वविद्यालय में योगानंद स्कूल ऑफ स्पिरिचुअलिटी एंड हैप्पीनेस के निदेशक और संरक्षक डॉ. समदु छेत्री ने बचपन के आघात, आत्म-प्रेम और सामंजस्यपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देने में दिमागीपन की परिवर्तनकारी शक्ति के बारे में बात की। सम्मेलन के दूसरे दिन डॉ. राजकिरण डोंथु और डॉ. लोबसांग भूटिया जैसे विशेषज्ञों के नेतृत्व में आकर्षक सत्र आयोजित किए गए। अधिवक्ता पंकज छेत्री और कांग्रेस प्रवक्ता उत्तराखंड ने उपस्थित लोगों को नशे की दवाओं के दुरुपयोग और दैनिक जीवन पर इसके प्रभाव के बारे में बताया। पंकज छेत्री ने रचनात्मक टीम को भी सम्मानित किया।

डॉ. दीपिका चमोली शाही ने अपने समापन भाषण में सभी प्रतिभागियों को उनके अमूल्य योगदान के लिए आभार व्यक्त किया और सहयोग और ज्ञान-साझाकरण के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य और रिश्तों में सकारात्मक बदलाव लाने में सम्मेलन की भूमिका पर जोर दिया। स्नेहा भारद्वाज, श्रेया खटवाल, यूपीईएस, पेट्रोलियम; हरनीत कौर, यूपीईएस, पेट्रोलियम; संस्कृति अग्रवाल, यूपीईएस, पेट्रोलियम और चौथे वर्चुअल कॉन्फ्रेंस के ग्रॉफिक एरा विश्वविद्यालय की अनुष्का को रचनात्मकता में उत्कृष्टता के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

सम्मेलन ने मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने में वैश्विक सहयोग की भावना को प्रदर्शित करते हुए 23 राष्ट्रीय और 2 अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों सहित 25 सहयोगों की सुविधा प्रदान की और छह विश्वविद्यालयों ने सीधे सम्मेलन में भागीदारी की, जो मानसिक स्वास्थ्य पर अनुसंधान और संवाद को आगे बढ़ाने में शैक्षणिक संस्थानों के महत्व को रेखांकित किया गया। समापन सत्र में डॉ. सुनीता दलाल और अधिवक्ता पंकज छेत्री ने मानसिक स्वास्थ्य प्रबंधन के समग्र दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए स्वास्थ्य, मादक द्रव्यों के सेवन और मानसिक कल्याण के बीच जटिल संबंधों को रेखांकित किया।

**शूलिनी विश्वविद्यालय में सचेतन आघात प्रबंधन पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन**

**आयोजन** नौणी विश्वविद्यालय में डॉ. जोशी ने छात्रों को किया जागरूक

# प्राकृतिक विज्ञान को समझने पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

प्रसिद्ध पर्यावरणविद और हिमालय पर्यावरण अध्ययन और संरक्षण संगठन के संस्थापक डॉ. अनिल प्रकाश जोशी ने युवाओं विशेषकर कृषि और वानिकी विषयों के छात्रों के लिए, संरक्षण के लिए प्रकृति विज्ञान को समझने पर जोर दिया। डॉ. जोशी डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी में विश्व वानिकी दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर डॉ. जोशी ने वनों और मानव अस्तित्व के बीच महत्वपूर्ण संबंध पर प्रकाश डाला और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने उन प्रथाओं में बदलाव की वकालत की, जो पर्यावरण के लिए हानिकारक रही हैं। पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित डॉ. जोशी ने जलवायु वानिकी में सहयोगात्मक प्रयासों के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने पश्चिमी प्रथाओं को आंख बंद करके अपनाने के प्रति आगाह करते हुए स्वदेशी संरक्षण विधियों और आधुनिक दृष्टिकोणों के बीच संतुलन का आह्वान किया।

कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल ने छोटे किसानों को समर्थन देने, पर्यावरण संरक्षण और स्वदेशी उपज के लिए स्थानीय बाजारों को बढ़ावा देने में उनके योगदान के लिए डॉ. जोशी और हेस्को की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में स्थानीय त्योहारों और स्वदेशी प्रथाओं में सतत विकास लक्ष्यों, जिन्हें आज के वैश्विक संदर्भ में महत्व दिया जा रहा है, को ध्यान में रखा जाता रहा है। इस अवसर पर प्रो. चंदेल ने विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न वानिकी और पर्यावरण संरक्षण पहल पर हेस्को के साथ सहयोग करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

इससे पहले डीन कॉलेज ऑफ फॉरेस्ट्री डॉ. सीएल ठाकुर ने अतिथियों का स्वागत किया और विश्व वानिकी दिवस मनाने के पीछे के उद्देश्यों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष की थीम 'वन और नवाचार : बेहतर दुनिया के लिए नए समाधान' है। डॉ. ठाकुर ने बताया कि हर साल 10 मिलियन हेक्टेयर से अधिक जंगल काटे जाते हैं, लेकिन इसका केवल एक छोटा प्रतिशत ही वापस उगाया जा रहा है। अनुसंधान निदेशक डॉ. संजीव चौहान ने वनों के वर्तमान महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की और बताया कि वे सतत विकास सुनिश्चित करने के जंगल क्यों महत्वपूर्ण हैं। रिमोट सेंसिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वन जैव प्रौद्योगिकी जैसी आधुनिक प्रौद्योगिकियों को शामिल करने के दायरे और संरक्षण प्रयासों में युवाओं की भूमिका पर भी चर्चा की गई।


नौणी यूनिवर्सिटी में विश्व वानिकी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद प्रतिभागी।

## मतदान में सहभागिता के लिए किया प्रेरित

**सोलन।** स्वीप जागरूकता टीम की ओर से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कदौर में मतदान के बारे में जागरूक किया गया। इस जागरूकता अभियान में उच्च उपशिक्षा निदेशक एवं स्वीप नोडल अधिकारी जगदीश नेगी ने युवा मतदाताओं को मतदान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। डिप्टी डीईओ. राजकुमार पाराशर की ओर से विद्यार्थियों से मतदान बारे प्रश्न किए गए, बच्चों ने इस पर उत्तर भी दिए। इस मौके पर स्वीप नोडल अधिकारी राजेश ठाकुर, हेमेंद्र शर्मा व पाठशाला की ईएलसी क्लब की नोडल अधिकारी बीना ने भी प्रेरित किया।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
क्लासिफाइड
छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार
फिक्स साइज

| Size | Rate |
| --- | --- |
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

आज ही संपर्क करें:- M. 98168 75517, 88945 21702

## न्यूज ब्रीफ

### नमज्ञा गांव में 146 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**रिकांगपिओ।** भारतीय सेना के ट्राइफिक्स ब्रिगेड कमांड ऑप्रेशन सद्भावना के तहत किन्नौर के नमज्ञा गांव में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में दूर स्थानों से आए ग्रामीणों ने भाग लेकर स्वास्थ्य जांच करवाई। इस दौरान चिकित्सकों ने ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच करने के साथ- साथ आवश्यक निशुल्क दवाइयां भी वितरित कीं। सेना के प्रवक्ता ने बताया कि इस शिविर में दंत, चमड़ी रोग विशेषज्ञ, महिला रोग विशेषज्ञ सहित अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 146 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। इसके अतिरिक्त शिविर में ग्रामीणों को स्वच्छता, पोषण और निवारक स्वास्थ्य देखभाल उपायों पर भी विस्तृत जानकारी प्रदान की।

### थाने में जल्द जमा करवाएं हथियार : सुशांत

**नेरवा/चौपाल।** लोकसभा चुनाव के चलते एसडीपीओ चौपाल सुशांत शर्मा ने चौपाल, नेरवा और कुपवी थाना के तहत वैध लाइसेंस धारकों को अपने हथियार नजदीकी पुलिस थाने में तत्काल प्रभाव से जमा करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारतीय चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार चुनाव प्रक्रिया के दौरान बेहतर कानून व्यवस्था व निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित बनाने को लेकर तत्काल प्रभाव से क्षेत्र में घातक हथियार ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। चौपाल, नेरवा और कुपवी क्षेत्र के सभी लाइसेंस धारक अपने हथियारों को संबंधित पुलिस थाने में तुरंत जमा करवाना सुनिश्चित करें। पुलिस की ओर से जमा किए गए हथियार लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने के एक सप्ताह के भीतर संबंधित व्यक्ति को लौटा दिए जाएंगे। सुरक्षा बलों, केंद्रीय अर्ध सैनिक बलों, कानून और व्यवस्था से जुड़े पुलिस और होमगार्ड के जवानों सहित राष्ट्रीय राइफल एसोसिएशन के साथ पंजीकृत खिलाड़ियों, बैंक सुरक्षा कर्मियों तथा निजी और सार्वजनिक क्षेत्र में कार्य कर रहे सुरक्षा कर्मियों तथा राज्य के कानून व्यवस्था से संबंधित कर्मियों के लिए ये आदेश लागू नहीं होंगे।

### समटा व मोही बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के संयोजक

**नेरवा/चौपाल।** चौपाल भाजपा मंडल बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के संयोजक मोहर सिंह बेस्टा ने प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल, प्रदेश संयोजक रविंद्र ठाकुर, विधायक बलबीर वर्मा, जिला महासु अध्यक्ष अरुण फाल्टा, सयोंजक सुरेश शर्मा और चौपाल मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र वर्मा से विशेष चर्चा के उपरांत चौपाल बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ में नियुक्तियां की हैं, जिसमें कुपवी के भीम सिंह समटा और माटल के मोही राम मेहता को सयोंजक, बमटा के रविदत शर्मा, पुजारली के रामलाल, कुपवी के दौलत राम चौहान, धबास के मंगतराम शर्मा, चांजू चौपाल के नेगी को सदस्य नियुक्त किया है।

### व्यापार मंडल सुन्नी के चुनाव दो अप्रैल को

**सुन्नी।** व्यापार मंडल सुन्नी के चुनाव दो अप्रैल को होना निश्चित हुए हैं। अध्यक्ष पद के लिए नौ उम्मीदवारों ने नामांकन भरे हैं, जबकि महासचिव पद के लिए पांच उम्मीदवारों ने नामांकन भरा है। अध्यक्ष पद के लिए यशपाल, राजेंद्र गुप्ता, कपिल गुप्ता, राजेंद्र भारद्वाज, प्रदीप शर्मा, टेक चंद ठाकुर, तोता राम वर्मा, भूपेश कुमार और सत्या वर्मा तथा महासचिव पद के लिए यशपाल, साहिल भारद्वाज, ज्योति प्रकाश गुप्ता, चुनी लाल वर्मा और सुनील कुमार ने नामांकन भरा है। आज नाम वापस की तारीख निश्चित की गई है तथा दो को चुनाव आयोजित किए जाएंगे । व्यापार मंडल के इन चुनावों में नगर पंचायत सुन्नी के सात वार्डों के लगभग 340 दुकानदार मतदान करेंगे।

### स्टूडेंट्स को चुनाव गतिविधियों की दी जानकारी

**रोहड़ू।** राजकीय बहुतकनीकी रोहड़ू में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्यातिथि एसडीएम डोडरा क्वार धर्मेश रामोत्रा रहे। इनके साथ इलेक्शन कानूनगो प्रणीत स्वीप नोडल अधिकारी डॉक्टर भरत खेपान व उपमंडल की स्वीप संपूर्ण टीम व मीडिया कर्मचारी मौजूद रहे। एसडीएम ने विद्यार्थियों को चुनाव संबंधी गतिविधियों के बारे में जागरूक किया और चुनाव से संबंधित विशेष जानकारी दी। प्रणीत ने भी अपने विधानसभा क्षेत्र के बारे में जानकारी दी।

### सुन्नी में मोहन ने स्टेम लैब का किया शुभारंभ

**सुन्नी।** सुन्नी स्कूल में स्टेम लैब का शुभारंभ किया गया। कोलडेम परियोजना प्रबंधन के सामाजिक दायित्व के अंतर्गत निर्मित इस स्टेम लैब का लोकार्पण मोहन कुमार जोशी ने किया। इस अवसर पर परियोजना के अधिकारी पूर्ण सिंह सहित नगर पंचायत सुन्नी के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, पार्षद रूप लाल, राजेंद्र गुप्ता, आशा कंवर, सत्या वर्मा, सुन्नी कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. राम लाल शर्मा सहित समस्त स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

### संजीवनी सहारा समिति से मांगी सहायता

**रोहड़ू।** संजीवनी सहारा समिति रोहड़ू सदैव ही जरुरतमंद, असहाय, गरीब व बीमार लोगों की सहायता के लिए तैयार रहती है। यह समिति हर संभव मदद करती आ रही है। समिति ने शुक्रवार को जागोठी गांव की बबली बनोलटा के ऑपरेशन के लिए आर्थिक सहायता की। बबली बनोलटा का सिर का ऑपरेशन होना है और उन्हें रोहड़ू से चंडीगढ़ पीजीआई के लिए रेफर कर दिया गया है, जिसके लिए संजीवनी सहारा समिति से सहायता मांगी है। समिति के अध्यक्ष गोपाल चौहान ने बताया कि संस्था में 220 के लगभग सदस्य हैं, जिन सभी के सहयोग से निरंतर सामाजिक कार्य चल रहे हैं।

शिमला में आयोजित बाल साहित्य उत्सव में बच्चों ने दिखाया अपनी प्रतिभा का दम

### शिमला में बाल साहित्य उत्सव का आगाज

**शिमला।** भाषा एवं संस्कृति विभाग तथा कीकली चौरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित बाल साहित्य उत्सव का शुक्रवार को शुभारंभ किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में बाल साहित्य की विख्यात लेखिका रूपा पाई तथा मशहूर कार्टूनिस्ट उदय शंकर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्यातिथि, विशिष्टातिथि तथा भाषा एवं संस्कृति विभाग के सचिव राकेश कंवर, निदेशक डॉक्टर पंकज ललित तथा संयुक्त निदेशक मनजीत शर्मा तथा पूर्व प्रशासनिक अधिकारी ने दीप प्रज्वलन से किया। बाल साहित्य उत्सव के प्रथम सत्र में बाल साहित्य लेखिका रूपा पाई द्वारा लिखित पुस्तक 'द योग सूत्र' की हीरेन, पृथा डोगर, रिदिमा शर्मा तथा शालिनी शर्मा ने समीक्षा करते हुए पुस्तक में विवेचित महत्वपूर्ण बिंदुओं को उजागर किया।

### आयुष मिस्टर और साक्षी बनी मिस फेयरवेल

**रिकांगपिओ।** रिकांगपिओ कॉलेज में शुक्रवार को अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह कॉलेज के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथि प्राचार्य डॉ. पूनम मेहता ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए छात्रों ने किन्नौरी, पहाड़ी व फिल्मी गीत व एकल गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद सभी अंतिम वर्ष के स्टूडेंट्स ने अपना परिचय देते हुए कॉलेज में गुजारे पलों की यादें साझा की व मिस्टर फेयरवेल आयुष, जबकि मिस फेयरवेल साक्षी को चुना गया।

### पुलिस और ड्रग इंस्पेक्टर ने जांचे दवा के स्टॉक

**ठियोग।** एक संयुक्त निरीक्षण टीम ने थाना प्रभारी ठियोग धरम सैन नेगी और औषधि निरीक्षक शिमला ग्रामीण पुष्पेंद्र के नेतृत्व में छैला और ठियोग क्षेत्र में विभिन्न दवा दुकानों के स्टॉक की जांच की। डीएसपी ठियोग सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि यह अभियान चिट्टा या अन्य नशीले पदार्थों की अनुपलब्धता के कारण नशीली दवाओं के आदी लोगों की ओर से विभिन्न अनुसूची एच दवाओं (जो केवल नुस्खे पर दी जाती हैं) उनके दुरुपयोग प्रकाश में आया है। कई नशेड़ी ऐसी गोलियों का इस्तेमाल करने लगे हैं।

# टशीगंग : तीन बार 100 फीसदी मतदान का साक्षी

## समुद्रतल से 15,256 हजार ऊंचाई पर दुनिया का सबसे ऊंचा पोलिंग बूथ, सभी वोटर्स करते हैं मत का उपयोग

जय ठाकुर, शिमला

विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश भारत अपनी विविधता और भौगोलिक परिदृश्य के लिए दुनिया भर में अपनी अलग पहचान रखता है। इस बार देश में 18वीं लोकसभा चुनाव के लिए सात चरणों में मतदान होंगे। वहीं, अगर प्रदेश की बात करें, तो यहां आखिरी और 7वें चरण में एक जून को चार लोकसभा सीटों और अब नौ विधानसभा सीटों पर मतदान होने हैं।

हिमाचल में सुदूर और दुर्गम इलाकों में कई मतदान केंद्र हैं। इन्हीं में से एक टशीगंग मतदान केंद्र है, जो दुनिया का सबसे ऊंचा पोलिंग बूथ है। यह समुद्रतल से 15,256 हजार से अधिक ऊंचाई पर स्थित है। (अनंत ज्ञान)


टशीगंग के लोग।

### टशीगंग मतदान केंद्र इसलिए है खास

हिमाचल में दुनिया का सबसे ऊंचा पोलिंग बूथ टशीगंग मतदान केंद्र इसलिए खास है क्योंकि यह दुनिया का सबसे ऊंचा मतदान केंद्र है। साल-2019 के लोकसभा चुनाव में यह मतदान केंद्र पूरी दुनिया के सामने आया था। टशीगंग गांव में मतदान केंद्र पहली बार साल-2019 के लोकसभा चुनाव में स्थापित किया गया था। यह मतदान केंद्र समुद्र तल से 15,256 फीट की ऊंचाई पर है।

### यहां तीसरी बार होगा लोकसभा के लिए मतदान

18वीं लोकसभा चुनावों की तारीखों के ऐलान के साथ ही लोकतंत्र के सबसे बड़ महापर्व का शंखनाद हो चुका है। वहीं, चुनाव आयोग की ओर से चुनावी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए सभी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। ऐसे में देशभर में विभिन्न जगहों पर मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। वहीं, देशभर की पोलिंग की बूथ के साथ प्रदेश के लाहौल-स्पीति जिला का टशीगंग अब तीसरी बार लोकसभा चुनाव का साक्षी बनेगा। यहां पर पहली बार मतदान केंद्र बनने के बाद साल-2019 में लोकसभा के चुनाव करवाए गए थे। वहीं, 2021 में भी यहां लोकसभा के उपचुनाव हुए थे। अब तीसरी बार साल-2024 में लोकसभा के चुनाव इस मतदान केंद्र में किए जाएंगे।

**52 वोटर करेंगे मतदान**

टशीगंग गांव में कुल 52 वोटर हैं, जिनमें 30 पुरुष और 22 महिलाएं हैं। यह मतदान केंद्र काजा उपमंडल से 35 किलोमीटर दूर है और सड़क से मात्र 200 मीटर की दूरी पर स्थित है। हालांकि, इन दिनों यहां पर एक फीट से अधिक बर्फ जमी हुई है, लेकिन जून माह में यहां पर बर्फ पिघल जाएगी। ऐसे में चुनाव आयोग और मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचने में भी दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। बता दें कि पहले टशीगंग से ग्रामीणों को मतदान के लिए हिक्किम गांव जाना पड़ता था, जो 14,567 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। टशीगंग से पहले हिक्किम भारत का सबसे ऊंचा मतदान केंद्र था, लेकिन साल 2019 के चुनाव के बाद टशीगंग गांव में मतदान केंद्र स्थापित कर दिया गया था।

### लगातार तीन बार शत-प्रतिशत मतदान

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव की बात करें, तो उस दौरान यहां पर 45 मतदाता थे, जिनमें 27 पुरुष और 18 महिला मतदाता थे। इसके अलावा साल 2021 में मंडी संसदीय क्षेत्र के जब उपचुनाव हुए, तो यहां पर 49 मतदाता थे, जिसमें 29 पुरुष और 20 महिलाएं शामिल थीं। इसके अलावा साल 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में यहां पर 52 मतदाता थे, जिनमें 30 पुरुष और 22 महिलाएं शामिल रहीं। तीन बार यहां पर चुनावी प्रक्रिया को पूरा किया गया और तीनों बार ही यहां पर मतदान शत-प्रतिशत रहा है।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रशासन की तैयारियां तेज

# डीसी ने शुरू किया हस्ताक्षर अभियान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से तैयारियों को और तेज किया जा रहा है। इसी कड़ी में लोगों के बीच जागरूकता लाने को लेकर कई तरह के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी शिमला अनुमप कश्यप ने डीसी कार्यालय परिसर में स्वीप व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागेदारी के अंतर्गत सेल्फी प्वाइंट एवं हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिले भर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में डीसी कार्यालय में हस्ताक्षर अभियान एवं एक सेल्फी प्वाइंट को शुरू किया गया है, ताकि लोकसभा चुनाव-2024 में जिले के मतदाता अधिक संख्या में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।


डीसी शिमला अनुपम कश्यप हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ करते हुए।

### परिवार के साथ वोट डालने की अपील



इस अवसर पर डीसी कार्यालय में आए आम लोगों से मतदान के बारे में अनौपचारिक रूप से बात करते हुए लोकसभा चुनाव में स्वयं एवं अपने सभी परिवारजनों को अपने मत को प्रयोग करने का आग्रह किया।

### रोहड़ू में 25 से आयोजित होगा प्रशिक्षण शिविर

**शिमला।** जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी शिमला राकेश धौटा ने बताया कि जिला युवा सेवा एवं खेल विभाग शिमला द्वारा एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबाल व बॉक्सिंग का जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर शिमला के रोहडू स्थित इंडोर व आउटडोर स्टेडियम में 25 मार्च से नौ अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है।

इस शिविर में शिमला के 17 वर्ष से कम आयु वर्ग के लगभग 95 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं तथा यह प्रशिक्षण शिविर जिला युवा सेवा एवं खेल कार्यालय में नियुक्त प्रशिक्षकों की ओर से खिलाड़ियों को राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अच्छे परिणाम व खेल की कलाओं में सुधार लाने के लिए लगाया जा रहा है, जिसके लिए सभी प्रशिक्षकों व कार्यालय की ओर से पूरी तैयारी कर ली गई है।

# जनप्रतिनिधियों पर झूठे केस बना रही कांग्रेस : जयराम ठाकुर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर चुने हुए प्रतिनिधियों पर झूठे केस बनाने और द्वेष की भावना से काम करने के आरोप लगाए हैं। कई चुने हुए प्रतिनिधियों के खिलाफ झूठे मामले बनाए जा रहे है।

लखनपाल के घर को तोड़ने के निर्देश दे दिए गए हैं और होशियार सिंह के घर का रास्ता तक बंद कर दिया है। इसके अलावा अन्य नेताओं के खिलाफ भी मामले बनाए जा रहे हैं, जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। वे भी पांच साल मुख्यमंत्री रहे, लेकिन कभी राजनीतिक द्वेष से कभी काम नहीं किया, लेकिन कांग्रेस सरकार प्रतिशोध से काम कर रही है। मुख्यमंत्री अपने विधायकों को नहीं संभाल पा रहे है। छह विधायकों ने हिमाचल हित में राज्यसभा के लिए बीजेपी कैंडिडेट को वोट किया और अब उन्हें प्रलोभन देकर वापस बुलाया जा रहा है। सरकार के मंत्री उन्हें फोन कर रहे हैं और ये कह रहे हैं कि सुक्खू को लोकसभा चुनाव के बाद सीएम पद से हटा रहे हैं और उन्हें मंत्री पद देने के प्रलोभन दे रहे हैं।

### लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए तैयार नहीं नेता

कांग्रेस के नेता अब लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए भी तैयार नहीं हैं। कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ने लोकसभा चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है और यह कहा है कि सांसद निधि से चुनाव नहीं जीता जा सकता। कांग्रेस अध्यक्ष अपनी ही सरकार से नाराज हैं और अब लगता है कि उन्हें मना लिया गया है। पिछले 15 महीने से प्रदेश में रूठने मनाने का दौर चल रहा है। मुख्यमंत्री अपने विधायकों को नहीं संभाल पा रहे हैं और उसका दोष भाजपा पर लगा रहे हैं।

# लेडी गवर्नर ने बच्चों को होली का तिलक कर दिया आशीर्वाद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

प्रदेश राज्य रेडक्रॉस अस्पताल कल्याण अनुभाग की ओर से ढली स्थित विशेष योग्यता वाले बच्चों के स्कूल में होली मिलन उत्सव का आयोजन किया गया।

अस्पताल कल्याण अनुभाग की सदस्य डॉक्टर किमी सूद ने बताया कि कार्यक्रम में अस्पताल कल्याण शाखा की अध्यक्ष एवं लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य धर्मपाल व स्कूल स्टाफ ने लेडी गवर्नर का स्वागत किया। कार्यक्रम में छात्रों की ओर से होली के गीत सुनाकर शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। लेडी गवर्नर ने सभी बच्चों के माथे पर होली का तिलक कर उन्हें आशीर्वाद दिया तथा बच्चों को स्वच्छता किट, फल, जूस एवं रंग वितरित किए। इस कार्यक्रम में अस्पताल कल्याण अनुभाग के सदस्यों में फिरोजा, सुविधा, बिंदु, नमिता सहित राज्य रेडक्रॉस के सहायक सचिव संजीव, वीरेंद्र, सुनीता शर्मा, आदि सम्मलित रहे।



### स्ट्रांग रूम पहुंचने वाली सड़क को सुधारने के निर्देश

**नेरवा/चौपाल।** जिला नोडल अधिकारी (ईवीएम) एडीएम कानून एवं व्यवस्था अजीत कुमार ने लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए चौपाल विधानसभा क्षेत्र के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया एवं ईवीएम की सुरक्षा को लेकर संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने चुनाव सामग्री के वितरण के लिए बनाई गई व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने पुलिस विभाग सुरक्षा के साथ-साथ स्ट्रांग रूम के लिए जाने वाले रास्ते को एक सप्ताह के भीतर पक्का करने के भी लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए।

# बौद्धिक संपदा सबसे मूल्यवान संपत्ति

## पीएचडीसीसीआई ने राष्ट्रीय स्तर का आईपी यात्रा कार्यक्रम किया आयोजित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

पीएचडीसीसीआई द्वारा राष्ट्रीय स्तर का दो दिवसीय आईपी यात्रा कार्यक्रम शिमला में शुरू हो गया।

इस अवसर परएमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त सचिव अतीश कुमार सिंह भारत सरकार ने प्रदेश राज्य में इस कार्यक्रम के आयोजन में पीएचडी चौंबर के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बहुत सारे नवीन विचार हैं और यहां आईपीआर का दायरा बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे उल्लेख किया कि हिमाचल में अधिक जीआई टैग वाले उत्पादों की पहचान करने की क्षमता है और उन्होंने व्यापारिक समुदाय को राज्य के अधिक पारंपरिक उत्पादों की पहचान करने और उन्हें जीआई के तहत पंजीकृत करवाने के लिए प्रोत्साहित किया। एनएसआईसी के पूर्व सीएमडी और पीएचडीसीसीआई के सलाहकार डॉ. एचपी कुमार ने अपने संबोधन में घरेलू और निर्यात बाजारों में एमएसएमई क्षेत्र को प्रतिस्पर्धी ताकत प्रदान करने के लिए आईपीआर को बढ़ावा देने की आवश्यकता के बारे में उल्लेख किया। बौद्धिक संपदा किसी भी अन्य भौतिक संपत्ति की तुलना में सबसे मूल्यवान संपत्ति है और आईपी संसाधन जुटाने और मौद्रिक और आर्थिक लाभ के लिए उपयोगी हो सकता है।


शिमला में पीएचडीसीसीआई के कार्यक्रम में भाग लेते लोग।

# सड़क दुर्घटनाओं में आई 13 फीसदी कमी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

प्रदेश में वर्ष-2022 की तुलना में वर्ष-2023 में सड़क दुर्घटनाओं में 13 प्रतिशत की कमी पाई गई, जबकि सड़क हादसों में मृतकों की संख्या में 14 प्रतिशत की कमी आई है। प्रबोध सक्सेना, मुख्य सचिव प्रदेश की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय लीड एजेंसी परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान यह जानकारी प्रदान की गई।

इस दौरान विभिन्न हितधारक विभागों जैसे पुलिस, लोक निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा व परिवहन विभाग के माध्यम से सड़क सुरक्षा से संबंधित किए जा रहे विभिन्न कार्यकलापों एवं गतिविधियों पर व्यय की जा रही राशि की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त प्रदेश में सड़क सुरक्षा के वर्तमान परिदृश्य पर विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में अवगत करवाया गया कि वर्ष-2023 में सड़क सुरक्षा निधि के तहत अभी तक 26.73 करोड़ रुपए की राशि विभिन्न हितधारक विभागों जैसे लोक निर्माण विभाग, पुलिस, स्वास्थ्य, परिवहन तथा शिक्षा विभाग को सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा इससे जुड़े कार्य-कलापों एवं गतिविधियों के लिए आवंटित की गई।


परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक में मौजूद अधिकारी।

### साल 2023 में किए गए साढ़े आठ लाख चालान

वर्ष-2023 में पुलिस व परिवहन विभाग की ओर से लगभग 8.5 लाख वाहनों के चालान किए गए, जिसमें लगभग 41 करोड़ रुपए की राशि बतौर कंपार्उंडिंग फीस के रूप में राजस्व प्राप्ति हुई। प्रदेश में सोलन के बद्दी में स्वचालित वाहन जांच प्रणाली की स्थापना की जा रही है तथा ऊना के हरोली में स्वचालित ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक व सुरक्षा पार्क का निर्माण करवाया जा रहा है।

### राजनीतिक दबाव में सीएम कर रहे झूठी बयानबाजी: महेंद्र

**शिमला।** भाजपा प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने प्रदेश मुख्यमंत्री पर सियासी निशाना साधते हुए झूठी बयानबाजी करने का आरोप लगाया है। सीएम केंद्र सरकार से हजारों करोड़ की राहत सहायता आपदा के समय ले चुके हैं। करोड़ों रुपए की सहायता मिलने के बाद भी झूठबोल कर वह प्रदेश की जनता को गुमराह कर रहे हैं, जो कि सीएम जैसे गरिमामयी पद को शोभा नहीं देता। केंद्र की सरकार ने 1782 करोड़ आपदा में राहत तथा विभिन्न योजनाओं के लिए राहत प्रदान करके प्रदेश के विकास में अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया है।

# तीन निर्दलियों की विधायकी छोड़ने पर खड़े हुए कई सवाल

रविंद्र जस्टा, शिमला

राज्य में चल रही उठा-पठक की सियासत में एक बार फिर से तीन निर्दलियों के विधायकी छोड़ने से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। इन विधायकों ने शुक्रवार को पहले विधानसभा सचिव और फिर बाद में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को अपना इस्तिफा सौंपा।

अब यहां यह सवाल उठ रहा है कि निर्दलीय तौर पर विजय प्राप्त करने के बाद आखिर इन विधायकों की क्या ऐसी मजबूरी रही है, जिससे इन्हें विधायक पद से अपना इस्तिफा देना पड़ा है। इन विधायकों के इस्तीफे के चलते अब राज्य की छह के बजाए नौ विधानसभा सीटों पर फिर से लोकसभा चुनाव के साथ ही विधानसभा चुनाव होंगे। विधायक संजय रत्न एवं हरीश जनारथा ने कहा कि निर्दलियों को अपने चुनाव क्षेत्र की जनता को बताना होगा कि विधायकी छोड़ने के पीछे आखिर उनकी क्या मजबूरी है। कांग्रेस विधायकों का कहना है कि जब विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और भाजपा के प्रत्याशियों को हराकर मतदाताओं ने उन्हें पूरे पांच वर्ष के लिए निर्दलीय विधायक बनाया था, तो ऐसे में उन्होंने सवा साल के भीतर ही किस दबाव में विधानसभा की सदस्या छोड़ी है। इन सवालों के जवाब तीनों निर्दलीय विधायकों को देने होंगे। (अनंत ज्ञान)

**कार्यक्रम** ठियोग कॉलेज में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की धूम, मेधावी विद्यार्थी नवाजे

# ठियोग कॉलेज में पहाड़ी नाटी पर थिरके स्टूडेंट्स

मनीष, ठियोग

ठियोग कॉलेज में सत्र 2023-24 के होनहार स्टूडेंट्स के लिए वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया।

इस दौरान समारोह में कॉलेज प्राचार्य डॉ. ललिता चंदन ने मुख्यातिथि शिरकत की और कॉलेज के उत्कृष्ट स्टूडेंट्स को पारितोषिक और प्रमाण पत्रों का वितरण किया। कॉलेज की वरिष्ठ प्रोफेसर अनिता राठौर ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा डॉ. सत्यनारायण ने मंच संचालन किया। कॉलेज से अपनी स्नातक की उपाधि प्राप्त कर आकाश कालिया कला संकाय, स्मृति शर्मा बीकॉम, प्रियंका बीएससी तृतीय वर्ष को प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। स्नातक द्वितीय वर्ष में अंकित शर्मा बीकॉम, निधि शर्मा बीएससी को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। स्नातक प्रथम वर्ष में विजय लक्ष्मी कला संकाय, स्नेहा बीकॉम, विकास बीएससी को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समारोह में स्टूडेंट्स ने संगीत और नृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियां से सबको मोहित कर दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को जलपान करवाया गया तथा सभी स्टूडेंट्स ने सामूहिक रूप में पहाड़ी नाटी व गीतों पर जमकर धमाल मचाया। (अनंत ज्ञान)


समारोह के अंत में पहाड़ी गीतों पर धमाल मचाते ठियोग कॉलेज के स्टूडेंट्स।

### 450 स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र बांटे

**नेरवा/चौपाल।** नेरवा स्थित पीजी डिग्री कॉलेज में वार्षिक समारोह शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। समारोह में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. हरबंस लाल शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मौके पर छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। स्टूडेंट्स ने सरस्वती वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज किया। इसके बाद स्टूडेंट्स ने पहाड़ी, पंजाबी आदि प्रस्तुतियां पेश कर खूब समां बांधा। कार्यक्रम के मध्य में प्रोफेसर नरेंद्र नेगी ने कॉलेज की सत्र 2023-24 वर्ष की शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेल तथा सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों का ब्यौरा वार्षिक रिपोर्ट पढ़कर उपस्थित छात्रों एवं प्राध्यापकों के समक्ष रखा। विभिन्न गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए 450 स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।


पीजी डिग्री कॉलेज ठियोग में वार्षिक समारोह में मौजूद मुख्यातिथि व अन्य।

# रंगोली प्रतियोगिता में आशीष प्रथम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, रोहड़ू

स्वीप एक्टिविटी के अंतर्गत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई समरकोट में अवेयरनैस कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में चुनाव आयोग की ओर से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान रंगोली, पोस्टर मेकिंग व स्लोगन राइटिंग के बारे में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में छात्रों के लिए वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्वीप नोडल ऑफिसर प्रोफेसर भारत ने बच्चों को आगामी लोकसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर मतदान करने के लिए प्रेरित किया और साथ ही कहा कि कोई भी योग्य मतदाता सूची से नाम जोड़ने से वंचित न रहे। रंगोली प्रतियोगिता में आशीष ने प्रथम, साहिल सौटा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



स्वीप कार्यक्रम के तहत लोगों को जानकारी देते नोडल ऑफिसर प्रोफेसर भारत।

### स्वीप गतिविधियों में टेक्नोलॉजी का होगा प्रयोग

**रोहड़ू।** एसडीएम रोहड़ू विजय वर्धन सारस्वत ने स्वीप गतिविधि के तहत वोट करेगा रोहड़ू लोगों का अनावरण किया। इस दौरान कहा कि पिछली बार रोहड़ू में लोकसभा चुनाव में 72 प्रतिशत मतदान हुआ था, जिसे इस बार कम से कम पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 77 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने उपमंडल के लोगों से एक जून को ज्यादा संख्या में मतदान करने का आह्वान किया। स्वीप के तहत थ्री टी एप्रोच टेक्नोलॉजी, ट्रेडिशन टारगेट एप्रोच के साथ कार्य किया जा रहा है। स्वीप गतिविधियों में टेक्नोलॉजी का पूरा प्रयोग किया जाएगा और सोशल मीडिया के उपयोग से लोगों तक अपने संदेश को पहुंचाया जाएगा व लोक संगीत के माध्यम से भी मतदान करने के लिए जागरूक किया जाएगा। इसी प्रकार, टारगेट एप्रोच के तहत पिछले मतदान के डाटा की गहन जांच के बाद जिन क्षेत्रों में कम मतदान हुआ था, उन क्षेत्रों में अधिक प्रयास किए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### सिंधू-सेन हारे, श्रीकांत और राजावत स्विस ओपन के क्वार्टर फाइनल में



**बासेल (स्विटजरलैंड)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जापानी युवा खिलाड़ी से हार गई, जबकि लक्ष्य सेन को प्री-क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपै के ली चिया हाओ ने हराया। भारत के किदांबी श्रीकांत, प्रियांशु राजावत और किरण जॉर्ज अपने अपने मुकाबले जीतकर पुरुष एकल वर्ग में क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। आल इंग्लैंड चैंपियनशिप में दूसरे दौर में बाहर हुई सिंधू को जापान की 17 वर्ष की जूनियर विश्व चैंपियन तोमोका मियाजाकी के हाथों 21-16, 19-21, 16-21 से पराजय झेलनी पड़ी। वहीं सेन को सिर्फ 38 मिनट में ली चिया हाओ ने 21-17, 21-15 से हराया।

### भारतीय महिला हॉकी टीम को नई मजबूती देंगे : सविता पूनिया

**नई दिल्ली।** रांची में ओलंपिक क्वालीफायर में हार का दर्द



जिंदगी भर उन्हें सताता रहेगा, लेकिन भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता पूनिया का वादा है कि अगले चार साल में इतनी मजबूत टीम बनाएंगे कि यह दिन दोबारा नहीं देखना पड़े। सविता ने एक इंटरव्यू में कहा, ''ओलंपिक क्वालीफायर हारना हमारे लिए ऐसा बुरा पल है जिसे हम खिलाड़ी पूरी जिंदगी शायद नहीं भुला सकेंगे। अभी तक मैं उससे उबर नहीं सकी हूं।''

### मियामी ओपन : कालिनिना ने वोज्नियाकी को हराया

**मियामी गार्डंस।** यूक्रेन की 32वीं वरीयता प्राप्त अन्हेलिना कालिनिना ने हार की कगार पर पहुंचकर शानदार वापसी करते हुए दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कैरोलीन वोज्नियाकी



को 5-7, 7-5, 6-4 से हराकर मियामी ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। आस्ट्रेलियाई ओपन 2018 चैंपियन वोज्नियाकी ने दो साल बाद इसी टूर्नामेंट में टेनिस को अलविदा कह दिया था। वह दो बच्चों की मां बनने के बाद पिछले साल कोर्ट पर लौटी। वह इस महीने इंडियन वेल्स क्वार्टर फाइनल में पहुंची, लेकिन दाहिने पैर में चोट के कारण शीर्ष रैंकिंग वाली इगा स्वियातेक के खिलाफ मुकाबला दूसरे सेट में छोड़ना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर काबिज बीट्रिज हदाद मेइया भी धीमी शुरुआत से उबरते हुए डायने पैरी को 3-6, 6-1, 6-4 से हराकर अगले दौर में पहुंच गई।

### लोकसभा चुनाव लड़ने पर अभी नहीं लिया फैसला: उर्वशी रौतेला



**नई दिल्ली।** उर्वशी रौतेला एक मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्री हैं। उर्वशी अक्सर किसी न किसी वजह से चर्चा में रहती हैं। इस समय पूरे देश में चुनावी संग्राम चल रहा है, तो कई अभिनेता भी राजनीतिक पार्टियों में शामिल हो रहे हैं। इस तरह से उर्वशी की पॉलिटिकल एंट्री की चर्चा हो रही है। उर्वशी इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'जेएनयू-जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी' को लेकर सुर्खियों में हैं। उनकी राजनीति में एंट्री को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उन्हें लोकसभा के लिए उन्हें टिकट मिल गया है, लेकिन मैंने राजनीति में जाने को लेकर अभी तक फैसला नहीं किया है।

### संयुक्त राष्ट्र ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर प्रस्ताव को दी मंजूरी



**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर संयुक्त राष्ट्र के पहले प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस प्रस्ताव से यह सुनिश्चित होगा कि नई तकनीक से सभी देशों को लाभ मिले और यह सबके लिए सुरक्षित हो। अमेरिका द्वारा प्रायोजित प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अंगीकार किया गया, जिसका अर्थ है कि इसे संयुक्त राष्ट्र के सभी 193 सदस्य देशों का समर्थन मिला है। अमरीका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि प्रस्ताव को अपनाना एआई के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक 'ऐतिहासिक कदम' होगा।

### मणिपुर पुलिस ने 313 लोगों को लिया हिरासत में

**इंफाल ।** मणिपुर पुलिस ने राज्य के विभिन्न जिलों के संवेदनशील तथा दुर्गम इलाकों में सघन छापामारी तथा तलाशी अभियान चलाया। अभियान में भारतीय न्याय संहिता की अलग-अलग धाराओं के उल्लंघन के सिलसिले में 313 लोगों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने बताया कि आवश्यक वस्तुओं के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 37 पर 219 तथा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या दो पर 255 वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित की गई है। वाहनों की स्वतंत्र और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए सभी संवेदनशील स्थानों पर कड़े सुरक्षा उपाय किए गए हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों को व्यापक पैमाने पर तैनात किया गया है। पुलिस ने बताया कि पहाड़ी और घाटी दोनों में मणिपुर के विभिन्न जिलों में 128 नाके और जांच चौकियां स्थापित की गई हैं गया है।

### भारत की मदद से नेपाल में 400 साल पुराने बौद्ध गुम्बा का पुनर्निर्माण शुरू

**काठमांडू ।** सिंधुपालचोक जिले में नेपाल-चीन सीमा पर स्थित 400 वर्ष पुराने जीर्ण-शीर्ण बौद्ध गुम्बा के पुनर्निर्माण के लिए भारत सरकार ने 10 करोड़ रुपए मुहैया कराए हैं। साल 2015 में आए भूकंप में यह ध्वस्त हो गया था। गुरुवार को काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास के अधिकारी की उपस्थिति में इसका शिलान्यास किया गया। इस पर स्थानीय लोगों ने खुशी जताई है। भोटेकोशी गांव पालिका के अध्यक्ष पासांग नोर्बु शेरपा गांव के तरफ से भारत सरकार और भारतीय दूतावास के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इसके दो साल के भीतर बन जाने की उम्मीद है।

## आईपीएल-2024 की ओपनिंग सेरेमनी में बॉलीवुड का तड़का

# अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ ने बिखेरा जलवा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रॉयल चैलेंर्स बेंगलुरु बनाम चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल के 17वें सीजन का आगाज हो गया है। आईपीएल 2024 का पहला मुकाबला डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला गया।

बता दें कि, अब तक हुए आईपीएल के सभी सीजन में चेन्नई और बेंगलुरु की टीमें 31 बार आपस में टकराई हैं और इसमें से 20 मुकाबले चेन्नई के नाम रहे हैं और बेंगलुरु की टीम ने 10 मैच में जीत हासिल की, वहीं एक मैच बेनतीजा रहा। चेन्नई की कमान अब 42 साल के धोनी के हाथ से निकलकर युवा ऋतुराज गायकवाड़ के पास आ गई है। उधर, क्रिकेट की गजब की समझ रखने वाला धोनी का दिमाग पहले की तरह ही चुस्त है, लेकिन उम्र के साथ बतौर बल्लेबाज उनकी चपलता में कमी आई है। ऐसे में युवाओं पर प्रदर्शन की बड़ी जिम्मेदारी होगी।



वहीं उद्घाटन समारोह के दौरान अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ ने सबसे पहले एंट्री ली, जिन्होंने पहले 'जय जय शिव शंकर' गाने पर बहुत जबरदस्त डांस कर पूरे क्राउड का दिल जीता। मगर दर्शक तब उत्साह से भर उठे जब अक्षय ने 'देसी ब्वॉयज' गाने पर डांस किया। समारोह का सबसे दिलचस्प पहलू यह भी रहा कि अक्षय और टाइगर ने बाइक पर पूरे ग्राउंड का चक्कर भी लगाया। दोनों के परफॉर्मेंस को देखकर हजारों फैंस खुशी से झूम उठे। उनके बाद एआर रहमान और सोनू निगम की एंट्री हुई, जिन्होंने वंदे मातरम् और मां तुझे सलाम के रूप में देशभक्ति के गाने गाकर फैंस का मन मोह लिया। मोहित चौहान और एआर रहमान ने भी एकसाथ परफॉर्म किया और एक साथ कुन फाया कुन और मसकली गाने गाए। रहमान के साथ नीति मोहन की सुरीली आवाज ने गुरु फिल्म का फेमस गाना गाया। जब छैया-छैया गाने की धुन बजी तो दर्शकों की आवाज मैदान को चीरने को तैयार थी।



चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंर्स बेंगलुरु सबसे पहले मैच से पूर्व बॉलीवुड के सितारों ने महफिल जमाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। विराट कोहली और एमएस धोनी की टीमों के आमने-सामने आने से पहले इस रंगारंग कार्यक्रम ने खूब रंग जमाया।

### साथियान ने जीता पहला डब्ल्यूटीटी फीडर खिताब

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी साथियान ज्ञानशेखरन डब्ल्यूटीटी फीडर सीरिज टूर्नामेंट में पुरुष एकल खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बन गए, जिन्होंने लेबनान के बैरूत में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने डब्ल्यूटीटी फीडर बैरूत 2024 के आखिरी दिन भारत के ही मानव ठक्कर को 3-1 (6-11, 11-7, 11-7, 11-4) से हराया। इससे पहले उन्होंने भारत के ही हरमीत देसाई को 15-13, 6-11, 11-8, 13-11 से मात दी थी औ शीर्ष वरीयता प्राप्त चुआंग चिह युआन को 11-8, 11-13, 11-8, 11-9 से हराया था। महिला एकल में शिया लियान नि विजेता रही जिन्होंने सुह यो वोन को 11-9, 11-5, 11-5 से मात दी। पुरुष युगल में भारत के मानव ठक्कर और मानुष उत्पलभाई शाह फाइनल में एंडी परेरा और जॉर्ज कंपोस से 11-5, 7-11, 11-13, 12-14 से हार गए । मिश्रित युगल में भारत की दिया चितले और मानुष शाह ने हमवतन मानव और अर्चना कामथ को 11-6, 10-12, 11-6, 11-6 से हराकर खिताब जीता।



## गणु मंदवाड़ा में कबड्डी टूर्नामेंट का आगाज

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

कबड्डी में हिमाचल प्रदेश का नाम देश व दुनिया में भारतीय कबड्डी टीम के कप्तान रहे अर्जुन व पद्मश्री अवार्डी डीएसपी अजय ठाकुर ने ऐसा चमकाया कि हिमाचल के हर जिले में अब कबड्डी का खुमार युवाओं के सिर चढ़ बोल रहा है।



कबड्डी में युवाओं को मंच प्रदान करते हुए उपमंडल गगरेट के गणु मंदवाड़ा गांव का शहीद भगत सिंह क्लब दो दिवसीय कबड्डी टूर्नामेंट करवा रहा है। इसमें ओपन टूर्नामेंट के साथ-साथ महिला वर्ग व अंडर-20 के मुकाबले भी देखने को मिलेंगे। यही नहीं बल्कि विजेता टीमों पर पुरस्कार के रूप में धनवर्षा होगी।

क्लब के प्रवक्ता ने बताया कि 22 व 23 मार्च को आयोजित किए जा रहे इस टूर्नामेंट के पहले दिन महिला वर्ग व अंडर-20 टूर्नामेंट होगा। अंडर-20 में विजेता टीम को 21000 रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा तो महिला वर्ग की विजेता टीम को 8100 रुपए का नकद पुरस्कार मिलेगा। 23 मार्च को ओपन टूर्नामेंट होगा। इसमें विजेता टीम को 81000 रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

## वेटलिफ्टिंग में हिमाचल ओवरऑल विजेता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

खेलो इंडिया वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन रेनबो इंटरनेशनल स्कूल नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश में हुआ। टूर्नामेंट का आयोजन 15 मार्च से लेकर 21 मार्च तक किया गया। हिमाचल के वेट लिफ्टिंग खिलाड़ियों ने खेलो इंडिया में शानदार प्रदर्शन किया है, खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन से हिमाचल की टीम ने ओवरऑल का खिताब अपने नाम कर लिया है।

यूथ वर्ग में टीम ने प्रथम पोजीशन प्राप्त की है, जूनियर वर्ग में टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है, और सीनियर वर्ग में हिमाचल की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है, हिमाचल टीम के कोच पप्पी खान बताया कि इस बार वेटलिफ्टिंग में खिलाड़ियों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। इस खिताब को जीतने पर सभी खेल प्रेमियों और हिमाचलियों ने खिलाड़ियों को और उनके कोच को जीत के लिए बधाई दी है। वेटलिफ्टिंग संगठन के प्रेसिडेंट प्रदीप शर्मा, सेक्रेटरी राजकुमार जम्वाल और अन्य संगठन के अधिकारियों ने टीम हिमाचल को ओवरआल खिताब जीतने पर बहुत-बहुत बधाई दी है।




ओवरऑल ट्रॉफी के विजेता सम्मानित होते हुए।

## दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के मुकाबले में नजरें ऋषभ पंत पर

**चंडीगढ़।** पिछले सत्र के खराब प्रदर्शन को भुलाकर दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स इंडियन प्रीमियर लीग के नए सत्र में शनिवार को जब आमने सामने होंगे तो सभी की नजरें महीनों बाद मैदान पर लौट रहे दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत पर टिकी होंगी। दिसंबर 2022 में भयावह कार दुर्घटना में बाल बाल बचे पंत ने क्रिकेट के लिए अपने जुनून के दम पर समय से पहले रिकवरी कर ली है। उन्हें बतौर बल्लेबाज विकेटकीपर खेलने की अनुमति मिल गई है और वह कप्तानी का दारोमदार भी संभालेंगे। उन्होंने डेविड वॉर्नर से कमान संभाली है जिनकी कप्तानी में दिल्ली पिछले साल 10 टीमों में नौवे स्थान पर रही थी। दिल्ली के कोच रिकी पोंटिंग ने मैच से पूर्व कहा, ''पंत ने इस बार आईपीएल से पहले जितना बल्लेबाजी अभ्यास किया है, उतना शायद कभी नहीं किया होगा । वह अपने शरीर को फिर पहले सी लय में देखना चाहता है।''



## अमेरिका में राम मंदिर रथयात्रा 25 मार्च से

**वाशिंगटन।** विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमरीका (वीएचपीए) के नेतृत्व में शिकागो से 25 मार्च को राम मंदिर रथयात्रा शुरू होगी। यह यात्रा 60 दिन में 8,000 से भी अधिक मील की दूरी तय करते हुए 48 राज्यों के 851 मंदिरों तक जाएगी। वीएचपीए के महासचिव अमिताभ मित्तल ने बताया कि टोयोटा सिएना वैन के ऊपर बने रथ में भगवान राम, देवी सीता, लक्ष्मण और हनुमानजी की मूर्तियां होंगी। उनके साथ अयोध्या के राम मंदिर से विशेष प्रसाद और प्राण प्रतिष्ठा पूजित अक्षत का कलश ले जाया जाएगा। उन्होंने बताया कि कनाडा में रथ यात्रा निकाली जाएगी। इसका आयोजन विश्व हिंदू परिषद ऑफ कनाडा ने किया है। हिंदू मंदिर सशक्तिकरण परिषद (एचएमईसी) की तेजल शाह का कहना है कि इसका प्रमुख उद्देश्य लोगों को हिंदू धर्म के बारे में जागरूक और शिक्षित करते हुए सशक्त बनाना है। विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका के महासचिव मित्तल ने बताया कि यात्रा का समापन 23 अप्रैल को हनुमान जयंती के अवसर पर होगा।



## होली के पहले बाजार में तेजी, सेंसेक्स ने इंट्रा-डे में लगाई 943 अंक की छलांग

### निवेशकों ने एक दिन में ही की 2.39 लाख करोड़ की कमाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

घरेलू शेयर बाजार ने शुक्रवार को शुरुआती कमजोरी का सामना करने के बाद जबरदस्त मजबूती का प्रदर्शन किया। होली के पहले के आखिरी कारोबारी दिन बाजार में तेजी के कारण निवेशकों ने भी जम कर मुनाफा कमाया। शुक्रवार के कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी, लेकिन पहले घंटे के कारोबार में ही तेजड़ियों ने बाजार पर कब्जा जमा लिया।



इसके कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक जोरदार तेजी दिखाने में सफल रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.26 प्रतिशत और निफ्टी 0.39 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुए। कारोबार में आईटी को छोड़ कर सभी सेक्टोरल इंडेक्स बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। आज बाजार आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में सवा दो लाख करोड़ रुपए से अधिक का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन शुक्रवार के कारोबार के बाद बढ़ कर 382.24 लाख करोड़ रुपए (अस्थायी) हो गया। निवेशकों को शुक्रवार के कारोबार से करीब 2.39 लाख करोड़ रुपए का फायदा हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,906 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,444 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,365 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 97 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर बढ़त के साथ और 10 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 37 शेयर हरे निशान में और 13 शेयर लाल निशान में बंद हुए। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से शाम 3 बजे के कुछ देर पहले ये सूचकांक निचले स्तर से 943.53 अंक उछल कर 474.43 अंक के तेजी के साथ 73,115.62 अंक के स्तर पर पहुंच गया।

## नासा ने लांच किया छोटा सैटेलाइट

# ब्रह्मांड में हो रहे विस्फोटों के रहस्य से उठेगा पर्दा



**एजेंसी, वाशिंगटन**

नासा ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए छोटे आकार का एक सैटेलाइट लांच किया। इसका उद्देश्य ब्रह्मांडीय विस्फोटों के रहस्यों को उजागर करना है।

सैटेलाइट बर्स्टक्यूब स्पेसएक्स के 30वें कमर्शियल पुनःआपूर्ति सर्विस मिशन पर परिक्रमा लैब के रास्ते में है। इसने फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन के लांच कॉम्प्लेक्स 40 से 21 मार्च (गुरुवार) को स्थानीय समय के अनुसार शाम 4:55 पर उड़ान भरी। नासा ने कहा, 'आईएसएस पर पहुंचने के बाद बर्स्टक्यूब को अनपैक किया जाएगा और बाद में कक्षा में छोड़ दिया जाएगा, जहां यह उच्च-ऊर्जा प्रकाश की संक्षिप्त गामा-किरण विस्फोटों का पता लगाएगा और अध्ययन करेगा।

## अमेरिका ने 'प्रशांत' में पहली बार किया हाइपरसोनिक मिसाइल का टेस्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

चीन से मिल रही चुनौती को देखते हुए अमेरिका ने पहली बार प्रशांत क्षेत्र में अपने हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल को टेस्ट किया है।

इस तरह अमेरिका ने चीन को जवाब दिया है कि वह अभी भी हाईपरसोनिक मिसाइल के मामले में बड़ी ताकत है। रिपोर्ट के अनुसार 17 मार्च को अमेरिकी एयरफोर्स के एक बी-52 बांबर ने गुआम के एंडरसन एयर फोर्स बेस से उड़ान भरी थी। इसने एक पूर्ण प्रोटोटाइप ऑपरेशनल हाइपरसोनिक मिसाइल लांच की। इस मिसाइल को ऑल-अप-राउंड एजीएम-183ए एयर-लांच रैपिड रिस्पांस वेपन कहा जाता है। यह पहली बार है, जब अमेरिका ने अपने शक्तिशाली हथियार को प्रशांत महासागर के ऊपर टेस्ट किया है। पहले अमेरिका ऐसे टेस्ट अपनी मुख्यभूमि के पास करता था।

### एआरआरडब्ल्यू की रफ्तार पांच मैक से भी तेज

**एआरआरडब्ल्यू** हवा से जमीन पर मार करने वाली क्रूज मिसाइल है। इसे जमीन पर मौजूद हाई वेल्यू टारगेट को नष्ट करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसकी रेंज 2500 किलोमीटर से अधिक है। विमान से लांच किए जाने के चलते अमेरिकी एयरफोर्स इससे दुनिया के किसी भी हिस्से में हमला कर सकती है। एआरआरडब्ल्यू की रफ्तार 5 मैक (5963 किलोमीटर प्रतिघंटा) से भी तेज हो जाती है। टारगेट की ओर बढ़ने के दौरान यह अपनी दिशा और ऊंचाई बदल सकती है। इन खूबियों के चलते इसे वर्तमान में इस्तेमाल हो रहे एयर डिफेंस सिस्टम से रोक पाना बेहद कठिन है।



## पाकिस्तान में ईशनिंदा के आरोप में महिला को उम्रकैद

**लाहौर।** इस्लाम की पवित्र किताब के पन्ने जलाने के मामले में एक पाकिस्तानी महिला को आजीवन कारावास की सजा हुई है। पाकिस्तान के ईशनिंदा कानूनों के तहत, धर्म या धार्मिक शख्सियतों का अपमान करने का दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को मौत तक की सजा दी जा सकती है। हालांकि, अधिकारियों ने अभी तक ईशनिंदा के लिए मौत की सजा नहीं दी है, केवल आरोप से दंगे भड़क सकते हैं। हालांकि आरोपी महिला ने अपने मुकदमे के दौरान आरोप से इनकार किया था।

**उपलब्धि** 10 साल में 15 देशों के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजे भारते के पीएम

# विश्व पटल पर बढ़ा पीएम मोदी का कद

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भूटान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द ड्रक ग्यालपो' से सम्मानित किया गया। भूटान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान पाने वाले पीएम मोदी पहले विदेशी शासनाध्यक्ष बने हैं। अपनी स्थापना के बाद से यह पुरस्कार केवल चार प्रतिष्ठित हस्तियों को प्रदान किया गया है।



इसके साथ ही पीएम मोदी को उनके 10 साल के कार्यकाल में 15 देशों ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया है। पीएम मोदी को मिला यह सम्मान दुनिया भर के देशों के साथ भारत के बढ़ते संबंधों को भी दर्शाता है। अप्रैल 2016 में सऊदी अरब के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'किंग अब्दुल अजीज सैश' से पीएम मोदी को सम्मानित किया गया था। इसी साल 2016 में पीएम मोदी को अफगानिस्तान द्वारा 'स्टेट ऑर्डर ऑफ गाजी अमीर अमानुल्लाह खान' पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वहीं, 2018 में पीएम मोदी 'ग्रैंड कॉलर ऑफ द स्टेट ऑफ फिलिस्तीन' अवॉर्ड से सम्मानित हुए। जबकि, 2019 में पीएम मोदी को बहरीन द्वारा 'किंग हमाद ऑर्डर ऑफ द रेनेसां', इसी साल मालदीव ने 'ऑर्डर ऑफ द डिस्टिंग्विश्ड रूल ऑफ निशान इज्जुद्दीन', रूस ने 'ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू' और यूएई ने 'ऑर्डर ऑफ जायद अवॉर्ड' से सम्मानित किया। सभी पुरस्कार इन देशों के सर्वोच्च नागरिक सम्मान हैं। 2020 में पीएम मोदी को अमेरिका ने यूनाइटेड स्टेट आर्म्ड फोर्सेस अवार्ड 'लीजन ऑफ मेरिट' से सम्मानित किया।

### भूटान के साथ खड़ा है भारत: पीएम मोदी

**दो** दिवसीय यात्रा पर शुक्रवार को भूटान पहुंचे प्रधानमंत्री ने सम्मान के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा, यह सम्मान मेरी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, यह भारत और 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। भूटान की इस महान भूमि पर मैं सभी भारतवासियों की ओर से यह सम्मान नम्रता से स्वीकार करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत-भूटान की साझेदारी केवल जमीन और पानी तक ही सीमित नहीं रही है। भूटान अब अपने अंतरिक्ष अभियानों में भारत का भागीदार है। भूटान के वैज्ञानिकों ने इसरो के साथ मिलकर सैटेलाइट लांच किया है। भूटान ने 2034 तक 'उच्च आय' देश बनने का फैसला किया है। भूटान को उसके लक्ष्यों को पाने में सहयोग का आश्वासन देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत 'बीबी'-ब्रांड भूटान और भूटान बिलीव के लिए आपके साथ खड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर भूटान की राजधानी थिंफू पहुंचे। प्रधानमंत्री का एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री ने भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक से मुलाकात की।

## ग्लोबल मार्केट से मजबूती के संकेत, एशियाई बाजारों में दबाव

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ग्लोबल मार्केट से शुक्रवार को मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान वॉल स्ट्रीट के सूचकांकों में तेजी बनी रही। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आया। इसी तरह यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान मजबूती बनी रही, लेकिन एशियाई बाजारों में शुक्रवार को आमतौर पर बिकवाली का दबाव बना हुआ है।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से साल 2024 में ब्याज दरों में कटौती करने का संकेत देने की वजह से पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में उत्साह का माहौल बना रहा। एसएंडपी 500 इंडेक्स पिछले सत्र में 0.32 प्रतिशत की मजबूती के साथ 5,241.53 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 0.20 प्रतिशत की मजबूती के साथ 16,401.84 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल 0.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ 39,806.66 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान मजबूती बनी रही।

